रजिस्ट्री सं० डी—(डीएन)—73

REGISTERED NO. D—(DN)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 12] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 22, 1986 (चैत्र 1, 1908)
No. 12] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 22, 1986 (CHAITRA 1, 1908)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]

विविध निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय रिजर्व बैंक

(केन्द्रीय कार्यालय)

शहरी बैंक विभाग

बम्बई-400005, दिनांक 3 मार्च 1986

संदर्भ यू० बी० डी सं० बी०आर० 81/ए०18-85-86—बैंककारी विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 56 के खण्ड (यक) के साथ पठित धारा 36-क की उप-धारा (2) के अनुसरण में भारतीय रिजर्व बैंक एतद्द्वारा यह अधिसूचित करता है कि निम्नलिखित वेतनभोगी कर्मचारियों की सहकारी समिति उक्त अधिनियम के अर्थ के अन्तर्गत अब सहकारी बैंक नहीं रह गई है।

समिति का नाम	राज्य
स्टेट बैंक ऑफ मैसूर एम्पलाइज को-आपरेटिव बैंक लि० स्टेट बैंक आफ मैसूर, एवेन्यू रोड, बंगलूर-9।	कर्नाटक

कु० आइ० टी० वाज,
मुख्य अधिकारी

भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान

कलकत्ता-700071, दिनांक 27 दिसम्बर 1986

(चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट)

सं 3-ई०सी० ए/8/6/85-86:—रेगुलेशन 10(1) की धारा (4) जिसे चार्टर्ड एकाउन्टैन्टस के रेगूलेशन 1964 के अधिनियम 10(2)(बी) के साथ पढ़ा जाये, के अनुसार एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित सदस्यों को कार्य करने का प्रमाण पत्र 1 अगस्त, 1984 से रद्द समझे जायेंगे क्योंकि उन्होंने वर्ष 1984-85 के लिये कार्य प्रमाण-पत्र हेतु वार्षिक शुल्क का भुगतान 31 जुलाई, 1984 तक नहीं किया था।

क्र सं०	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता
1	2	3
1.	50797	श्री एन० आर० चक्रवर्ती, ए सी ए, केयर आफ ए० एस० चटर्जी, बी० बी०-150, साल्ट लेक सिटी, कलकत्ता-64।

1	2	3
2.	50581	श्रीमती इला विश्वास, ए० सी० ए०, 6, गंगाधर बाबू लेन, कलकत्ता–12।
3.	50492	श्री टी० के० सिन्हा, ए० सी० ए०, एन० टी० पी० सी०, परमानेन्ट टाउनशिप, पोस्ट केजुरीआघाट, डिस्ट० मालदा।
4.	50860	श्री एस० के० चौधरी, ए० सी० ए०, 3/8, सेन्ट्रल एवेन्यू, दुर्गापुर 713204।
5.	50862	श्री पी० रे०, ए० सी० ए०, 7, सूटरकिन स्ट्रीट (टोप फ्लोर), कलकत्ता–72।
6.	50874	श्री एस० डी० सिन्हा राय, ए०सी०ए० 69/1, एस० के० देब रोड, जनाक-सी फ्लैट 8, कलकत्ता–48।
7.	51615	श्री आर० के० पारख, ए० सी० ए०, कोमर्शियल इक्जीक्यूटिव, इन्टरनल आडिट डिपार्टमेंट, बोकेज टी० इस्टेट, पी० ओ० लाहोवाल, डिस्ट० डिब्रूगढ़ आसाम।
8.	50960	श्री एस० बसू, ए० सी० ए०, हरामोहन घोष स्ट्रीट, पी० ओ० एण्ड विलेज हरीनवी, डिस्ट० 24 परगनास
9.	51058	श्री बी० पी० सरकार, ए० सी० ए०, 6/1बी, मदन मित्रा लेन, कलकत्ता–6।
10.	51381	श्री पी० के० चक्रवर्ती, ए० सी० ए०, पी० ओ० पुर्चा, डिस्ट पुरुलिया।
11.	51396	श्री ए० के० लाहिरी, ए० सी० ए०, 14/1, के० पी० राय रोड, कलकत्ता–31।
12.	51479	श्री डी० के० मजुमदार, ए० सी० ए०, 78, जोय नारायन साहा लेन, हावड़ा–711101।
13	51751	श्री ए० के० भार, ए० सी० ए०, पी० ओ० एण्ड विलेज द्वारहाट्टा, डिस्ट हुगली।

दिनांक 16 जनवरी 1986

सं० 3-ई० सी० ए० (8)/7/85-86—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 10 (1) खण्ड (तीन) के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों को जारी किये प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र उनके आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिये गये हैं क्योंकि वे अपने प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र को रखने के इच्छुक नहीं है।

क्र० संख्या	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
1.	52040	श्री प्रदीप कुमार, बनर्जी, ए० सी० ए०, । पी०–162, सी० आई० टी० स्कीम, नं० 6 एम, कलकत्ता–700054।	1–8–85
2.	52778	श्री असोक कुमार चक्रवर्ती, ए० सी० ए०, 31, के० सी० लेन रोड, पी० ओ० रिशरा, डिस्ट० हुगली।	30–12–85

आर० एस० चोपड़ा,
सचिव

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक 1986

सं० एल–15/13/7/2/85-यो० एवं वि० (2):—कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण), विनियम, 1950 के

विनियम 95-क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (1948 का 34) की धारा 46(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 16-2-86 ऐसी तारीख निश्चित की है जिससे उक्त विनियम 95-क तथा कर्नाटक कर्मचारी राज्य बीमा (चिकित्सा हितलाभ) नियम, 1958 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ कर्नाटक राज्य के निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमाकृत व्यक्तियों के परिवारों पर लागू होंगे, यानी:—

केन्द्र — तुमकुर रोड़ के बाहरी क्षेत्र

क्र० सं०	राजस्व गांव के नाम	हुबली	तालुक	जिला
1.	दासनापुरा	दासनापुरा	नेलामंगला	बंगलौर
2.	चिक्काबीदारा कल्लु	वही	वही	वही
4.	मकाली ग्राम	वही	वही	वही
4.	बगाल गुन्टा	येशवन्तपुर	बंगलौर (उत्तर)	वही
5.	मदवारा	दासनापुरा	नेलामंगला	वही
6.	दोदाबी दारा कल्लू	वही	वही	वही

दिनांक 7 मार्च 1986

सं० एन-15/13/1/4/82-यो० एवं वि० (2):—कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम, 1950 के विनियम 95:क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (1948 का 34) की धारा 46(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 16-2-86 ऐसी तारीख निश्चित की है जिससे उक्त अधिनियम 95-क तथा आन्ध्र प्रदेश कर्मचारी राज्य बीमा (चिकित्सा हितलाभ) नियम 1955 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ आन्ध्र प्रदेश राज्य के निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमाकृत व्यक्तियों के परिवारों पर लागू होंगे, यानी:—

"आदिलाबाद जिले के निर्मल राजस्व मण्डल के अन्तर्गत वेंकटापुर राजस्व गाव के अन्दर आने वाला क्षेत्र।"

सं० एन-15/13/7/1/85-यो० एवं वि० (2):—कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम, 1950 के विनियम 95-क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (1948 का 34) की धारा 46(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 16-2-1986 ऐसी तारीख निश्चित की है जिससे उक्त विनियम 95-क तथा कर्नाटक कर्मचारी राज्य बीमा (चिकित्सा हितलाभ) नियम, 1958 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ कर्नाटक राज्य के निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमाकृत व्यक्तियों के परिवारों पर लागू होंगे, यानी:—

केन्द्र — बयाटारायानापुरा

"जिला बंगलौर के तालुक बंगलौर उत्तर में हुबली येलाहान्डा में बयाटारायानापुरा राजस्व ग्राम"।

एम० सुब्बा राव,
निदेशक (योजना एवं विकास)

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम

नई दिल्ली, दिनांक 28 फरवरी 1986

सं० रा० स० वि० नि० 3-6/81-प्रशा० —राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम सेवा विनियम, 1967 के विनियम 7(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निगम के प्रबन्ध मण्डल ने 27 जनवरी, 1986 को हुई अपनी 36वीं बैठक में, 11 मार्च, 1982 को हुई अपनी बैठक में सृजित तथा दिनांक 15 मई, 1982 के भारत के राजपत्र में अधिसूचित सहायक (सांख्यिकी) के संवर्ग को सहायक के पद के लिये अपरिवर्तित योग्यताओं आदि सहित सहायकों के संवर्ग में मिलाने का अनुमोदन किया है।

2. सहायक (सांख्यिकी) के पदों के पदधारियों को, निगम में सहायक (सांख्यिकी) के पद पर उनकी सेवा अवधि के आधार पर, सहायकों के संवर्ग में परस्पर की वरिष्ठता प्रदान की जाएगी।

3. सहायक (सांख्यिकी) के संवर्ग को सहायक के संवर्ग के साथ मिलाये जाने के फलस्वरूप सहायक (सांख्यिकी) के पद के लिए प्रबन्ध मण्डल द्वारा अनुमोदित भर्ती नियमों को अनावश्यक समझा जाएगा।

4. उपरोक्त प्रावधान सहायक के पद के लिए भर्ती नियमों के नीचे नोट के रूप में जोड़ा जाएगा।

रवि वीर गुप्ता,
प्रबन्ध निदेशक

अनुबन्ध–II

नई दिल्ली, दिनांक 3 मार्च 1986

सं० एन० बी० एस० ई० सी० बाई 243/सी०–7/85–86:—

भारत का राजपत्र सं० 51, नई दिल्ली, शनिवार दिसम्बर 21, 1985 में प्रकाशित राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के वर्ष 1984–85 के वार्षिक लेखे में पाई गई अशुद्धियां और उनके शुद्ध रूप

क्रम सं०	पृष्ठ संख्या	पैरा, मद, पंक्ति	अशुद्ध छपाई	शुद्ध रूप	
1.	2274	मद 1 (पूंजी)	—	100,00,00,000	
2.	,,	मद 2 (ii)	17,24,22,878	17,24,22,876	
3.	2275	मद 3 (i)	774,79,33,605	764,79,33,605	
4.	2276	मद 7, स्तम्भ 2 और 3	3,86,30,000 एवं 24,28,40,904	— —	
5.	2277	मद 6, स्तंभ 2	78,11,111	—	
6.	,,	मद 7, स्तंभ 2	31,07,083	31,07,483	
7.	2278	मद 9, स्तम्भ 4	46,65,32,928	46,64,32,928	
8.	,,	मद 9 (v)	38,03,000	78,03,000	
9.	2279	मद 9 (vii)	44,56,248	4,56,248	
10.	,,	मद 9 (vii)	33,71,948	3,71,948	
11.	,,	मद 9 (xii)	77,757,35,129	7,57,35,129	
12.	2280	स्तम्भ 4	5,25,07,01,304	52,57,01,804	
13.	,,	,,	1,43,30,04,695	143,30,04,699	
14.	,,	स्तम्भ 3	18,83,45,879	184,83,45,879	
15.	2281	स्तम्भ 3	90,58,59,522	90,68,59,522	
16.	2282	टिप्पणी 1	6.5	6.5%	
17.	,,	टिप्पणी 6 (i) के सामने		117,58,66,242 —	249,58,65,242 —
18.	,,	टिप्पणी 6 (ii) के सामने		281,28,55,674 —	281,28,56,674 —
				398,87,20,916	530,87,20,916

आर० सुन्दरराजन,
महा प्रबंधक

वार्षिक रिपोर्ट

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

परिचालन वातावरण और दृष्टिकोण

1.01 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम का निदेशक बोर्ड 30 जून, 1985 को समाप्त हुए वर्ष के लेखा-परीक्षित लेखा विवरण सहित भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के परिचालनों पर 37वीं वार्षिक रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत करता है, किन्तु वर्ष 1984–85 में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के परिचालनों और कार्य परिणामों की पृष्ठभूमि के रूप में (क) देश के आर्थिक दृश्य, (ख) महत्वपूर्ण नीति परिवर्तनों, (ग) भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के सम्बन्ध में परिचालन गतिविधियों, (घ) उद्योगों का कार्य निष्पादन सामान्य रूप में और (ङ) भविष्य के प्रति दृष्टिकोण और योजनाओं का संक्षिप्त अवलोकन करना लाभदायक होगा ।

(क) आर्थिक दृश्य

1.02 भारतीय अर्थव्यवस्था में वर्ष 1983–84 में आर्थिक गतिविधि के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सुधार हुआ और 1984–85 में इसने आर्थिक विकास की गति को बनाए रखा। सन्तोषजनक खाद्य स्थिति, मुद्रा स्फीति की निम्न दर, अनुकूल निवेश वातावरण, औद्योगिक उत्पादन की सुदृढ़ दर, उन्नत निर्यात तथा अपेक्षाकृत सन्तोषजनक भुगतान सन्तुलन स्थिति से, भारत की छठी पंचवर्षीय योजना का अन्तिम वर्ष 1984–85 आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साथ समाप्त हुआ ।

1.03 सामान्य मानसून के बावजूद, 1984–85 में खाद्यान्न का कुल उत्पादन 1510 लाख टन हुआ जबकि 1983–84 में यह 1515 लाख टन था ।

1.04 लगातार दूसरे वर्ष वाणिज्यिक फसलों में, 1984–85 में नौ प्रमुख तिलहनों के 142 लाख टन के उत्पादन से, 1983–84 की तुलना में 11% की प्रभावशाली वृद्धि हुई। वर्ष 1984–85 में दो महत्वपूर्ण तन्तु रेशा फसलों, अर्थात् कपास और पटसन के उत्पादन में भी क्रमशः 18.7% और 5.5% की वृद्धि हुई जो क्रमशः 13.3 लाख टन और 11.5 लाख टन रहा जब कि 1983–84 में कपास का उत्पादन 11.2 लाख टन और पटसन का उत्पादन 10.9 लाख टन था। बागान फसलों, अर्थात् चाय, काफी और रबर के उत्पादन में भी वृद्धि हुई। 1983–84 से 1984–85 में चाय के उत्पादन में लगभग 10%, काफी के उत्पादन में 50% और रबर के उत्पादन में 11.8% की वृद्धि हुई। लेकिन, 1984–85 में 1750 लाख टन गन्ने का उत्पादन हुआ जिससे 1984–85 में 1.1% की गिरावट आई ।

1.05 कुल मिलाकर, छठी योजना के दौरान कृषि के क्षेत्र में विशेष रूप से तीव्र प्रगति हुई। 5 वर्ष की अवधि के दौरान कृषि उत्पादन में हुई समग्र वृद्धि 3.6% की मिश्रित विकास दर की द्योतक है जो आधार वर्ष 1979–80 के प्रवृत्ति-मूल्य पर आधारित है ।

1.06 1984–85 में औद्योगिक उत्पादन की समग्र विकास दर 1983–84 के 5.5% की तुलना में 5.7% रही। समग्र रूप से, छठी योजना की अवधि के दौरान औद्योगिक उत्पादन में 5.6% की औसत विकास दर की उपलब्धि हुई ।

1.07 1984–85 में अवस्थापना सुविधाओं के क्षेत्र में 9.8% विकास दर से भी बेहतर रही। 1984–85 में कुल शक्ति जनन 1983–84 के 139.89 बिलियन यूनिट से 12% बढ़कर 156.65 बिलियन यूनिट हो गया। वर्ष के दौरान, थर्मल पावर जनन 1983-84 के 86.53 बिलियन यूनिट की तुलना में 98.77 बिलियन यूनिट हो गया जो 14.1% की प्रभावशाली वृद्धि है। हाइडल पावर में 7.9% की वृद्धि हुई जिससे यह 1983–84 के 49.86 बिलियन यूनिट से बढ़कर 1984–85 में 53.81 बिलियन यूनिट हो गया। 1984–85 में परमाणु शक्ति जनन में भी 16.6% की महत्वपूर्ण वृद्धि हुई और यह 1983–84 के 3.49 बिलियन यूनिट से बढ़कर 4.07 बिलियन यूनिट हो गया तथा 3.50 बिलियन यूनिट के लक्ष्य से भी 16.3% अधिक जनन हुआ ।

1.08 वर्ष 1984–85 में कोयले का उत्पादन 1474.5 लाख टन रहा जो कि वर्ष 1983–84 में 1382.4 लाख टन था जिससे 6.7% की वृद्धि परिलक्षित होती है। लेकिन, वर्ष के दौरान कोयले की ढुलाई में पिछले वर्ष के 6% की तुलना में केवल 2.2% की मामूली वृद्धि हुई ।

1.09 वर्ष 1984–85 में कच्चे पेट्रोलियम का उत्पादन 289.9 लाख टन रहा जो कि 1983–84 में 260.2 लाख टन था जिससे 11.4% की वृद्धि परिलक्षित होती है। लेकिन, यह पिछले वर्ष उपलब्ध की गई 23.2% की उल्लेखनीय वृद्धि से कम रही। इसी प्रकार, पेट्रोलियम शोधन उत्पादों के उत्पादन में भी 1984–85 में केवल 0.8% की मामूली वृद्धि हुई जबकि वर्ष 1983–84 में 6.3% की वृद्धि हुई थी। फिर भी, छठी पंचवर्षीय योजना के दौरान कच्चे पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों का समग्र उत्पादन इसके लक्ष्य से लगभग 10% अधिक रहा ।

1.10 वर्ष 1984–85 में नाइट्रोजीनियस और फास्फेटिक उर्वरकों का उत्पादन क्रमशः 39.2 लाख टन और 12.6 लाख टन रहा जबकि 1983–84 में यह क्रमशः 34.9 लाख टन और 10.4 लाख टन था जिससे समीक्षाधीन वर्ष के दौरान क्रमशः 12.3% और 21.1% की वृद्धि परिलक्षित होती है। इसके अतिरिक्त, 1984–85 में नाइट्रोजीनियस और फास्फेटिक उर्वरकों का 51.8 लाख टन का उत्पादन, 1984–85 के लिए निर्धारित 48 लाख टन के लक्ष्य से अधिक था ।

1.11 प्रमुख इस्पात संयंत्रों के बिक्री-योग्य इस्पात का उत्पादन, (जो कुल इस्पात उत्पादन का लगभग 85% है) 1983–84 के 64 लाख टन की तुलना में 1984–85 में 70 लाख टन हुआ जिससे 9.4% की वृद्धि परिलक्षित होती है। सीमेंट का उत्पादन, वर्ष 1983–84 के 271 लाख टन से बढ़कर वर्ष 1984–85 में 301 लाख टन हो गया जिससे 11.1% की वृद्धि परिलक्षित होती है ।

1.12 1984–85 के दौरान, रेलवे ने राजस्व अर्जित करने वाले 2355.8 लाख टन माल की ढुलाई की जबकि वर्ष 1983-84 में 2294.7 लाख टन माल की ढुलाई की गयी। वर्ष के दौरान 2.7% की वृद्धि हुई जो 1983–84 में उपलब्ध 0.3% की वृद्धि की तुलना में काफी अधिक है। रेलवे के राजस्व अर्जित करने वाले माल की ढुलाई में वृद्धि में योगदान करने वाली मदें थीं—उर्वरक, निर्यात के लिए कच्चा लोहा, इस्पात संयंत्रों के लिए कच्चा माल, सीमेंट, ढलवां लोहा और इस्पात संयंत्रों से तैयार इस्पात और कोयला। लेकिन, समीक्षाधीन वर्ष में खाद्यान्नों और अन्य माल माल की ढुलाई में गिरावट आई ।

1.13 1984–85 में प्रमुख बन्दरगाहों पर 1060 लाख टन माल लदान और उतारने का रिकार्ड स्तर प्राप्त हुआ जबकि 1983–84 में 1004 लाख टन माल चढ़ाया और उतारा गया जिससे पिछले वर्ष उपलब्ध 2.4% की वृद्धि की तुलना में 5.5% की वृद्धि परिलक्षित होती है। बन्दरगाहों में 1984–85 में 3 लाख टन कन्टेनरों के लदान और उतारने से भी अन्य रिकार्ड स्थापित किया गया जबकि 1983–84 में 2 लाख कन्टेनर चढ़ाए और उतारे गए। अतिरिक्त सुविधाओं/योजनाओं के आधुनिकीकरण से, प्रमुख बन्दरगाहों की माल लदान और उतारने की क्षमता, छठी योजना के प्रारम्भ में 1013 लाख टन से बढ़कर मार्च, 1985 के अन्त तक 1367 लाख टन हो गयी थी जो छठी योजना के लिए निर्धारित 1310 लाख टन के लक्ष्य से अधिक है ।

1.14 1984–85 में सकल राष्ट्रीय उत्पाद में लगभग 4% प्रगति होने का अनुमान है जबकि 1983–84 में यह 7.4% थी। 1983–84 में उच्च विकास दर का कारण कृषि उत्पादन में 13.6% की वृद्धि थी जबकि 1984–85 में कृषि उत्पादन के स्तर में लगभग एक प्रतिशत की ही मामूली वृद्धि हुई। फिर भी, समग्र रूप से देखते हुए, छठी पंचवर्षीय योजना अवधि (1980–85) के दौरान औसत विकास दर 5.2% रही जो योजना के लक्ष्य के बराबर है ।

1.15 1984–85 के दौरान 'सकल घरेलू बचत' और 'सकल पूंजी निर्माण' की दरों का स्तर 1983–84 में रिकार्ड की गयी दरों के बराबर

अर्थात् 'सकल घरेलू उत्पाद' के क्रमशः 22.6% और 23.9% रहने की सम्भावना है।

1.16 वर्ष 1984–85 की समग्र अवधि के दौरान निवेश वातावरण अनुकूल बना रहा। जारी किए गए आशय पत्रों की संख्या 1983–84 में 1093 थी जो 1984–85 में बढ़कर 1263 हो गयी। लेकिन, 1983–84 में जारी किए गए 1042 औद्योगिक लाइसेंसों की संख्या कुछ कम होकर 1984–85 में 944 रह गयी।

1.17 1984–85 (अप्रैल-मार्च) के दौरान 743.37 करोड़ रुपए के पूंजी माल के लिए अनुमोदन प्रदान किया गया जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि के लिए 628.23 करोड़ रुपए का अनुमोदन किया गया था जिससे 18.3% की वृद्धि परिलक्षित होती है। उद्योग-वार समीक्षा करने पर जिन उद्योगों में अधिक वृद्धि परिलक्षित हुई वे हैं—लोहा व इस्पात, रसायन, सीमेंट, सिरेमिक और रिफैक्ट्रीज, रबर और रबर उत्पाद तथा आटोमोबाइल उद्योग। वर्ष 1984 के दौरान मंजूरी प्रदान किए गए विदेशी सहयोग अनुमोदनों की संख्या 752 रही जो कि 1983 में 673 और 1982 में 590 थी। जनवरी से मार्च, 1985 की अवधि के दौरान 225 और विदेशी सहयोग अनुमोदनों के सम्बन्ध में मंजूरी प्रदान की जा चुकी है।

1.18 वर्ष 1984–85 (जुलाई–जून) में कुल 2098.8 करोड़ रुपए की राशि के पूंजी निर्गमों के लिए मंजूरियां प्रदान की गई जो 1983–84 (जुलाई–जून) में 1184.5 करोड़ रुपए थी। वर्ष 1984–85 (जुलाई–जून) के दौरान शेयरों और डिबेंचरों के रूप में कुल 1452.2 करोड़ रुपए की पूंजी जुटाई गयी जो कि वर्ष 1983–84 की इसी अवधि के दौरान उगाहे गए 1076.8 करोड़ रुपए से उल्लेखनीय रूप से 34.9% अधिक है। गैर-सम्परिवर्तनीय डिबेंचर निर्गम (827.3 करोड़ रुपए), संपरिवर्तनीय डिबेंचर निर्गम (159.5 करोड़ रुपए) और शेयर निर्गम (465.4 करोड़ रुपए) से कहीं अधिक रहे। यद्यपि, 1984–85 में अधिमान शेयरों का कोई निर्गम नहीं हुआ लेकिन 1983–84 और 1984–85 दोनों ही वर्षों में विभिन्न प्रकार के पूंजी निर्गमों में गैर-संपरिवर्तनीय डिबेंचर निर्गम प्रमुख रहे। 1984–85 के दौरान किए गए अधिकांश डिबेंचर निर्गम, सितम्बर, 1984 में जारी किए गए निदेशक सिद्धांतों के अनुरूप थे जिनके द्वारा कम्पनियों को कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के वित्तपोषण के अतिरिक्त नई तथा विस्तार/विशाखन परियोजनाएं स्थापित करने के लिए भी "आधिकारिक" गैर-संपरिवर्तनीय डिबेंचरों का "आधिकारिक" आधार पर निर्गम करने की अनुमति प्रदान की जाती है। 786.0 करोड़ रुपए के "आधिकारिक" पूंजी निर्गम, कुल पूंजी निर्गमों के आधे भाग से अधिक थे और इनमें 595 करोड़ रुपए के "आधिकारिक" गैर-संपरिवर्तनीय डिबेंचर निर्गम सम्मिलित हैं।

1.19 1983–84 में परिलक्षित मूल्य दबाव में 1984–85 में कमी के कुछ संकेत परिलक्षित हुए। अंकों के आधार पर थोक मूल्य सूचकांक (आधार 1970–71=100) में वृद्धि 31 मार्च, 1984 के 8.2% की तुलना में 30 मार्च, 1985 को 7.4% रही।

1.20 थोक मूल्य सूचकांक के आधार पर, जून, 1985 को समाप्त 12 मास की अवधि के लिए मुद्रा स्फीति की वार्षिक दर पिछले वर्ष की इसी अवधि के 8.7% की तुलना में कम होकर 5.6% रह गयी।

1.21 वित्तीय वर्ष 1984–85 के दौरान, सार्वजनिक रूप से मुद्रा पूर्ति (मुद्रा 1) 33,066 करोड़ रुपए से बढ़कर 38,179 करोड़ रुपए हो गयी और विकास दर पिछले वर्ष के 15.9% की तुलना में 15.5% हो गयी। सार्वजनिक मुद्रा, बैंकों में मांग जमा और भारतीय रिजर्व बैंक में अन्य जमा राशियां 1984–85 में बढ़कर क्रमशः 22,685 करोड़ रुपए, 14,841 करोड़ रुपए और 653 करोड़ रुपए हो गईं जबकि 1983–84 में ये क्रमशः 19,553 करोड़ रुपए, 13,195 करोड़ रुपए तथा 318 करोड़ रुपए थीं। 1984–85 के दौरान कुल आर्थिक स्रोत (मुद्रा 3) 85,899 करोड़ रुपए से बढ़कर 1,00,550 करोड़ रुपए हो गए जिसमें 17.1% की विकासदर परिलक्षित हुई जो 1983–84 के दौरान रिकार्ड की गयी 17.9% की विकास दर से कुछ कम रही। कुल आर्थिक स्रोतों में वृद्धि के महत्वपूर्ण पहलू हैं: (क) सरकार को बैंक से प्राप्त निवल उधारों का 40,505 करोड़ रुपए से बढ़कर 47,014 करोड़ रुपए हो जाना, (ख) वाणिज्यिक क्षेत्र को बैंक उधार का 59,992 करोड़ रुपए से बढ़कर 69,312 करोड़ रुपए हो जाना, और (ग) बैंकिंग क्षेत्र की निवल विदेशी मुद्रा परिसम्पत्तियों का 1,580 करोड़ रुपए से बढ़कर 2,999 करोड़ रुपए हो जाना। सार्वजनिक रूप से सरकार के मुद्रा दायित्वों के 719 करोड़ रुपए से बढ़कर 777 करोड़ रुपए हो जाने से इस विकास में और वृद्धि हुई। यद्यपि सरकार को निवल बैंक उधार और वाणिज्यिक क्षेत्र को बैंक उधार का क्रमशः 16.1% और 15.5% विकास दरें पिछले वर्ष उपलब्ध की गयी क्रमशः 16.6% और 17.3% विकास दरों से कम थीं, लेकिन बैंकिंग क्षेत्र की निवल विदेशी मुद्रा परिसम्पत्तियों में 1984–85 के दौरान 89.8% की वृद्धि परिलक्षित हुई, जो पिछले वर्ष के दौरान 6.2% की गिरावट से एकदम विपरीत थी। बैंकिंग क्षेत्र के सावधि जमा से भिन्न निवल गैर मुद्रा देयताओं में 1983–84 के दौरान हुई वृद्धि (9.7%) की तुलना में 16,897 करोड़ रुपए से 19,552 करोड़ रुपए की अधिक वृद्धि (15.7%) के होने के कारण प्रसारात्मक प्रभाव पर कुछ हद तक कम प्रभाव रहा।

1.22 1984–85 में बैंक उधार, 41,294 करोड़ रुपए से बढ़कर 48,168 करोड़ रुपए हो गए जो 1983–84 में रिकार्ड की गयी वृद्धि (16.3%) से 16.6% हो गयी है। इस वृद्धि में खाद्यान्न साख और गैर-खाद्यान्न साख दोनों का योगदान है जो क्रमशः 4,022 करोड़ रुपए से बढ़कर 5,827 करोड़ रुपए तथा 37,272 करोड़ रुपए से बढ़कर 42,341 करोड़ रुपए हो गए। बैंकों की कुल जमा राशि ने 10,590 करोड़ रुपए की वृद्धि से यह 1984–85 में 60,596 करोड़ रुपए से बढ़कर 71,186 करोड़ रुपए हो गयी जो पिछले वर्ष के दौरान उपलब्ध 9,238 करोड़ रुपए की वृद्धि से अधिक है। जिसमें 1983–84 में उपलब्ध 18% की विकास दर से कम अर्थात 17.5% विकास दर परिलक्षित होती है।

1.23 निरन्तर कठिन अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार वातावरण के बावजूद भी पिछले वर्ष भारत के विदेशी व्यापार में देखी गयी सुधार की प्रवृत्ति बनी रही। 1984–85 में निर्यात 9,872 करोड़ रुपए से 15.4% बढ़कर 11,396 करोड़ रुपए हो गया। आयात 15,763 करोड़ रुपए से 5.3% बढ़कर 16,592 करोड़ रुपए हो गया। इस प्रकार वर्ष 1984–85 के दौरान, 5,196 करोड़ रुपए का व्यापार घाटा, 1983–84 के 5,891 करोड़ रुपए के घाटे से काफी कम हो गया।

1.24 भुगतान संतुलन की स्थिति, विभिन्न लेखों में निवल आवतियों के कारण मजबूत बनी रही हालांकि अनेक अनिश्चित परिस्थितियों ने इन आवतियों को प्रभावित किया। भारतीय बैंकों में प्रवासी भारतीयों से जमा के रूप में प्राप्त आवतियां, जो बढ़कर 961 करोड़ रुपए हो गई थी, विदेशों में उच्च ब्याज दर के कारण 1984–85 में कम हो गई। वाणिज्यिक उधारों की राशि में भी वृद्धि हुई जिसने आयात वित्तपोषण में बाह्य सहायता के सामान्य बहाव को पूरा करने में योगदान दिया। कुल मिलाकर, 1984-85 में भुगतान सन्तुलन स्थिति संतोषजनक रही और अनुमानित घाटा, 1983–84 की तरह 2000 करोड़ रुपए के लगभग बराबर स्तर पर रहा।

1.25 भारत के विदेशी मुद्रा रिजर्व (स्वर्ण तथा विशेष आहरण अधिकार के सिवाय), जो 1983–84 की समाप्ति पर 5497.9 करोड़ रुपए थे, बढ़कर 6816.8 करोड़ रुपए हो गए जो पिछले वर्ष से 23.9% अधिक है।

1.26 बढ़े हुए वाणिज्यिक उधारों, विदेशी सहायता, ऋण संरचना में परिवर्तन, आदि के परिणामस्वरूप ऋण सेवा दायित्वों में वृद्धि होने से, हालांकि ऋण-सेवा अनुपात में वृद्धि परिलक्षित हुई, परन्तु अर्थव्यवस्था में अन्तर्निहित शक्ति से यह नियंत्रण सीमा में रही जैसा कि इसकी वर्ष 1984–85 में प्रगति और छठी योजना अवधि (1980–85) की समग्र प्रगति से परिलक्षित है।

(ख) नीति परिवर्तन

लाइसेंसिंग नीतियां

1.27 औद्योगिक क्षेत्र में विकास और दक्षता को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से केन्द्रीय सरकार द्वारा वर्ष 1984–85 के दौरान नीति स्तर पर विभिन्न परिवर्तन घोषित किए गए। आत्म-विश्वास और सामाजिक न्याय के लक्ष्यों पर उचित ध्यान देते हुए, तीव्र आर्थिक विकास की उपलब्धि के कार्य को आगे बढ़ाने की दृष्टि से, वर्तमान नीतियों को उदार बनाकर, कार्यपद्धतियों को तर्कसंगत बनाकर तथा नियंत्रणों में ढील, जहां आवश्यक समझा गया, देकर अनेक गतिशील प्रारम्भिक उपाय किए गए। कुछ महत्वपूर्ण नीति घोषणाएं निम्नलिखित से सम्बन्धित हैं :—

— लघु स्तर की इकाई की परिभाषा के प्रयोजन के लिए संयंत्र और उपकरण में अधिकतम निवेश से सम्बन्धित सीमा में 20 लाख रुपए से 35 लाख रुपए तथा लघु स्तर की सहायक इकाई की परिभाषा के प्रयोजन के लिए 25 लाख रुपए से 45 लाख रुपए की वृद्धि।

— बीस उद्योगों, जिनमें 'अन्य के साथ-साथ' दो पहिए वाले मोटर-वाहन, चार पहिए वाले वाहन, रसायन, फार्मास्युटिकल, पेट्रो-रसायन और उर्वरक मशीनरी उद्योग, कागज और कागज उद्योग, 11 विस्तृत लाइसेंसिंग श्रेणियों में वर्गीकृत इंजीनियरिंग मदें, सभी प्रकार के टाइपराइटर-मैनुअल, इलैक्ट्रिक और इलैक्ट्रानिक्स, आदि भी हैं, का विस्तृत वर्गीकरण या विस्तृत समूह बनाना।

— उद्योग (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1951 के अधीन 25 और उद्योगों तथा 82 अनिवार्य और अत्यधिक मात्रा में उपभोग की जाने वाली थोक औषधियों एवं उनके मिश्रण को लाइसेंस से छूट प्रदान करना।

— किसी कम्पनी के एम० आर० टी० पी० कम्पनी होने का निर्धारण करने के लिए परिसम्पत्तियों की सीमा को 20 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 100 करोड़ रुपए करना जिसके अनुसार अनेक औद्योगिक संस्थाएं एकाधिकार तथा निर्बन्धनकारी व्यापार प्रथा (एम० आर० टी० पी०) अधिनियम, 1969 के उपबन्धों से मुक्त कर दी गईं।

— बड़े औद्योगिक गृहों तथा विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम, 1973 की सीमा के भीतर आने वाली कम्पनियों को, 27 निरूपित उद्योगों के सम्बन्ध में नई परियोजनाओं के कार्यान्वयन अथवा वर्तमान क्षमताओं के विस्तार के प्रयोजन के लिए कम्पनी विधि बोर्ड से पूर्व-अनुमोदन प्राप्त करने से छूट।

उद्योगों से सम्बन्धित नीतियां

1.28 कुछ उद्योगों के सम्बन्ध में, उनकी प्रगति और विकास को ठोस आधार पर प्रोत्साहित करने की दृष्टि से केन्द्रीय सरकार ने नई नीतियों की घोषणा की। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित उल्लेखनीय हैं :—

— चीनी उद्योग से सम्बन्धित नीति (24 सितम्बर, 1984 को घोषित)

— वस्त्र उद्योग से सम्बन्धित नीति (6 जून, 1985 को घोषित)

— सीमेंट उद्योग से सम्बन्धित नीति (4 जून, 1985 को घोषित)

— कम्प्यूटरों से सम्बन्धित नीति (19 नवम्बर, 1984 को घोषित)

— इलैक्ट्रानिक्स उद्योग से सम्बन्धित नीति (21 मार्च, 1985 को घोषित)

राजस्व और अन्य नीतियां

1.29 वर्ष के दौरान अन्य महत्वपूर्ण घोषणाएं निम्नलिखित के सम्बन्ध में थीं:—

— 1985–86 के लिए निर्यात-आयात नीति जो बढ़े हुए उत्पादन को आगे बढ़ाने तथा निर्यात आधार को मजबूत करने की दृष्टि से, तीन वर्ष (1985–88) की अवधि के लिए स्थिरता और निरन्तरता के लिए वचनबद्ध है।

— बचत और निवेश को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से 1985–86 के लिए राजस्व नीति ताकि आर्थिक विकास दर को बढ़ाया जा सके। सितम्बर, 1985 में एक दीर्घावधि राजस्व नीति घोषित किए जाने की सम्भावना है जिसमें जिससे एक "सुनिश्चित निवेश वातावरण" बनाया जा सके तथा नियम निर्धारित राजस्व और वित्तीय नीति की विस्तृत भूमिका सुनिश्चित की जा सके तथा विवेकाधिकार निर्णयों की निर्भरता मामले के अनुसार ही रह सके।

— अक्तूबर, 1984 और अप्रैल, 1985 में साख-नीति घोषणाएं जिनका उद्देश्य जटिल और बहुविध निर्धारणों को कम करना और साख नियंत्रण परिचालनों को सरल बनाना है।

पर्यावरण संरक्षण से सम्बन्धित नीति

1.30 वर्ष के दौरान, सरकार ने 20 उद्योगों अर्थात मुख्य धातुकर्म उत्पादक उद्योग जैसे जस्ता, सीसा, तांबा, एल्यूमीनियम और इस्पात, कागज, लुगदी और अखबारी कागज; कीटनाशक, तेलशोधक कारखाने, उर्वरक; पेण्ट; रंग; चर्म शोधन; रेयन; सोडियम/पोटेशियम सायनाइड; मूल औषधियां, फाउण्ड्री; स्टोरेज बैटरियां; एसिड/एलकलीज; प्लास्टिक; रबर; सीमेंट, एसबेस्टोस; फरमेण्टेशन और इलैक्ट्रोप्लेटिंग उद्योग, को अत्यधिक प्रदूषक उद्योगों के रूप में घोषित किया, तथा ऐसे उद्योग स्थापित करने के लिए लाइसेंसिंग प्राधिकरण के पास पंजीकरण से इच्छुक उद्यमियों के लिए राज्य उद्योग निदेशक से पर्यावरणीय दृष्टिकोण से इस आशय का अनुमोदन प्राप्त करना अनिवार्य बना दिया गया कि सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा परियोजना को पर्यावरणीय दृष्टिकोण से अनुमोदित करें। पर्यावरण संरक्षण नीति के अनुसार उद्यमी को राज्य सरकार तथा केन्द्रीय सरकार, दोनों को, वचन देना होता है कि वह उपयुक्त उपकरण स्थापित करेगा तथा प्रदूषण की रोकथाम और नियन्त्रण के लिए उपाय करेगा। इसके अतिरिक्त, उद्यमी को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से इस आशय का भी एक प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होगा कि स्थापित किया गया अथवा स्थापित किए जाने वाला उपकरण वायु, जल और मिट्टी के प्रदूषण को रोकने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त है।

कम विकसित क्षेत्रों के विकास के लिए नीति

1.31 विनिर्दिष्ट कम विकसित क्षेत्रों में परियोजनाएं लगाने के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहन देने के सम्बन्ध में 1983 में लागू की गयी सरकारी नीति को, वर्ष के दौरान, 31 मार्च, 1986 को समाप्त एक वर्ष की और अवधि के लिए बढ़ा दिया गया।

1.32 इसके अतिरिक्त, श्रेणी 'क' (अर्थात उद्योग रहित/विशेष क्षेत्र) जिलों के अन्तर्गत आने वाले पर्वतीय जिलों में और अधिक इलैक्ट्रानिक उद्योगों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्णय किया गया कि श्रेणी 'क' के विशेष क्षेत्र जिलों में स्थापित किए जाने के लिए प्रस्तावित इलैक्ट्रानिक्स उद्योगों के मामले में केन्द्रीय निवेश सहायता की अधिकतम सीमा 25.00 लाख रुपए से बढ़ाकर 50.00 लाख रुपए अथवा अचल पूंजी निवेश के 25% जो भी कम हो, कर दी जाएगी।

1.33 वर्ष के दौरान, सरकार ने यह भी स्पष्टीकरण दिया कि वास्तव में अदा किए गए और पूंजी में परिणत किए गए जानकारी, डिजाइन और इंजीनियरिंग शुल्क, आदि को, लेकिन भवन, संयंत्र और मशीनरी की पूंजी लागत से 5% अधिक न हो, केन्द्रीय निवेश उप सहायता के प्रयोजन के लिए कुल 'अचल पूंजी निवेश' के गणन के लिए हिसाब में लिया जा सकता है।

1.34 प्रत्येक उद्योग रहित जिले में निरूपित विकास केन्द्रों में अवस्थापना विकास कार्य करने वाली राज्य सरकारों को केन्द्रीय सरकार द्वारा सहायता दिए जाने के सम्बन्ध में पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उल्लेखनीय किया गया था। वर्ष के दौरान, और गतिविधियों तथा केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों एवं भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के प्रतिनिधियों के बीच हुए विचार-विमर्श के परिणामस्वरूप सहमति व्यक्त की गयी कि प्रत्येक उद्योग रहित जिले में अवस्थापना विकास योजना की लागत 6.00 करोड़ रुपए तक, जिसमें से 2.00 करोड़ रुपए केन्द्रीय सरकार से प्राप्त उप-सहायता के रूप में, 2.00 करोड़ रुपए राज्य सरकार के अंशदान के रूप में और 2.00 करोड़ रुपए भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से रियायती दर पर ऋणों के रूप में

मिलकर पूरी की जा सकती है। इस बात पर भी सहमति व्यक्त की गयी कि प्रत्येक उद्योग रहित जिले के लिए 6.00 करोड़ रुपए की समग्र सीमा के भीतर सामान्यतः एक विकास केन्द्र स्थापित किया जाएगा। लेकिन, यदि कोई राज्य सरकार एक उद्योग रहित जिले के लिए एक विकास केन्द्र से अधिक केन्द्र स्थापित करना चाहती है तो 6.00 करोड़ रुपए की समग्र कुल व्यय सीमा के भीतर, प्रति उद्योग रहित जिले में दो विकास केन्द्रों की स्थापना की जा सकती है।

निवेश बढ़ाने के सम्बन्ध में नीतियां

1.35 निवेश बढ़ाने की दृष्टि से अधिमान शेयरों पर लाभांश की दर की अधिकतम सीमा मई, 1984 में 13.5% वार्षिक से बढ़ाकर 15% वार्षिक कर दी गयी (कम्पनी कर से मुक्त लेकिन निर्धारित दर पर कर कटौती की शर्त के अधीन)। बजट प्रस्तावों के दौरान, एक नए दस्तावेज की घोषणा की, जिसका नाम है, संपरिवर्तनीय संचयी अधिमान शेयर। गैर-एम० आर० टी० पी० तथा गैर-विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम कम्पनियों द्वारा संपरिवर्तनीय डिबेंचरों पर देय अधिकतम ब्याज में भी 13.5% से 15% की वृद्धि की अनुमति प्रदान की गयी ताकि उनकी विक्रयता में सुधार किया जा सके। गैर-संपरिवर्तनीय डिबेंचरों के मामले में ब्याज की दर 15% वार्षिक पर पूर्ववत् रहेगी।

1.36 वर्ष के दौरान, बोनस शेयरों के निर्गम के लिए मार्गदर्शक सिद्धांतों में ढील प्रदान की गयी। बोनस शेयरों के निर्गम के लिए एक अनिवार्यता यह है कि कभी भी मुक्त रिजर्व में से पूंजी के रूप में परिणत किए जाने के लिए अनुमति प्रदान की गयी कुल राशि, कम्पनी की प्रदत्त साधारण पूंजी की कुल राशि से अधिक नहीं हो सकती। मार्च, 1985 में केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया कि उन गैर-सूचीबद्ध गैर-विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम कम्पनियों के सम्बन्ध में, जो 10 वर्ष से अधिक समय से अस्तित्व में हों अथवा जो उस वर्ष, जिसमें उन्होंने प्रतिभूति संविदा (विनियमन) नियम, 1957 के अधीन सूचीबद्ध किए जाने के लिए मांग की हो, से पहले पांच वर्ष से लाभ अर्जित कर रहे हों, गुणावगुणों के आधार पर उपर्युक्त में ढील दी जा सकती है। समीप रूप से धारित कम्पनियों की भी मामले-वार आधार पर 31 मार्च, 1986 तक के लिए उपर्युक्त ढील दी गयी।

1.37 15 सितम्बर, 1984 को सरकार ने, पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा डिबेंचरों के निर्गम के लिए संशोधित मार्गदर्शक सिद्धांत जारी किए। इन संशोधित मार्गदर्शक सिद्धांतों की एक प्रमुख विशेषता यह थी कि उन उद्देश्यों का विस्तार में उल्लेख किया गया जिनके लिए पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों और सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा सुरक्षित संपरिवर्तनीय तथा गैर-संपरिवर्तनीय डिबेंचरों का निर्गम किया जा सकता है। इन उद्देश्यों में न केवल नई परियोजनाओं की स्थापना और विद्यमान परियोजनाओं का विस्तार, विशाखन या आधुनिकीकरण शामिल है अपितु बैंकों/वित्तीय संस्थानों और/अथवा किसी विधिक प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित योजनाओं के अनुसरण में कम्पनियों के विलयन/समाकलन से सम्बन्धित प्रस्ताव, बैंकों/वित्तीय संस्थानों और/अथवा किसी विधिक प्राधिकरण द्वारा यथा अनुमोदित पूंजी के पुनर्निर्माण, विधिक प्रावधानों और/अथवा एम० आर० टी० पी० अधिनियम के अनुसार परिसम्पत्तियों की खरीद तथा कम्पनी की कार्यशील पूंजी सम्बन्धी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इसके दीर्घावधि स्रोतों में वृद्धि करना भी शामिल है। संशोधित मार्गदर्शक सिद्धांतों में यह भी उल्लेख किया गया कि डिबेंचर निर्गम के अधिक अभिदान होने की स्थिति में कम्पनियां किस सीमा तक अभिदान रोके रख सकती हैं और उन परिस्थितियों का भी उल्लेख किया गया है जिनके अधीन, डिबेंचरों की सामान्य विमोचन अवधि में ढील दी जा सकती है। शेयरों और डिबेंचरों के साथ-साथ सूचीकरण, सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों को कुछ परिस्थितियों में शेयरों के सूचीकरण से छूट, शेयर निर्गम को डिबेंचर निर्गम से जोड़ने तथा डिबेंचर निर्गमों के लिए अवांछनीय समझे गए वित्तीय और गैर-वित्तीय अतिरिक्त प्रोत्साहनों पर प्रतिबन्ध की भी संशोधित मार्गदर्शक सिद्धांतों में व्यवस्था की गयी।

1.38 स्टाक एक्सचेंज के दायरे में गैर-सूचीबद्ध उन और कम्पनियों को पिछले पांच वर्ष से लाभ अर्जित कर रही हैं और जिनके पास आरक्षित निधियां हैं, की प्रविष्टि को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अगस्त, 1984 में सरकार द्वारा निर्णय किया गया कि समीप रूप से धारित विद्यमान कम्पनियों को दो स्तरीय सार्वजनिक अभिदान प्रस्तावों के आधार पर सूचीकरण की अनुमति दी जा सकती है बशर्ते कि कुल सार्वजनिक अभिदान प्रस्तावों की राशि कम्पनी की निर्गमित पूंजी के 40% से कम न हो और यह कि प्रारम्भिक सार्वजनिक अभिदान प्रस्ताव की प्रथम अवस्था कम्पनी की निर्गमित पूंजी के 33⅓% से कम न हो तथा शेष सार्वजनिक अभिदान प्रस्तावों की दूसरी अवस्था कम्पनी द्वारा क्षेत्रीय स्टॉक एक्सचेंज में सूचीकरण की तारीख से तीन वर्ष के भीतर किए जाने का प्रस्ताव हो। साधारण शेयरों और डिबेंचरों के साथ-साथ निर्गम और सूचीकरण की भी इस शर्त के अधीन अनुमति दी गयी कि डिबेंचरों/शेयरों के निर्गम के सम्बन्ध में सूचीकरण अपेक्षाओं तथा मार्गदर्शक सिद्धांतों का अनुपालन किया गया है।

1.39 तदुपरांत, मार्च, 1985 में, पूंजी बाजार को और विकसित करने तथा और अधिक कम्पनियों को सूचीबद्ध करने की दृष्टि से सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया कि विद्यमान गैर-विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम कम्पनियों को, जो 10 वर्ष से अधिक पुरानी हैं और जिन्होंने पिछले पांच वर्षों में से कम से कम चार वर्षों में लाभ अर्जित किया हो, उनकी निर्गमित पूंजी की 49% की वर्तमान अनिवार्यता की बजाय 40% के सार्वजनिक प्रस्ताव से स्टाक एक्सचेंज में सूचीकरण सुविधा प्रदान की जा सकती है। इसके अतिरिक्त, ऐसी कम्पनियां अपने विकल्प पर दो अवस्थाओं में सार्वजनिक निर्गम कर सकती हैं, पहली अवस्था सूचीकरण के समय 20% तथा शेष सूचीकरण की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के भीतर।

1.40 18 मार्च, 1985 को केन्द्रीय सरकार ने, स्वैच्छिक आधार पर नए/अतिरिक्त पूंजी निर्गम के सम्बन्ध में और मार्गदर्शक सिद्धांत जारी किए जिससे, साधारण पूंजी बढ़ानेवाली कम्पनियां केन्द्रीय सरकार की सहमति तथा विनिर्दिष्ट शर्तों के अनुपालन की शर्त के अधीन, 25% की सीमा तक अति अभिदत्त साधारण पूंजी को रोके रख सकें।

1.41 स्टाक एक्सचेंजों की उच्चा धिकार समिति द्वारा दी गयी सिफारिशों के आधार पर 7 मई, 1985 को सार्वजनिक निर्गमों की वर्तमान उच्च लागत को कम करने के लिए अनेक उपायों की घोषणा की गयी। इसमें, सार्वजनिक निर्गम, आदि के हामीदारों, दलालों, व्यवस्थापकों के शुल्क/कमीशन संरचना को युक्तिसंगत बनाना और सार्वजनिक निर्गम-लागत की समग्र अधिकतम सीमा निर्धारित करना शामिल है। प्रतिभूतियों के लिए आवेदनों के सम्बन्ध में तथा न्यूनतम आवेदन के लिए भी न्यूनतम सीमाएं निर्धारित की गईं।

(ग) परिचालन गतिविधियां

उपकरण वित्तपोषण योजना

1.42 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने, रुपया, या विदेशी मुद्रा के छोटे ऋणों के लिए आवेदनों पर तकनीकी सलाहकारी समिति/तदर्थ सलाहकार समूह, आदि को हवाला दिए बिना तत्परता से विचार करने की पूर्वी विद्यमान पद्धति को 'उपकरण वित्तपोषण योजना' के रूप में व्यवस्थित किया है ताकि वर्तमान औद्योगिक संस्थाओं को, खुले सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत या भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के विदेशी ऋणों से पूंजी माल और संतुलनकारी प्रकृति के उपकरणों की खरीद के लिए अथवा तकनीकी विकास निधि लाइसेंसों के अन्तर्गत आने वाले आयातों के लिए रुपया और विदेशी मुद्रा ऋण उपलब्ध कराने के लिए प्राप्त आवेदनों को सरलीकृत प्रक्रिया के अन्तर्गत तत्परता से निपटाया जा सके। योजना के अन्तर्गत वर्तमान औद्योगिक संस्थाओं को सहायता की मंजूरी के लिए संक्षिप्त प्रक्रिया अपनायी जा रही है ताकि प्रस्ताव के सम्बन्ध में पूर्ण सूचना और आंकड़ों की प्राप्ति से एक महीने के भीतर सहायता मंजूर की जा सके और साख पत्र भी खोला जा सके।

विदेशी मुद्रा ऋण

1.43 वर्ष के दौरान, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने अन्तर्राष्ट्रीय पूंजी बाजार से ऋण जुटाकर विदेशी मुद्रा ऋण प्रदान करने के लिए अपने स्रोतों में वृद्धि की। इस समय, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के विदेशी मुद्रा स्रोतों में, क्रेडिटांस्टाल्ट-फर-वाइडरफबाऊ (के० एफ० डब्ल्यू०) जर्मन संघीय गणराज्य से 23 ऋण भारत-जर्मन संघीय गणराज्य वित्तीय सहयोग करारों के अन्तर्गत जर्मन मार्क आवर्ती निधियां, बांडों के निजी धारण के माध्यम से 45 मिलियन अमरीकी डालर तथा 5 बिलियन जापानी येन के यूरो-मुद्रा ऋण सम्मिलित हैं।

1.44 वर्ष के दौरान, विदेशी मुद्रा ऋणों के लिए आवेदनों को निपटाने की प्रक्रिया को और सरल बनाया गया तथा साख-पत्र खोले जाने से पूर्व ऋणी द्वारा अनुपालन की जाने वाली सभी महत्वपूर्ण अपेक्षाओं की जांच-सूची को अन्तिम रूप दिया गया ताकि साख-पत्र यथाशीघ्र खोले जा सकें।

1.45 भारतीय रिजर्व बैंक के विदेशी मुद्रा नियंत्रण विभाग ने वर्ष के दौरान भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को, अपने उप-ऋणियों को उसकी ओर से अनुमोदन देने के लिए, कुछ शर्तों का अनुपालन किए जाने पर ऋण करारों पर हस्ताक्षर करने के लिए शक्तियां भी प्रत्यायोजित की हैं।
से अधिक प्रवासी हितों वाली कम्पनियों के पक्ष में भारतीय औद्योगिक वित्त-निगम द्वारा अनुमोदित किए गए विदेशी मुद्रा ऋण भी भारतीय रिजर्व बैंक की सामान्य अनुमति के दायरे में लाए गए। जहां तक भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा किए जाने वाले विदेशी मुद्रा ऋण लेनदेन का सम्बन्ध है भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को दी गयी इस सामान्य अनुमति से कारोबार के शीघ्र निपटान का कार्य और भी सरल हो गया।

निरूपित 'क', 'ख' और 'ग' श्रेणी जिलों की परियोजनाओं के लिए रियायती वित्त योजना

1.46 उद्योग रहित जिलों/कम विकसित क्षेत्रों में उद्योग स्थापित करने के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा पहली अप्रैल, 1983 से 31 मार्च 1985 को समाप्त दो वर्ष की अवधि के लिए लागू की गयी संशोधित प्रोत्साहन योजना को वर्ष के दौरान, एक और वर्ष की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया। उसके अनुरूप, निरूपित 'क', 'ख' और 'ग' श्रेणी जिलों की परियोजनाओं को रियायती वित्त प्रदान करने की संस्थानों की योजना भी, 31 मार्च, 1986 को समाप्त होने वाले एक और वर्ष के लिए बढ़ा दी गयी।

1.47 'क', 'ख' और 'ग' श्रेणी जिलों में स्थापित की जाने वाली परियोजनाओं के लिए संस्थानात्मक रियायती वित्त योजना के मूलभूत सिद्धान्तों में वर्ष के दौरान सिवाय इसके कोई परिवर्तन नहीं हुआ कि समग्र पंजाब की सभी नई परियोजनाओं को पहली जुलाई, 1985 संस्थानों से वित्तीय सहायता का पात्र बनाया गया जैसी कि श्रेणी 'ख' कम विकसित जिलों को उपलब्ध है।

1.48 वर्ष के दौरान, केन्द्रीय सरकार ने 'ख' और 'ग' श्रेणियों के 54 खण्डों/तालुकों/शहरी समूहों/ टाऊनशिप विस्तारों, जहां 31 मार्च, 1983 की स्थिति के अनुसार निवेश 30.00 करोड़ रुपए से अधिक हो गया है, को भी अधिसूचित किया। तदनुसार सहमति व्यक्त की गयी कि श्रेणी 'ख' और 'ग' जिलों के इन अधिसूचित खण्डों की परियोजनाओं के सम्बन्ध में संस्थानों द्वारा रियायती सहायता प्रदान न की जाए; लेकिन, सरकारी अधिसूचना की सीमा से बाहर के पाइप लाईन मामले तथा संस्थानों द्वारा रियायती दरों पर पहले ही सहायता मंजूर किए गए मामले, पहले की तरह रियायती सहायता के पात्र बने रहेंगे।

1.49 वर्ष के दौरान, सहमति व्यक्त की गयी कि केवल 50.00 करोड़ रुपए तक की पूंजी लागत वाली परियोजनाएं ही 'परियोजना-विशिष्ट अवस्थापना विकास ऋण' की पात्र होंगी, ऐसे ऋण की अधिकतम राशि 5.00 करोड़ रुपए अथवा परियोजना लागत के 20%, जो भी कम हो, से अधिक नहीं होगी। इसके अतिरिक्त, इस बात पर भी सहमति व्यक्त की गयी कि निर्माण अवधि के दौरान ऐसे ऋणों पर ब्याज न लगाये जाने के प्रयोजन के लिए, परियोजना के पूरे होने की तारीख (उत्पादन आरम्भ करने की तारीख नहीं), मूल्यांकन के समय यथा परिकल्पित पूर्णता की तारीख होगी।

उद्योगों के आधुनिकीकरण के लिए उदार ऋण योजना

1.50 आधुनिकीकरण सहायता प्रदान करने के लिए उदार ऋण योजना में वर्ष के दौरान, सिवाय इसके कोई परिवर्तन नहीं हुआ कि प्रतिस्थापित किए जाने के लिए प्रस्तावित मशीनरी और उपकरण की आयु के सम्बन्ध में 10 वर्ष की सीमा में, उन परियोजनाओं को ढील देने के लिए स्वीकृति दी गयी जिनमें शीघ्र परिवर्तनशील टेक्नोलोजी हो अथवा जिनमें आधुनिकीकरण प्रक्रिया के माध्यम से टेक्नोलाजी के उन्नयन से विशेष लाभ हो अथवा जिसमें आधुनिकीकरण कार्यक्रम का लक्ष्य, निर्यात में वृद्धि, आयात प्रतिस्थापन, उर्जा संरक्षण और प्रदूषण विरोधी उपाय, अपनाया गया हो।

1.51 इसके अतिरिक्त सहमति व्यक्त की गयी कि हालांकि सभी आधुनिकीकरण प्रस्तावों से सामान्यतः क्षमता में कुछ वृद्धि होने की सम्भावना होती है, लेकिन योजना के समग्र सिद्धांतों के अधीन वर्तमान लाइसेंस क्षमता के भीतर क्षमता में 25% तक वृद्धि की अनुमति दी जा सकती है। तदनुसार, पूर्व-भस्मीकरण टेक्नोलाजी लागू करने के कारण क्षमता में 25% तक वृद्धि करने वाली सीमेंट इकाइयों के आधुनिकीकरण प्रस्तावों को, विनिर्दिष्ट सीमाओं तक उदार ऋण योजना के अन्तर्गत पात्र माना गया। इसी प्रकार, चीनी इकाइयों के सम्बन्ध में प्रतिदिन 1500 टन गन्ना पेराई क्षमता तक विस्तार यदि आधुनिकीकरण कार्यक्रम द्वारा किया गया हो, आधुनिकीकरण सहायता के लिए पात्र समझा गया। इसी प्रकार, कुछ उद्योगों के सम्बन्ध में, मामले-वार आधार पर योजना के अन्तर्गत पश्चगामी/अग्रगामी संकलन की अनुमति भी दी गयी उदाहरणार्थ, रोलिंग मिल, आदि के समावेश से अति लघु इस्पात मिलों का विशाखन।

1.52 वित्तीय रूप से कमजोर इकाइयों, जिन्हें मामले-वार आधार पर 10% वार्षिक ब्याज दर से उदार ऋण सहायता प्रदान की गयी थी, के सम्बन्ध में संस्थानों ने, समीक्षा करने और बाद में ब्याज दर को बढ़ाने, यदि वित्तपोषित संस्थाओं की वित्तीय स्थिति में सुधार होने से इसकी गुंजाइश हो, का अधिकार सुरक्षित रखने के लिए सहमति व्यक्त की।

1.53 पहली जुलाई, 1985 से, वर्तमान उपकरण के उन्नयन से क्षमताओं का विस्तार और सम्बन्धित उत्पादों का विशाखन उदार ऋण योजना के अन्तर्गत तब तक अनुमन्य है जब तक कि ऐसा विस्तार/विशाखन आधुनिकीकरण के साथ आनुषंगिक हो तथा इस सम्बन्ध में आवश्यक सरकारी अनुमोदन उपलब्ध हो। विभिन्न स्थलों पर स्थित इकाइयों वाली और/अथवा विभिन्न उत्पादों का उत्पादन करने वाली बहु-विभागीय कम्पनियों को भी, पहली जुलाई, 1985 से योजना के अन्तर्गत अलग-अलग प्रभाग-वार उदार ऋण सहायता का पात्र बना दिया गया। इसी तारीख से, आधुनिकीकरण से सम्बन्धित श्रम औचित्यकरण पर व्यय को उदार ऋण योजना के अन्तर्गत शामिल किए जाने की अनुमति दी गयी है।

100% निर्यातोन्मुख इकाइयों को सहायता

1.54 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में संस्थानों द्वारा पहली जनवरी, 1984 से, 100% निर्यातोन्मुख इकाइयों को इकाई की निर्यात प्रगति के आधार पर पहले पांच परिचालन वर्षों के लिए, रुपया ऋणों पर लागू ब्याज की दर (यथास्थिति सामान्य या रियायती) में 1.5% वार्षिक की छूट दिए जाने का उल्लेख किया गया था। वर्ष के दौरान, निर्णय किया गया कि 100% निर्यातोन्मुख इकाइयों को ब्याज में 1.5% वार्षिक की छूट, 4.00 करोड़ रुपए तक की रुपया ऋण सहायता की राशि पर उपलब्ध होगी और यह कि प्रथम पांच परिचालन वर्षों की अवधि, मूल्यांकन के समय वाणिज्यिक उत्पादन की यथा परिकल्पित तारीख से मानी जाएगी।

संपरिवर्तनीयता खण्ड

1.55 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में, पात्र औद्योगिक संस्थाओं को ऋण सहायता प्रदान करते समय वित्तीय संस्थानों द्वारा लगाई/लागू किए जाने वाले संपरिवर्तनीयता विकल्प के विषय में केन्द्रीय सरकार से प्राप्त मार्गदर्शक सिद्धांतों का उल्लेख किया गया था। वर्ष 1984-85 के दौरान, केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए संपरिवर्तनीयता मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुरूप, वित्तीय संस्थानों से संपरिवर्तन विकल्प लगाने के लिए तथा संपरिवर्तन के परिचालन के लिए कारगर मार्गदर्शक सिद्धांत बनाए।

1.56 संस्थानों द्वारा बनाए गए कारगर मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार संपरिवर्तनीयता खण्ड अब केवल उन्हीं मामलों पर लागू होता है जिनमें अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों से प्राप्त कुल वित्तीय सहायता (बकाया राशि सहित) 5 करोड़ रुपए से अधिक हो। जिन मामलों में कुल सहायता 5 करोड़ रुपए से अधिक हो उनमें 5 करोड़ रुपए तक की सहायता को मानक कटौती के रूप में छूट दे दी जाती है और केवल शेष सहायता के सम्बन्ध में ही संपरिवर्तनीयता खण्ड लागू किया जाता है। संपरिवर्तनीयता खण्ड की प्रयोज्यता के प्रयोजन के लिए कुल वित्तीय सहायता में, परियोजना वित्तपोषण के भाग के रूप में रुपया ऋण और/अथवा रुपया डिबेंचर मंजूरियां, और पहले दी गयी इसी प्रकार की सहायता की शेष बकाया राशि तथा संस्थानों द्वारा दी गयी वित्तीय गारंटियों के सम्बन्ध में वास्तविक देनदारी, यदि कोई हो, शामिल है। संपरिवर्तन विकल्प, यदि लागू हो, प्रयोग किए जाने की सीमा और मूल्य का निर्धारण संस्थानों द्वारा सामान्यतः विभिन्न सम्बन्धित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए संपरिवर्तन विकल्प लागू करते समय किया जाता है। सामान्यतः ऋणों/डिबेंचरों का 20% भाग संपरिवर्तन विकल्प की शर्त के अधीन होता है। नई परियोजनाओं के मामले में संपरिवर्तन विकल्प का प्रयोग शेयरों के सम-मूल्य पर किया जा सकता है जबकि विद्यमान संस्थाओं के मामले में शेयरों का मूल्य, सामान्य मूल्यांकन फार्मूले तथा इस सम्बन्ध में अन्य सम्बन्धित पहलुओं के आधार पर निर्धारित किया जाता है।

गैर-सूचीबद्ध कम्पनियों के सम्बन्ध में अतिरिक्त ब्याज लगाना

1.57 पहली अप्रैल, 1980 से, संस्थानों द्वारा प्राइवेट लिमिटेड कम्पनियों और समीप रूप से धारित कम्पनियों को मंजूर की गयी सहायता के सम्बन्ध में 1% अतिरिक्त ब्याज लगाने की पद्धति अपनायी जा रही थी। इस पद्धति के पीछे औचित्य यह था कि शेयरों के सूचीकरण को पर्याप्त महत्व देने की सरकारी नीति के अनुसार गैर-सूचीबद्ध कम्पनियों को यूं ही निरुत्साहित किया जा सके, ताकि उनका स्वामित्व और अधिक विस्तृत हो सके और लाभ समाज के विस्तृत वर्ग को प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त, शेयरों के सूचीकरण से वित्तीय संस्थानों को, संपरिवर्तन विकल्प के अधिकार का समय आने पर इसका प्रयोग करने और अनुकूल समय पर पूंजी बाजार में शेयर बेचने में भी सहायता प्राप्त होती है।

1.58 वर्ष के दौरान, समीप रूप से धारित कम्पनियों को प्रदान की गयी सहायता के सम्बन्ध में 1% अतिरिक्त ब्याज लगाने के मामले की समीक्षा की गयी जिसके परिणामस्वरूप विकसित की गयी और इस समय परिचालित पद्धति निम्नानुसार है :

— 1% अतिरिक्त ब्याज अब केवल गैर-सूचीबद्ध कम्पनियों के मामले में ही लगाया जाता है और 75% या उससे अधिक प्रवर्तक शेयर धारिता वाली सूचीबद्ध कम्पनियों के मामले में 1% वार्षिक अतिरिक्त ब्याज लगाने की पद्धति समाप्त कर दी गयी है।

— गैर-सूचीबद्ध कम्पनियों को मंजूर की गयी 2 करोड़ रुपए और उससे अधिक सहायता इस शर्त के अधीन है कि कम्पनी सहायता की मंजूरी की तारीख से तीन वर्ष के भीतर अपने शेयर सूचीबद्ध करवाएगी जिसके पश्चात् 1% वार्षिक अतिरिक्त ब्याज लगना बन्द हो जाएगा।

— नई परियोजनाओं के मामले में 1% वार्षिक की दर से अतिरिक्त ब्याज, मूल्यांकन के समय वाणिज्यिक उत्पादन के प्रारम्भ की यथा परिकल्पित तारीख और विद्यमान परियोजनाओं के मामले में प्रथम संवितरण की तारीख से लगाया जाता है। यदि परियोजना अनुसूची में चरणबद्ध ढंग से कार्यान्वयन निर्धारित किया गया हो तो अतिरिक्त ब्याज लगाने की तारीख प्रथम चरण पूरा होने की तारीख से होगी जैसा कि मूल्यांकन के समय निर्धारित किया गया था।

— 1% वार्षिक दर से अतिरिक्त ब्याज उन कम्पनियों पर लागू नहीं होगा जिसके शेयर निम्नलिखित के परिणामस्वरूप सूचीबद्ध नहीं है : (क) जिन मामलों में सार्वजनिक अभिदान की राशि प्रवर्तक अंशदान के सिवाय 50 लाख रुपए से अधिक न हो उनके सार्वजनिक निर्गम व्यय रोकने की दृष्टि से संस्थाओं की शेयर पूंजी में संस्थानों द्वारा प्रत्यक्ष अभिदान किया जाना और (ख) केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारें या सरकारी एजेंसियों द्वारा समस्त शेयरों अथवा शेयरों के प्रमुख भाग का धारण अथवा 51% शेयरों का सरकारी क्षेत्र के संस्थान अथवा सहकारी समितियों अथवा विस्तृत रूप से धारित पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों की पूर्ण स्वामित्व में सहायक कम्पनियों द्वारा धारण।

परियोजनाओं में प्रवर्तकों के रूप में राज्य औद्योगिक विकास निगमों का अंशदान

1.59 वर्ष के दौरान, सहमति व्यक्त की गयी कि केन्द्रीय सरकार द्वारा यथा निर्धारित लाभांश दरों से 12 से 15 वर्ष के बीच विमोच्य गैर-सचयी अधिमान शेयरों के रूप में राज्य औद्योगिक विकास निगमों/राज्य औद्योगिक एवं निवेश निगमों द्वारा किया गया अंशदान, राज्य औद्योगिक विकास निगमों/राज्य औद्योगिक एवं निवेश निगमों द्वारा प्रवर्तित परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रवर्तक अंशदान के रूप में माना जाए।

नामित निदेशकों की भूमिका

1.60 संस्थानात्मक नामित निदेशकों के सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए मार्गदर्शक सिद्धांतों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। लेकिन, वर्ष के दौरान, ऋण करार में एक उपयुक्त खण्ड जोड़ा गया जिसके अनुसार बोर्ड की लेखा समितियों का गठन किया जाना अपेक्षित है जैसा कि वित्तीय संस्थानों द्वारा अपेक्षा की जाए। ऋण करार में उपर्युक्त प्रावधान किए जाने से वित्तीय संस्थान उपर्युक्त मामलों में वित्तपोषित संस्थाओं का उनके संचालक बोर्डों की लेखा-परीक्षा उप समितियों का गठन करने के लिए निदेश दे सकते हैं जैसा कि इस विषय पर सरकार के मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार अपेक्षित है। ऋणियों के कार्य चालन के विभिन्न पहलुओं के ध्यानपूर्वक अनुप्रवर्तन के लिए वर्ष के दौरान निगम में एक "नामित निदेशक कक्ष" भी स्थापित किया गया।

ब्याज, हामीदारी कमीशन, दलाली, आदि की दरें

1.61 वर्ष के दौरान, ब्याज की मूल उधार दरों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। लेकिन, वित्तीय संस्थानों के येन उधारों में से विदेशी मुद्रा ऋणों के सम्बन्ध में ब्याज दर पहली अप्रैल, 1985 से कम करके 10 प्रतिशत कर दी गई। इसी प्रकार, हामीदारी कमीशन, दलाली, व्यवस्थापक दलालों के पारिश्रमिक, आदि की दरों को भी 7 मई, 1985 से, सरकार के निर्देशों के अनुसार युक्तिसंगत कर दिया गया। 30 जून, 1985, वर्ष की समाप्ति पर भारतीय औद्योगिक वित्त निगम में लागू ब्याज, कमीशन, प्रभार, आदि की दरें परिशिष्ट 1 में दी गई है।

प्रक्रियात्मक गतिविधियां

1.62 वर्ष के दौरान सहमति व्यक्त की गई कि उदार ऋण योजना के रियायती घटकों के आस्थगित/स्थगित किस्तों के सम्बन्ध में संस्थान, दूसरी ओर और उसके बाद के अवसरों के लिए दी गई उदार ऋण सहायता के रियायती संघटक की आस्थगित किस्तों पर, चालू ब्याज पर (सामान्य ऋणों पर लागू) प्रभारित करेंगे। लेकिन, ऋण इकाइयों के सम्बन्ध में गुणावगुणों के आधार पर, रियायती ब्याज दर पर ही ऐसे आस्थगन को जारी रखने की अनुमति दी जाएगी।

1.63 संस्थानात्मक वित्तपोषण के क्षेत्र में "अग्रणी संस्थान" की धारणा को और अधिक गहन बनाने की दृष्टि से वर्ष के दौरान सहमति व्यक्त की गई कि :

— वर्तमान ऋणियों से 50 लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता के प्रस्तावों का अग्रणी संस्थान द्वारा अकेले ही पूर्णतः पूरा किया जाए और 50 लाख रुपये से 100 लाख रुपये के बीच की अतिरिक्त

सहायता में सम्बन्ध में अग्रणी संस्थान को अधिकार है कि स्वयं उसके द्वारा अथवा अन्य संस्थानों की भागीदारी से सहायता प्रदान की जाए।

—"परियोजना-विशिष्ट अवस्थापना विकास ऋण" के 5 लाख रुपये से कम होने की स्थिति में अग्रणी संस्थान इसे अकेले ही मंजूर कर सकता है।

—10 करोड़ रुपये की पूंजी लागत वाली परियोजनाओं के सम्बन्ध में मूल पुनर्भुगतान अनुसूची दायरे के भीतर रहकर, अग्रणी संस्थान अन्तर संस्थानात्मक मंच से संदर्भ के बिना प्रत्येक मामले के गुणावगुणों के आधार पर मूलधन और ब्याज को पुनर्सर्चीकृत कर सकता है, बशर्ते कि संस्थानों द्वारा इस संबंध में किसी अन्य प्रकार का नुकसान न उठाना पड़े।

1.64 परियोजना वित्तपोषण भागीदारी प्रमाण-पत्र योजना को प्रत्येक भागीदार संस्थान द्वारा, शोधन गृह के रूप में किए जाने वाले कार्यों का प्रभावशाली समन्वय करने और परियोजना वित्तपोषण भागीदारी प्रमाण-पत्र योजना के संचालन-परिचालनों को और अधिक सरल बनाने की दृष्टि से अपने संगठनात्मक ढांचे में केन्द्र बिन्दु स्थापित करके और अधिक कारगर बनाया गया। इसके अतिरिक्त, वर्ष के दौरान, निवेश संस्थानों, अर्थात् जीवन बीमा निगम और साधारण बीमा निगम ने भी परियोजना वित्तपोषण भागीदारी प्रमाण-पत्र योजना के अन्तर्गत भाग लेने के लिए सहमति व्यक्त की ताकि अखिल भारतीय ऋण प्रदाता संस्थानों तथा निवेश संस्थानों के स्तर पर साख का एक ही स्थान पर पूर्ण संवितरण उपलब्ध किया जा सके।

वित्तीय संस्थानों और बैंकों के बीच समन्वय

1.65 वित्तीय संस्थानों अर्थात्, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम और भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम तथा वाणिज्यिक बैंकों के बीच समन्वय, वर्ष के दौरान, स्थायी समन्वय समिति नामक मंच के माध्यम से बनाए रखा गया। 18 अगस्त, 1984 को आयोजित इस समिति की पांचवीं बैठक में सहमति व्यक्त की गई कि वाणिज्यिक बैंकों द्वारा, प्राधिमानतः राज्य स्तरीय संस्थानों की भागीदारी में, वित्तपोषित की जा सकने वाली परियोजनाओं की लागत के सम्बन्ध में प्रारम्भिक सीमा 1.50 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 3.00 करोड़ रुपये कर दी जाए। "धूसर क्षेत्र" की परियोजनाओं के सम्बन्ध में, अर्थात् जिनके वित्तपोषण में सामान्यतः बैंकों की भागीदारी की आशा नहीं की जाती, सहमति व्यक्त की गई कि वित्तीय संस्थान, 3.00 करोड़ रुपये से 7.50 करोड़ रुपये तक की लागत वाली परियोजनाओं की परियोजना लागत में बैंकों की भागीदारी की आशा नहीं करेंगे। लेकिन, बैंक आस्थगित अदायगी गारंटियां प्रदान करके ऐसी परियोजनाओं के वित्तपोषण में भागीदारी करते रहेंगे बशर्ते कि ऐसी गारंटियां, वित्तीय संस्थानों द्वारा अनुमोदित वित्तपोषण ढांचे की शर्तों के अनुरूप दी गई हों। बैंक, विशेष मामलों में, अपनी विद्यमान वित्तपोषित संस्थाओं के साथ अपने वर्तमान सम्बन्ध बनाए रखने के प्रयोजन से उनकी ऐसी परियोजनाओं के वित्तपोषण (यदि वे स्वयं अपनी ओर से ऐसा करना चाहें) में भी भागीदारी कर सकते हैं। 7.50 करोड़ रुपये से अधिक पूंजी लागत वाली बड़ी परियोजनाओं के सम्बन्ध में सहमति व्यक्त की गई कि बैंक, अपने विकल्प पर, परियोजना की दीर्घावधि ऋण (आस्थगित अदायगी गारंटी सहित) आवश्यकता के 25 या 30 प्रतिशत सीमा तक भागीदारी कर सकते हैं।

1.66 इसके अतिरिक्त, बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बीच समन्वय बढ़ाने के उपाय के रूप में सहमति व्यक्त की गई कि एक करोड़ रुपये से अधिक दीर्घावधि रुपया ऋण वाली परियोजनाओं के वित्तपोषण ढांचे के लिए भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के अनुमोदन की विद्यमान अनिवार्यता से छूट प्रदान कर दी जाएगी। लेकिन, आस्थगित अदायगी गारंटी सहित, 3 करोड़ रुपये से अधिक परियोजना लागत वाले मामलों में, अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के सम्बद्ध होने से वित्तपोषण होने के लिए भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होगी।

1.67 इसके अतिरिक्त सहमति व्यक्त की गई कि कुछ परिस्थितियों में, वित्तीय संस्थान, ऋणी की स्थिर परिसम्पत्तियों पर बैंकों के पक्ष में द्वितीय प्रभार देने के लिए, प्रथम प्रभार देने के लिए, प्रथम प्रभारधारक के हितों के संरक्षण के लिए अपेक्षित सामान्य शर्तों के अधीन स्वीकृति दे सकते हैं।

(घ) उद्योगों की सामान्य समीक्षा

औद्योगिक विकास को प्रभावित करने वाले तत्व

1.68 1984-85 में शक्ति जनन में पर्याप्त सुधार होने के बावजूद देश में बिजली की कमी बनी रही क्योंकि बिजली की आपूर्ति उसकी बढ़ती हुई मांग से कम रही। फिर भी, वर्ष के दौरान समग्र शक्ति जनन में 12 प्रतिशत वृद्धि के कारण 1984-85 में बिजली की कमी छठी योजना की अवधि के दौरान, न्यूनतम रही। उत्तरी क्षेत्र में, बिजली की कमी से सर्वाधिक प्रभावित होने वाले राज्य थे; हरियाणा, जम्मू व कश्मीर, पंजाब और उत्तर प्रदेश। पश्चिमी क्षेत्र और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में बिजली की उपलब्धता कुल मिलाकर संतोषजनक रही। पूर्वी क्षेत्र में, बिजली में 17 प्रतिशत से अधिक कमी आई। बिजली की सर्वाधिक कमी बिहार में रही जो कि लगभग 39 प्रतिशत थी और उड़ीसा में यह कमी 16.5 प्रतिशत थी। दक्षिणी क्षेत्र में हालांकि आन्ध्र प्रदेश में बिजली की आपूर्ति कुछ अतिरिक्त रही लेकिन कर्नाटक राज्य को बिजली की काफी कमी का सामना करना पड़ा। केरल और तमिलनाडु में बिजली की स्थिति, हालांकि कुल मिलाकर संतोषजनक रही लेकिन बिजली की कमी और समय-समय पर परिवर्तनशील मात्रा में प्रतिबन्धों से बीच-बीच में रुकावट आती रही।

1.69 वर्ष 1984-85 के दौरान श्रमिक स्थिति कुल मिलाकर संतोषजनक रही और केवल पटसन वस्त्र उद्योग के सिवाय औद्योगिक क्षेत्र में 1984 में कोई उल्लेखनीय हड़ताल नहीं हुई।

औद्योगिक उत्पादन की प्रवृत्ति

1.70 उपर्युक्त स्थिति तथा अवस्थापना सुविधाओं की दृष्टि से संतोषजनक प्रगति के कारण 1984-85 में औद्योगिक उत्पादन में सुधार होना शुरू हो गया। 1984-85 की प्रथम दो तिमाहियों के दौरान उत्पादन का समग्र स्तर, 1983-84 की इसी अवधि के औद्योगिक उत्पादन से लगभग 7 प्रतिशत अधिक रहा। लेकिन, यह उल्लेखनीय उच्च विकास दर 1984-85 की दूसरी छमाही में बनाई नहीं रखी जा सकी जिसका मुख्य कारण था हाइडल शक्ति जनन में गिरावट और बिजली की अत्यधिक कमी। फिर भी, औद्योगिक उत्पादन का सामान्य सूचक (आधार 1970=100) 183.4 से बढ़कर 193.9 हो गया जो 1984-85 के दौरान 5.7 प्रतिशत की वृद्धि का द्योतक है। 1983-84 और 1984-85 के दौरान औद्योगिक उत्पादन की क्षेत्रवार प्रवृत्तियां सारणी I में दी गई हैं।

सारणी 1. औद्योगिक उत्पादन में क्षेत्रवार प्रवृत्ति

(आधार 1970=100)

अधिभार	क्षेत्र	पिछले वर्ष से प्रतिशत वृद्धि	
		(अप्रैल-मार्च)	(अप्रैल-मार्च)
9.7	खनन और खदान	11.5%	8.0%
81.1	निर्माण	4.5%	4.7%
9.2	बिजली	7.6%	12.0%
100.0	समस्त उद्योग	5.5%	5.7%

1.71 उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 149 उद्योगों में से (औद्योगिक उत्पादन के सरकारी सूचकांक के अनुसार जिनका कुल भार में से लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा है) 1984-85 के दौरान 110 उद्योगों के

उत्पादन में वृद्धि हुई। केवल 37 उद्योगों के उत्पादन में गिरावट आई जबकि दो उद्योग, अर्थात्, घुलनशील एसीटिलीन गैस और माइकिलें, 1983–84 के दौरान उपलब्ध उत्पादन स्तर को ही बनाए रखने में सफल रहे।

1.72 जिन उद्योगों के उत्पादन में 1983–84 के उत्पादन से 10% और उससे अधिक वृद्धि हुई, वे हैं: कच्चा तेल (11.2%), बेबी फूड (13.8%), पटसन वस्त्र (30.1%), सिले सिलाए (135.1%), अखबारी कागज (12.1%), ट्रैक्टर टायर (13.1%), स्कूटर टायर (27.3%), नाइट्रोजीनियस उर्वरक (12.2%), फास्फेटिक उर्वरक (20.6%), पी० वी० सी० रेजिन्स (31.3%), पोलिस्ट्रीन (12.1%), सिंथेटिक रबर (24.9%), विस्कोस स्टेपल रेशा (22.1%), नायलन टायर कॉर्ड (20%), पॉलिएस्टर रेशा (44.5%), पोलिएस्टर फिलामेन्ट धागा (14.6%), रंग व वार्निश (14.8%), डी० डी० टी० (20.8%), मैलाथियन (12.9%), सल्फा ड्रग्स (18.6%), क्लोरेम फिनिकोल (35.3%), सिंथेटिक डिटर्जेन्ट (17.9%), सीमेंट (11.1%), ग्राइंडिग व्हील्स (18.7%), एल्युमीनियम (25.7%), कापर कैथोड (14.7%), ट्विस्ट ड्रिल (11.4%), बायलर (10.1%), सीमेंट मशीनरी (20.1%) मुद्रण मशीनरी (42.7%), लिफ्टें (27.6%), बाल व रोलर बेयरिंग्स (17.6%), मशीन औजार (12.3%), ट्रैक्टर (12.1%), घरेलू रेफ्रिजरेटर (18.4%), फ्लोरोसेंट ट्यूब (14.8%), ए० सी० एस० आर०/ ए० ए० सी० वायर और केबल्स (15.4%), ए० सी० एस० आर० के लिए तार की छड़ें (51.6%), पी० आई० एल० सी० तारें (31.7%), वी० आई० आर०/पी० वी० सी० तारें (13.6%), सूखे सैल (11.1%), ग्रेफाइट इलेक्ट्रोड्स और एनोड्स (12.4%), यात्री कारें (58.5%), मोटर साइकिल (13.4%), स्कूटर (14.9%), मोपेड (22.4%), तिपहिये (13.3%), हाऊस सर्विस मीटर (30.1%), अलाफ (32.1%), और जिप फास्टनर (15.4%)।

1.73 जो उद्योग 1984–85 में अपने उत्पादन में 10 या इससे अधिक पीछे रहे और जिनकी उत्पादन विकास दर पिछले वर्ष की तुलना में नकारात्मक रही, वे हैं: चीनी (–13.8%), विस्कोस टायर कॉर्ड (–26.0%), सेल्युलोज फिल्म (–20.0%), बी० एच० सी० (तकनीकी) (–10.6%), पेनिसिलीन (–27.3%), विटामिन ए (–11.4%), विक्रेय कच्चा लोहा (–20%), सी० आई० स्पन पाइप (–29.6%), चीनी मशीनरी (–12.2%), कागज व लुगदी मशीनरी (–16.9%), रबर मशीनरी (–52.6%), धरती धकेल मशीनरी (–10.3%) रोड रोलर (–29.8%), और रेलवे वैगन (–25.0%)।

क्षमता उपयोग की प्रवृत्तियां

1.74 पिछले वर्ष की तुलना में 1984–85 के दौरान जिन उद्योगों में क्षमता उपयोग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, वे हैं: मूल उद्योग समूह के अन्तर्गत उर्वरक, सीमेंट, एल्युमीनियम, शक्ति जनन, पूंजी माल उद्योग समूह के अन्तर्गत संचालक बैटरियां सूखे सैल, पावर ट्रांसफार्मर्स, डीजल इंजिन, बिजली की मोटरें, कृषि ट्रैक्टर, मध्यवर्ती माल उद्योग समूह के अन्तर्गत; पेट्रोलियम उत्पाद, पटसन निर्माण, सूत कताई, तथा उपभोक्ता माल उद्योग समूह के अन्तर्गत; रबर उत्पाद, बिजली के पंखे, वनस्पति और सिगरेट। समग्र रूप से उद्योग के औसत क्षमता उपयोग में गिरावट प्रवृत्ति को 1984–85 में भी रोका नहीं जा सका। इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 2 में वर्ष 1984–85 के लिए चुने हुए 52 उद्योगों की स्थापित क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग प्रतिशत और भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की 605 वित्तपोषित संस्थाओं से प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर उनके सम्बन्ध में स्थिति दर्शायी गई है।

1.75 उपभोक्ता माल उद्योग के क्षेत्र में, जिसका भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के वित्तपोषण कार्यों में महत्वपूर्ण स्थान है, 1984–85 के दौरान चीनी, सूती, ऊनी और पटसन वस्त्र, कागज तथा अन्य विविध उद्योगों की प्रगति कुछ धीमी रही।

1.76 1983–84 में 71.49 लाख टन चीनी के उत्पादन की तुलना में 1984–85 में उत्पादन कम होकर 61.59 लाख टन रह गया जिसका कारण था, देश भर में गन्ने की उपलब्धता में कमी तथा विशिष्ट कृषि-जलवायु तत्वों के कारण उत्पादन में उल्लेखनीय कमी। 1984–85 में उद्योग का प्रतिशत क्षमता उपयोग कम होकर 85.2 प्रतिशत रह गया, जबकि पिछले वर्ष यह 100 प्रतिशत से अधिक उपलब्ध किया गया था। चीनी मिलों द्वारा अदा की गई गन्ने की ऊंची और अलाभकारी वास्तविक कीमतों के कारण उनके वित्तीय परिणामों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा जिसके परिणामस्वरूप उत्पादन लागत में वृद्धि हुई। 1983–84 के मौसम के लिए गन्ना उत्पादकों को गन्ने का देय बकाया राशि भी, कुछ सीमा तक, गन्ना उत्पादन क्षेत्र में कमी के लिए उत्तरदायी है। गन्ना क्षेत्र, जो बढ़कर 33.58 लाख हेक्टेयर हो चुका था, 1983–84 में कम होकर, 31.66 लाख हेक्टेयर और 1984–85 में 30.02 लाख हेक्टेयर रह गया। चीनी की कमी को पूरा करने के लिए देश को 1984–85 में लगभग 9 लाख टन चीनी का आयात करना पड़ा।

1.77 वस्त्र उद्योग में, 1983–84 में हुए 13407 लाख कि० ग्रा० धागे के उत्पादन में मामूली वृद्धि परिलक्षित हुई यह 1984–85 में 13825 लाख कि० ग्रा० हो गया। लेकिन, वर्ष के दौरान, कपड़े का उत्पादन केवल 34322 लाख मीटर रहा जबकि 1983–84 में यह 35563 लाख मीटर था। मिल-निर्मित कपड़े में गिरावट का कारण वस्त्र की मांग में कमी और बन्द मिलों की बढ़ती हुई संख्या थी। समग्रतः वर्ष 1984 में, बन्द मिलों की संख्या 151 थी। इन बन्द मिलों में से तमिलनाडु (70), गुजरात (22) और उत्तर प्रदेश (19) का इसमें कुल का 73 प्रतिशत भाग रहा। 1984–85 के पिछले तीन महीनों के दौरान गुजरात राज्य में लगातार आन्दोलन से भी औद्योगिक उत्पादन, विशेषतः गुजरात का वस्त्र उद्योग प्रभावित हुआ। इसके अतिरिक्त, संयंत्र और मशीनरी के अप्रचलित हो जाने, मांग के सन्दर्भ में कच्ची कपास की कमी और परिणामतः उनकी कीमतों में वृद्धि, आयातित विस्कोस स्टेपल फाइबर प्राप्त करने में विलम्ब और विकेन्द्रीकृत क्षेत्र विशेषतः पावरलूम क्षेत्र, के सदैव वृद्धिशील भाग का, संगठित संयुक्त मिल क्षेत्र के वस्त्र उद्योग की धीमी प्रगति में विशेष योगदान रहा। कुल मिलाकर, यद्यपि कताई क्षेत्र में क्षमता उपयोग में 1984 में 66.4 प्रतिशत से 66.9 प्रतिशत का मामूली सुधार परिलक्षित हुआ, लेकिन मिल के कपड़े में क्षमता उपयोग 65.3 प्रतिशत से 59.6 प्रतिशत की गिरावट आ गई। केन्द्रीकृत प्रायोजित गहन कपास विकास कार्यक्रम, कपास की कीमतों में गिरावट तथा नई वस्त्र नीति की घोषणा के परिणामस्वरूप हाल ही में कपास की नई और सुधरी हुई फसल बाजार में आने से वस्त्र उद्योग में सुधार के लक्षण परिलक्षित होने शुरू हो गए हैं।

1.78 पटसन वस्त्र उद्योग में 1983–84 की प्रतिकूल स्थिति के बाद वर्ष 1984–85 उत्पादन में मामूली सुधार का वर्ष रहा। उद्योग ने 11.37 लाख टन का उत्पादन करके 30.1 प्रतिशत वृद्धि प्राप्त की जब कि 1983–84 में उत्पादन 8.74 लाख टन था। औसत क्षमता उपयोग, पिछले वर्ष के 57.5 प्रतिशत की तुलना में 72.3 प्रतिशत हो गया। लेकिन, मांग से कम मात्रा में कच्चे पटसन के उत्पादन के कारण उद्योग में कच्चे पटसन का अभाव बना रहा जिससे कच्चे पटसन की कीमतों में अत्यधिक वृद्धि, उच्च उत्पादन लागत, संयंत्र और मशीनों का अनुप्रयुक्त रहना और अनियमित बिजली आपूर्ति का सामना करना पड़ा। वर्ष के अन्त में, 20 पटसन मिलें ताला-बन्द/बन्द थी। लेकिन, वर्ष के दौरान उद्योग की प्रगति की महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि खाद्यान्नों और पैकेज किए जाने वाली अन्य सामग्री के लगातार उत्पादन के कारण पटसन वस्तुओं की मांग मजबूत बनी रही। पटसन वस्तुओं का 2.75 लाख टन के निर्यात से, जो 3.50 लाख टन के लक्ष्य से कम था, उच्चतर इकाई मूल्य वसूली को ध्यान में रखते हुए 300 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई जबकि लक्ष्य 260 करोड़ रुपये का था। निर्यात में गिरावट की प्रवृत्ति को रोकने के उद्देश्य से सरकार ने, पहली अप्रैल, 1985 से 31 दिसम्बर, 1985 तक की अवधि के लिए पटसन माल निर्यात के लिए नकद प्रतिपूरक सहायता

भी प्रदान की। उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए निकट भविष्य में एक नई गहन नीति बनाए जाने की संभावना है।

1.79 कागज और कागज-बोर्डों तथा अखबारी कागज के उत्पादन में 1983-84 की तुलना में 1984-85 में उल्लेखनीय सुधार हुआ। कागज और कागज उत्पादों की अधिक मांग, अतिरिक्त क्षमता स्थापित किए जाने, उत्पादेयों की बेहतर उपलब्धता, आदि उत्पादन में वृद्धि के प्रमुख कारण थे। यह उत्पादन 1983-84 में 21.78 लाख टन की तुलना में 1984-85 में 23.75 लाख टन (अखबारी कागज, छपाई कागज, कागज और कागज बोर्डों सहित) हो गया। तीव्र मांग और कागज की लागत में वृद्धि के बावजूद भी कागज उद्योग की स्थिति कटु बनी रही। लुगदी और कागज की तीन बड़ी एकीकृत मिल वर्ष के दौरान बन्द रहीं। जंगलों से प्राप्त होने वाले कच्चे माल जैसे बांस और मिश्रित ठोस-लकड़ी पर आधारित इकाईयां, पुराने संयंत्रों के आधुनिकीकरण और नवीकरण की कठिन समस्या के अतिरिक्त कच्चे माल की घटती हुई सप्लाई का सामना करती रहीं। अति लघु कागज इकाईयों को अपनी स्वाभाविक कमजोरियों के अतिरिक्त, कृषि अवशेषों और अन्य गौण रेशो की उपलब्धता तथा कीमतों में उतार-चढ़ाव और आयातित पुरानी कागज मशीनों के बार-बार खराब होने से कम प्रगति होने के कारण कठिनाईयों का भी सामना करना पड़ा। स्थापित क्षमता में तीव्र विकास होने के कारण उद्योग का औसत क्षमता उपयोग भी 63 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सका।

1.80 मूल उद्योग, अर्थात् मूल धातु उद्योग मूल औद्योगिक रसायन, उर्वरक, सीमेंट, खनन, शक्ति जनन, आदि ने भी, 1984-85 में उच्च विकास दर में उल्लेखनीय योगदान दिया।

1.81 मूल धातु उद्योग में, प्रमुख एकीकृत इस्पात संयंत्रों द्वारा बिक्री-योग्य इस्पात का उत्पादन, बिजली की उपेक्षाकृत बेहतर उपलब्धता, आयातित तथा घरेलू कोकिंग कोयले की बढ़ती हुई पूर्ति तथा मांग में वृद्धि के कारण, 9.4 प्रतिशत अधिक हुआ। फिर भी, अति लघु इस्पात इकाइयों की प्रगति उतनी उत्साहजनक नहीं रही जितनी कि संभावना थी। 1984-85 में बिक्री-योग्य इस्पात का समग्र उत्पादन 88.5 लाख टन रहा, जो हालांकि 1983-84 से बेहतर था लेकिन 1982-83 में उपलब्ध 95.2 लाख टन के स्तर का नहीं था। क्षमता उपयोग भी 61 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सका। फिर भी, 1984-85 के दौरान बेहतर उत्पादन से छड़ों की कमी, एल० पी० जी० बढ़िया इस्पात, एच० आर० तथा सी० आर० कॉयलों, आदि की कमी में राहत प्राप्त हुई।

1.82 अलौह धातु उद्योग में, यद्यपि एल्यूमीनियम और तांबे के उत्पादन में 1983-84 में प्राप्त उत्पादन की तुलना में 1984-85 में क्रमशः 25.7 प्रतिशत और 14.7 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई, जस्ते और सीसे का उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष के दौरान क्रमशः 4.5 प्रतिशत और 7.8 प्रतिशत कम रहा। एल्युमीनियम इकाइयों की प्रगति और अधिक बेहतर होती यदि पर्याप्त मात्रा में बिजली, जो कि एल्युमीनियम के उत्पादन के लिए आधारभूत उत्पादेय है, की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकती। फिर भी, उल्लेखनीय है कि इन उद्योगों का क्षमता उपयोग 64 प्रतिशत से बढ़ाकर 74 प्रतिशत करने में सफलता प्राप्त हुई।

1.83 उर्वरक और सीमेंट उद्योगों में 1984-85 में प्रभावशाली विकास दर रही। नाइट्रोजीनियस और फास्फेटिक उर्वरकों का उत्पादन पिछले वर्ष के उत्पादन से क्रमशः 12.2 प्रतिशत और 20.6 प्रतिशत अधिक रहा। सीमेंट का 301 लाख टन का उत्पादन भी 1983-84 के उत्पादन से 11.1 प्रतिशत अधिक रहा।

1.84 पूंजी माल उद्योगों में, मशीन औजार उद्योग, मुद्रण मशीनरी, सीमेंट मशीनरी, धातु-कर्मीय मशीनरी और उपकरण में संतोषजनक विकास दर परिलक्षित हुई। लेकिन, 1984-85 में चीनी मशीनरी, कागज और लुगदी मशीनरी, रबर मशीनरी, धरती धकेल मशीनरी का उत्पादन पिछले वर्ष के स्तर तक नहीं पहुंच सका। इसके विपरीत, बिजली मशीनरी तथा तार और केबलस समूह के अन्तर्गत आने वाली मदों के उत्पादन में वर्ष के दौरान प्रभावशाली प्रगति परिलक्षित हुई। पी० आई० एल० सी० केबलस, ए० सी० एस० आर० के लिए तार की छड़ों, बी० आई० आर०/पी० वी० सी० केबलस, ड्राई सैल, ग्रेफाइट इलैक्ट्रोडस पावर, ट्रांसफार्मर्स तथा फ्लोरोसेंट ट्यूबों का वर्ष के दौरान उत्पादन 1983-84 की तुलना में उल्लेखनीय रूप से बेहतर रहा।

1.85 औद्योगिक (गैर-इलैक्ट्रिकल) मशीनरी के औद्योगिक उत्पादन सूचक में 1984-85 में समग्र वृद्धि 3.4 प्रतिशत थी और बिजली मशीनरी में 4.5 प्रतिशत थी। वर्ष के दौरान, बिजली मशीनरी समूह में पर्याप्त विकास राज्य बिजली बोर्डों द्वारा बिजली परियोजनाओं के कार्यान्वयन और ग्रामीण विद्युतीकरण के क्षेत्र में की गई ठोस प्रगति के कारण हुआ।

1.86 परिवहन क्षेत्र में, 1984-85 में औद्योगिक उत्पादन सूचक में लगभग 10 प्रतिशत वृद्धि का कारण वाणिज्यिक वाहनों, यात्री कारों, तिपहियों, स्कूटरों, मोपेड और मोटरसाइकिलों की मांग में तेजी रही। वास्तव में, रेलवे वैगनों के सिवाय, जिनका उत्पादन 1983-84 में 17,400 की तुलना में 1984-85 लगभग 13,000 रहा, दो/तीन/चार पहियों वाले वाहनों के उत्पादन में कुल मिलाकर बहुत प्रभावशाली वृद्धि हुई। आटोमोबाइल की गरमबाजारी से टायरों और ट्यूबों के उत्पादन में भी 1984-85 में तीव्र गति से वृद्धि हुई।

1.87 कृषि ट्रैक्टर उद्योग में भी कुल मिलाकर संतोषजनक प्रगति हुई और 1983-84 की तुलना में 1984-85 में लगभग 12.1 प्रतिशत अधिक उत्पादन हुआ। लेकिन, कुछ ट्रैक्टर इकाइयों को, क्रय संघटक प्राप्त करने में समस्याओं, संयंत्र में असंतुलन और अन्य बाधाओं का सामना करना पड़ा। पावर टिलर इकाइयों की प्रगति पिछले वर्ष की तरह ही सामान्य से कम रही।

1.88 वर्ष 1984-85 के दौरान औषध और फार्मास्यूटिकल उद्योग के उत्पादन मूल्य में थोक औषध के क्षेत्र में 6.2% और मिश्रणों के क्षेत्र में 3.80% की कम वृद्धि परिलक्षित हुई। पिछले पांच वर्ष के लिए औषध और फार्मास्युटिकल उद्योग की घटती हुई विकास दर को देखते हुए केन्द्रीय सरकार ने वर्ष के दौरान अनेक थोक औषधों और मिश्रणों को लाइसेंस से मुक्त कर दिया। वर्ष 1985 के अन्त में इनकी संख्या, देश में उत्पादित लगभग 225 औषधियों में से 94 थी। सरकार ने, अनुप्रमाहित औषधों के वितरण के लिए नई नीति के अन्तर्गत मिश्रणों की विस्थापित क्षमता के आधार पर इकाइयों को उनकी पात्रता से 25% अधिक की अनुमति प्रदान की। आशा है कि किए गए उपायों से थोक औषधों और मिश्रणों के उत्पादन में 1985-86 में अच्छी प्रगति परिलक्षित होने की सम्भावना है।

प्रगति विश्लेषण

1.89 जहां तक भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की वित्तपोषित इकाइयों के परिचालनों के आधार पर, निगमित क्षेत्र की लाभप्रदता का संबंध है, उल्लेखनीय है कि समग्र रूप से उनकी वित्तीय प्रगति 1983-84 में असन्तोषजनक बनी रही। 1983-84 में 400 चुनिन्दा संस्थाओं की बिक्री में पिछले वर्ष की तुलना में 8.3% की मामूली वृद्धि हुई। लाभ (अर्थात बिक्री प्रतिशत के रूप में सकल लाभ) में 1983-84 में 8.9% की गिरावट हुई।

1.90 फिर भी, 400 चुनिन्दा संस्थाओं के सकल पूंजी निर्माण में 1983-84 में 12.6% की वृद्धि परिलक्षित हुई जिसमें स्थिर परिसम्पत्तियों में 90.4% की वृद्धि हुई। सकल स्थिर परिसम्पत्तियों की विकास दर 15.9% रही जबकि तैयार माल की वस्तुओं में 4.4% की गिरावट आई।

1.91 वर्ष 1984-85 के दौरान, 605 औद्योगिक संस्थाओं, जो उत्पादन में रत थी, के शीघ्र मूल्यांकन के आधार पर केवल 323 ने सूचित किया है कि 1984-85 में उनके परिचालनों में लाभ होने की आशा है जिससे परिलक्षित होता है कि 46.6% वित्तपोषित औद्योगिक संस्थाओं के घाटे रहने की सम्भावना है।

(ङ) दृष्टिकोण और योजनाएं ।

1.92 पिछले दो वर्ष से खाद्यान्न का लगभग 151.5 मिलियन टन के रिकार्ड उत्पादन और जून, 1985 के अन्त तक खाद्यान्नों के जमा भण्डार के 31 मिलियन टन तक पहुंचने के अनुमान से, समग्र विकास में वृद्धि को बढ़ाने के लिए आर्थिक आधार को मजबूत बनाने में पर्याप्त रूप से सहायक हुई। समय पर मानसून शुरू हो जाने से, 1985–86 के दौरान खाद्यान्न के उत्पादन का 160.0 मिलियन टन का लक्ष्य निश्चय ही निष्पाद्य प्रतीत होता है ।

1.93 अवस्थापना सुविधाओं के क्षेत्र में, भी क्षमता/उत्पादन में तथा क्षमता उपयोग की दर में वृद्धि के माध्यम से ठोस सुधार परिलक्षित हुआ । औद्योगिक नीतियों को उदार बनाने और नियंत्रणों में ढील देने से, औद्योगिक विकास के लिए सर्वाधिक प्रेरक वातावरण बना है । 1985–86 के बजट में सरकार ने देश के विकास और आर्थिक परिपक्वता की दिशा में इसकी प्रगति के लिए पर्याप्त प्रोत्साहन सहायता प्रदान की है । इन गतिविधियों से, आधुनिक कृषि–औद्योगिक समाज के रूप में, 21वीं शताब्दी में देश के उद्योगीकरण और प्रौद्योगिकी प्रगति का भली-भांति प्रवेश प्रतीत होता है ।

1.94 'भोजन', 'काम' तथा 'उत्पादकता' को सातवीं पंचवर्षीय योजना (1985–90) के तीन परस्पर–संबंधित प्रमुख लक्ष्यों के रूप में निर्धारित किया गया है । उद्योग के क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण एवं प्रदूषण निवारण उपायों सहित भारतीय उद्योग के उत्पादों और सेवाओं में गुणवत्ता में उल्लेखनीय प्रगति प्राप्त करने पर जोर दिया गया है । औद्योगिक क्षेत्र में 7% की प्रगति अनुभावित की गई है जिसके लिए उद्योग द्वारा, उत्पादकता बढ़ाने, विद्यमान क्षमता के पूर्ण–उपयोग, निर्माणाधीन परियोजनाओं को, जहां तक संभव हो अधिक समय और लागत के बिना, समय पर पूरा करने, प्रौद्योगिकीय उन्नति तथा उत्पादों एवं सेवाओं की कोटि को दृष्टिगत रखते हुए उत्पादन लागत को कम करने पर अधिक महत्व दिया जाना होगा । सातवीं योजना में स्थापित की जाने वाली नई इकाइयों को, दक्ष और कम लागत उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए इष्टतम स्तर के होने की आवश्यकता है । वर्तमान इकाइयों को भी पैमाने की बचत से लाभ उठाने और परिवर्तनशील बाजार स्थितियों के प्रति लचीला दृष्टिकोण अपनाने में सफलता प्राप्त करने की दृष्टि से अपना विस्तार और विशालन करने की आवश्यकता है । ऐसी निवेश नीति, जिसमें निर्यात की उच्च विकास दर और प्रभावशाली आयात प्रतिस्थापन को पर्याप्त महत्व दिया गया हो, कार्यरत औद्योगिक इकाइयों की परि–चालन योजनाओं का आधार होनी चाहिए ।

1.95 1985–86 के लिए केन्द्र, राज्यों और संघ राज्य–क्षेत्रों का कुल योजना व्यय 32,161 करोड़ रुपए है जो कि 1984–85 में 30,371 करोड़ रुपए के संशोधित योजना व्यय से लगभग 6% अधिक है । राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की योजनाओं के लिए केन्द्रीय सहायता 1985–86 के लिए 6,752 करोड़ रुपए है जो 1984–85 की केन्द्रीय सहायता से 30% अधिक है । राज्यों को कुल बाजार उधारों में भी अधिक भाग आवंटित किया गया है ।

1.96 योजना व्यय में वृद्धि से भी अधिक महत्वपूर्ण है सामरिक क्षेत्र में व्यय में हुई पर्याप्त वृद्धि । केन्द्रीय क्षेत्र में 1985–86 के दौरान पावर विकास की व्यवस्था में 1984–85 की संशोधित लागत से भी 35.8% अधिक प्रावधान है । परिवहन और संचार क्षेत्र में भी, प्रावधान में 9.9% वृद्धि निश्चित की गई है ।

1.97 उपर्युक्त सभी उपायों से उद्योग के स्थायी और क्रमबद्ध विकास के लिए मजबूत आधार बनाने में सफलता मिलनी चाहिए । वर्तमान पूंजी स्टाक से ही उद्योग, उत्पादन दरों और वृद्धि–शील पूंजी उत्पादन में पर्याप्त वृद्धि ला सकता है यदि कार्य क्षेत्र में लाई जाने वाली परियोजनाएं अधिक समय और लागत से बचने के लिए समय पर भली–भांति निरूपित और कार्यान्वित की जाएं और इष्टतम क्षमता उपयोग के शीघ्र निर्माण करने में सफल हों ।

1.98 यदि उद्योग इस प्रकार की समिष्टि नीतियां अपना ले जिनसे इसके संयंत्र और उपस्कर को दक्ष स्थिति में रखने तथा आधुनिक तकनीकों का उपयोग करने में सहायता मिल सके तो यह अपनी उत्पादकता में उल्लेखनीय सुधार ला सकता है । आधुनिकीकरण एक सतत प्रक्रिया है परन्तु समय की आवश्यकता है कि संकलित आधुनिकीकरण कार्यक्रम (मशीनरी और उपस्कर के आधुनिकी–करण; डिजाइन गुणवत्ता और मानकीकरण की दृष्टि से उत्पादों का आधुनिकी–करण; अचल, कार्यकुशलता तथा गुणवत्ता के अनुरूप प्रौद्योगिकी का आधुनिकी–करण; परिचालन संरचना के आधुनिकीकरण सहित सर्वोपरि 'प्रबंध संस्कार' का आधुनिकीकरण) शुरू किया जाए ताकि औद्योगिक इकाइयों की समग्र लाभप्रदता और व्यवहार्यता में सकारात्मक सुधार हो सके ।

1.99 बेहतर मूल्यांकन, अनुरक्षण और अनुवर्तन कार्यवाही के माध्यम से, परियोजना अभिज्ञान, परियोजना मूल्यांकन और परियोजना कार्यान्वयन के गुणात्मक पहलुओं में सुधार लाने का दायित्व वित्तीय संस्थानों का है । वित्तीय संस्थानों का ध्यान इन क्षेत्रों की ओर आकर्षित हो रहा है और वे निर्धारित लक्ष्यों और उद्देश्यों को पूरा करने के लिए अपनी कार्य–प्रणालियों, प्रक्रियाओं तथा प्रवृत्तियों में सुधार के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं । भारतीय औद्योगिक वित्त निगम 1985–86 में अपने परिचालनों के लगभग सभी प्रमुख क्षेत्रों में कम्प्यूटर–आधारित प्रणाली प्रारम्भ करेगा ताकि इसकी ऋणी संस्थाओं को बेहतर और कुशल सेवा प्रदान की जा सके । भारतीय औद्योगिक वित्त निगम अपने भौतिक और मानवीय दोनों स्रोतों में गुणात्मक सुधार लाने के लिए भी प्रयास कर रहा है ।

अध्याय 2

परियोजना वित्तपोषण कार्य एवं कार्य परिणाम

(क) परियोजना वित्तपोषण कार्य

भा०औ०वि०नि० की समग्र प्रगति

2.01 वर्ष 1984–85 में भा०औ०वि०नि० के कार्यों ने नई बुलंदियां प्राप्त कीं । 30 जून, 1985 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान निवल मंजूरियों की राशि प्रथम बार 450 करोड़ रुपए की सीमा को भी पार कर गई, इस वर्ष 385 संस्थाओं की 418 परियोजनाओं के लिए 450.64 करोड़ रुपए की कुल मंजूरियां 37 वर्षों में सर्वाधिक रहीं, जबकि पिछले वर्ष 337 परियोजनाओं को 354.27 करोड़ रुपए की मंजूरियां प्रदान की गई थीं । इस प्रकार 27.2% विकास दर परिलक्षित हुई ।

2.02 वर्ष 1984–85 में कुल संवितरित सहायता 309.72 करोड़ रुपए रही जबकि पिछले वर्ष यह संवितरित सहायता 253.53 करोड़ रुपए थी । जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में 22.2% की वृद्धि हुई ।

2.03 वर्ष 1984–85 के दौरान भा०औ०वि०नि० द्वारा मंजूर सहायता और मंजूरियों की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि कुल सहायता का 60% से अधिक भाग अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों में स्थित परियोजनाओं को प्राप्त हुआ । अधिसूचित पिछड़े जिलों की प्रत्येक श्रेणी अर्थात् श्रेणी "क", "ख" तथा "ग" को अधिसूचित पिछड़े जिलों की परियोजनाओं के लिए मंजूर कुल सहायता का क्रमशः 32%, 36% तथा 32% भाग प्राप्त हुआ ।

आवेदनों की आवती

2.04 वर्ष 1984–85 के दौरान, वित्तीय सहायता के लिए प्राप्त हुए आवेदनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई । भा०औ०वि०नि० ने अन्य वित्तीय संस्थानों के साथ मिलकर वर्ष के दौरान 419 संस्थाओं के आवेदनों पर कुल 3,028.57 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान करने के लिए विचार किया जबकि पिछले वर्ष 332 संस्थानों के आवेदन कुल 1,931.19 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान करने के लिए थे । इन 419 आवेदक संस्थाओं में से 150 संस्थाओं के आवेदन नई परियोजनाएं लगाने के लिए थे और 269 संस्थाओं के आवेदन उनके विस्तार/विशालन/आधुनिकीकरण योजनाओं और/अथवा अतिरिक्त के आंशिक भाग को पूरा करने के लिए अतिरिक्त सहायता आदि के लिए थे ।

2.05 वर्ष के दौरान जिन 419 संस्थाओं के आवेदनों पर विचार किया गया उनमें से 385 संस्थाओं के आवेदनों पर 452.38 करोड़ रुपए की कुल सकल वित्तीय सहायता मंजूर की गई और 5 संस्थाओं के आवेदनों को वापस लिया अथवा बन्द किया हुआ मान लिया गया । वर्ष की समाप्ति के समय 182.53 करोड़ रुपए की संयुक्त वित्तपोषण आधार पर कुल वित्तीय सहाय

के लिए 29 संस्थाओं के आवेदन भा०औ०वि०नि० के अग्रणी दायित्व में विचाराधीन थे।

वर्ष के अन्त में बकाया आवेदन

2.06 जिन मामलों में भा०औ०वि०नि० अग्रणी रहा उनमें 30 जून, 1985 की स्थिति के अनुसार विचाराधीन आवेदनों की स्थिति (पिछले वर्ष के तुलनात्मक आंकड़ों सहित) सारणी 2 में दी गई है।

सारणी 2 . बकाया आवेदन

(30 जून, 1985 की स्थिति के अनुसार)

(करोड़ रुपए)

बकाया आवेदनों की श्रेणी (भा०औ०वि०नि० अग्रणी मामले)	जिन संस्थाओं के आवेदन विचाराधीन थे उनकी संख्या	सहायता की राशि जो संयुक्त रूप से वित्तीय संस्थानों से मांगी गई थी
(1)	(2)	(3)
प्रक्रिया हेतु तैयार संस्थाओं से आवेदन (श्रेणी 'क' के रूप में वर्गीकृत)।	3	8.50
	(8)	(29.78)
उन संस्थाओं के आवेदन जिनसे संबंधित कुछ महत्वपूर्ण मामले/आधारभूत मुद्दे बकाया हैं और जिन्हें अभी तय किया जाना है (श्रेणी 'ख' के रूप में वर्गीकृत)	26	174.03
	(9)	(120.15)
जोड़	29	182.53

टिप्पणी : कोष्ठकों में पिछले वर्ष, अर्थात 1983–84 की समाप्ति पर विद्यमान स्थिति दी गई है।

2.07 इसके अतिरिक्त भा० औ० वि० बैं०, भा० औ० सा० नि० नि० और भा० औ० पु० बैं० के अग्रणी दायित्व में 969.03 करोड़ रुपये की सहायता के लिए 78 संस्थाओं के आवेदन विचाराधीन थे, जिनमें 1985–86 के दौरान भा० औ० वि० नि० के भी मिलाए जाने की सम्भावना है।

मंजूरियां और संवितरण

2.08 भा० औ० वि० नि० द्वारा वर्ष के दौरान 385 संस्थाओं की 418 परियोजनाओं के लिए कुल 450.64 करोड़ रुपए की निवल वित्तीय सहायता, 1.74 करोड़ रुपए की रद्द की गई मंजूरियों आदि को समायोजित करने के बाद, मंजूर की गई, जबकि पिछले वर्ष यह सहायता 308 संस्थाओं की 337 परियोजनाओं के लिए 354.27 करोड़ रुपए मंजूर की गई थी।

2.09 1984-85 में 309.72 करोड़ रुपए के संवितरण किए गए जबकि 1983-84 में यह राशि 253.53 करोड़ रुपए थी।

2.10 सारणी 3 में भा० औ० वि० नि० द्वारा वर्ष 1984-85 के दौरान और आरम्भ से लेकर 30 जून, 1985 तक मंजूर और संवितरित की गई सहायता का सुविधा-वार वर्गीकरण दिया गया है।

सारणी 3 : मंजूरियों और संवितरणों का सुविधा-वार वर्गीकरण (करोड़ रुपये)

सुविधा	1984–85 (जुलाई-जून)		30 जून, 1985 तक संचयी	
	मंजूरियां रु.	संवितरण रु.	मंजूरियां रु.	संवितरण रु.
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
रुपया ऋण–सामान्य	231.11 (51.3%)	239.73 (77.4%)	1669.61 (64.4%)	1382.26 (72.2%)
उदार ऋण योजना	63.12 (14.0%)	35.35 (11.4%)	265.78 (10.3%)	192.67 (10.0%)
विदेशी मुद्रा ऋण	99.85 (22.1%)	27.50 (8.9%)	255.69 (13.7%)	217.32 (11.3%)
हामीदारी	31.54 (7.0%)	8.81 (1.6%)	191.34 (7.4%)	55.18 (2.9%)
प्रत्यक्ष अभिदान	1.18 (0.3%)	1.03 (0.3%)	12.28 (0.5%)	10.92 (0.6%)
गारंटियां				
आस्थगित	15.63	1.20	61.38	32.73
अदायगियों के लिए	(3.5%)	(0.4%)	(2.4%)	(1.7%)
विदेशी ऋणों के लिए	8.21	—	38.42	24.92
	(1.8%)	(—)	(1.3%)	(1.3%)
जोड़	450.64 (100.0%)	309.72 (100.0%)	2590.90 (100.0%)	1916.00 (100.0%)

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिए आंकड़े जोड़ के प्रतिशत के द्योतक हैं

आवेदन पत्रों पर कार्यवाही करने की समयावधि

2.11 वर्ष के दौरान, सहायता प्राप्त 385 संस्थाओं में से, प्रत्येक मामले में पूरी सूचना, प्राप्त होने की तारीख से 4 महीने के भीतर 373 संस्थाओं को सहायता मंजूर की गई, 9 को चार से छः महीने के भीतर तथा 3 को छः महीने से अधिक की अवधि में सहायता मंजूर की गई।

रुपया ऋण

2.12 वर्ष के दौरान, रुपया ऋण की मंजूरियों की राशि 294.23 करोड़ रुपए रही जो कि पिछले वर्ष की 252.35 करोड़ रुपए की मंजूरियों से 16.6% अधिक है। इसमें 63.12 करोड़ रुपए की उदार ऋण सहायता भी सम्मिलित है जो कि उदार ऋण योजना के अधीन मंजूर की गई। यह सहायता, वर्ष 1983-84 में उदार ऋण योजना के अधीन की गई मंजूरियों की तुलना में 104.5% अधिक है।

2.13 वर्ष के दौरान, उदार ऋण योजना के अधीन संवितरणों को मिलकार रुपया ऋण के संवितरणों की राशि 275.08 करोड़ रुपए रही जो कि 1983–84 के 234.22 करोड़ रुपए के संवितरणों की तुलना में 17.4% अधिक है।

विदेशी मुद्रा ऋण

2.14 वर्ष के दौरान मंजूर विदेशी मुद्रा ऋणों की राशि पिछले वर्ष 1983-84 में मंजूर की गई 55.70 करोड़ रुपए के विदेशी मुद्रा ऋण की तुलना में 99.85 करोड़ रुपए रही। विदेशी मुद्रा स्रोतों में वृद्धि होने पर, विदेशी मुद्रा ऋण की मंजूरियों में 79.3% की विकास दर से सर्वांगिक वृद्धि हुई।

2.15 1984-85 में विदेशी मुद्रा ऋणों के संवितरण, 1983-84 में 12.09 करोड़ रुपए की तुलना में 27.60 करोड़ रुपए के थे। इन में वृद्धि 128.3% हुई।

गारंटियां

2.16 1984-85 में 'आस्थगित अदायगियों के लिए गारंटी' तथा 'विदेशी ऋणों' की मंजूरियां कुल 23.84 करोड़ रुपए रही जबकि 1983-84 में यह राशि 7.45 करोड़ रुपए थी जिसमें 220.0% की वृद्धि हुई।

विदेशों से उपकरण का आयात करने के लिए आस्थगित अदायगियों के लिए गारंटी सुविधा के रूप में 15.63 करोड़ रुपए की सहायता दी गई उक्त सुविधा सब्जियों के अभिसंस्कार और शीतकृत करने सिरेमिक, उर्वरक, जस्ता, घड़ियों, वस्त्र और खानों के क्षेत्र से सम्बन्धित विभिन्न परियोजनाओं के लिए थी। 8.21 करोड़ रुपए विदेशी मुद्रा ऋणों की गारंटियों के रूप में दो परियोजनाओं, एक साईकल तथा एक हार्ड कार्बन चार्ज फ्रोम इकाइयों को मंजूर किए गए

2.17 वर्ष के दौरान, 1.20 करोड़ रुपए की गारंटियां, केरल की एक जिंक परियोजना तथा कर्नाटक की एक सुपारी अभिसंस्कार परियोजना के सम्बन्ध में जारी की गई।

हामीदारी तथा प्रत्यक्ष अभिदान सहायता

2.18 वर्ष के दौरान, 31.04 करोड़ रुपए तथा 0.50 करोड़ रुपए तक इक्विटी शेयरों तथा डिबेंचरों की हामीदारी की सुविधा क्रमश: 86 संस्थाओं और 1 संस्था के मामलों में मंजूर की गई। 0.79 करोड़ रुपए 11 संस्थाओं के इक्विटी शेयरों तथा 0.39 करोड़ रुपए 1 संस्था के डिबेंचरों के लिए प्रत्यक्ष अभिदान भी मंजूर किए गए।

2.19 इस वर्ष के दौरान, 14.76 करोड़ रुपए के 49 शेयर निर्गम जो कि निगम द्वारा हामीदारीकृत किए गए थे; जारी किए गए जबकि 1983-84 में 12.37 करोड़ रुपए के 42 शेयर निर्गम जारी किए गए थे। हामीदारी दायित्वों के अनुसरण में भा० औ० वि० नि० को 3.92 करोड़ रुपए की राशि के शेयर लेने पड़े।

2.20 वर्ष 1984-85 के दौरान हामीदारी दायित्वों के अन्तर्गत लिए गए शेयरों (पहले के वर्षों में लिए गए शेयरों सहित) के सम्बन्ध में संवितरण 4.81 करोड़ रुपए रहा। इसके अतिरिक्त शेयरों एवं डिबेंचरों में प्रत्यक्ष अभिदान के सम्बन्ध में वर्ष 1984-85 में कुल 1.03 करोड़ रुपए (13 कम्पनियों के लिए) के संवितरण भी किए गए थे।

संचयी मंजूरियां तथा संवितरण

2.21 भाऔविनि द्वारा मंजूर संचयी निवल वित्तीय सहायता जो भारतीय उद्योग की सेवा में 37 वर्षों के दौरान पूरे देश में 1,728 संस्थाओं को उनकी 2,093 परियोजनाओं के लिए दी गई थी, वह 2,590.90 करोड़ रुपए रही। 30 जून, 1985 की स्थिति के अनुसार संचयी संवितरण 1,916.00 करोड़ रुपए रहा, जो कुल मंजूरियों का 74 प्रतिशत है लेकिन मंजूर की गई कुल ऋण सहायता के सम्बन्ध में किया गया संवितरण 30 जून 1985 को 78.2% रहा। 30 जून, 1985 की स्थिति के अनुसार 1,302 संस्थाओं पर 1,372.31 करोड़ रुपए की सहायता बकाया थी।

प्राथमिकता क्षेत्र को सहायता

2.22 उच्च राष्ट्रीय प्राथमिकता वाले उद्योगों को 1984-85 के दौरान मंजूर की गई वित्तीय सहायता की राशि 228 परियोजनाओं के लिए 249.21 करोड़ रुपए थी। इसके अतिरिक्त, अन्य चुने हुए महत्वपूर्ण उद्योगों (मूलत:, समय समय पर संशोधित दिनांक 2 फरवरी, 1973 के औद्योगिक नीति कथन के परिशिष्ट 1 में उल्लिखित परन्तु पहले से ही उच्च प्राथमिकता-प्राप्त उद्योगों की सूची में सम्मिलित को छोड़ कर) की 74 औद्योगिक परियोजनाओं को 90.63 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की गई इस प्रकार, जिन 418 औद्योगिक परियोजनाओं को 450.64 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की गई थी, उनमें से उच्च राष्ट्रीय प्राथमिकता वाले और अन्य महत्वपूर्ण चुनिन्दा उद्योगों की 302 परियोजनाओं को 339.84 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की गई जो कि वर्ष 1984-85 में मंजूर सहायता का 75.4 प्रतिशत है।

2.23 1984-85 में 309.72 करोड़ रुपए की सहायता के संवितरण में से 85.0 प्रतिशत भाग, अर्थात 263.14 करोड़ रुपए का संवितरण उच्च राष्ट्रीय प्राथमिकता प्राप्त तथा अन्य चुने हुए महत्वपूर्ण उद्योगों को किया गया।

2.24 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा 1975-85 के दशक के दौरान प्रदान की गई सहायता का लगभग 82% भाग उच्च प्राथमिकता वाले तथा अन्य चुने हुए महत्वपूर्ण उद्योगों को प्राप्त हुआ।

सहायता का उद्देश्यवार वर्गीकरण

2.25 सारणी 4 में, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा वर्ष के दौरान तथा 30 जून, 1985 तक संचयी रूप से मंजूर तथा वितरित की गई सहायता का उद्देश्य-वार विश्लेषण दिया गया है।

सारणी 4 : मंजूर तथा संवितरित सहायता का उद्देश्यवार वर्गीकरण

(करोड़ रुपये)

उद्देश्य	1984-85 (जुलाई-जून)			30 जून 1985 तक संचयी	
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूरियां रु०	संवितरण रु०	मंजूरियां रु०	संवितरण रु०
1	2	3	4	5	6
(i) नई परियोजनाएं	141	244.54 (54.3%)	215.38 (69.5%)	1668.48 (64.4%)	1227.61 (64.1%)
(ii) विस्तार/विशाखन	50	67.60 (15.0%)	27.54 (8.9%)	474.93 (18.3%)	380.75 (19.9%)
(iii) आधुनिकीकरण/नवीकरण, आदि —उदार ऋण योजना	87	63.12 (14.0%)	35.35 (11.4%)	265.78 (10.3%)	192.67 (10.0%)
—सामान्य					
(iv) अन्य उद्देश्य अर्थात्, परियोजना लागत में अतिव्यय को पूरा करने के लिए, पुनरुद्धार संतुलनकारी उपकरण, आदि	140	75.38 (16.7%)	31.45 (10.2%)	181.71 (7.0%)	114.9 (6.0%)
जोड़	418	450.64 (100.0%)	309.72 (100.0%)	2590.90 (100.0%)	1916.00 (100.0%)

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े जोड़ के प्रतिशत के द्योतक हैं।

नई परियोजनाओं को सहायता

2.26 वर्ष के दौरान, सहायता प्राप्त 418 परियोजनाओं में से 141 (33 7%) नई परियोजनाएं रहीं, जिन्हें 244.54 करोड रुपये की सहायता (कुल मंजूरियों का 54.3%) प्रदान की गई। इनमें से 19 परियोजनाओं की, प्रत्येक की पूंजी लागत 3 करोड़ रुपये तक थी; 33 परियोजनाओं की, प्रत्येक की पूंजी लागत 3 करोड़ रुपये से अधिक लेकिन 5 करोड़ रुपये से कम थी; 48 परियोजनाओं की, प्रत्येक की पूंजी लागत 5 करोड़ रुपये से अधिक लेकिन 10 करोड़ रुपये से कम थी; तथा 41 परियोजनाएं ऐसी थीं जिनकी, प्रत्येक की पूंजी लागत 10 करोड़ रुपये से अधिक थी। अतः स्पष्ट है कि वर्ष के दौरान वित्तपोषित परियोजनाओं में से 36.9% परियोजनाओं की, प्रत्येक की पूंजी लागत 5 करोड़ रुपये तक थी और 34.0% परियोजनाएं ऐसी थीं जिनकी प्रत्येक की पूंजी लागत 5 करोड़ रुपये और 10 करोड़ रुपये के बीच थी जबकि 29.1% परियोजनाओं की प्रत्येक की परियोजना लागत 10 करोड़ रुपये से अधिक थी।

आधुनिकीकरण परियोजनाओं को सहायता

2.27 आधुनिकीकरण के प्रयोजन के लिए 87 परियोजनाओं को 63.12 करोड़ रुपये की कुल सहायता प्रदान की गई जो कि वर्ष के दौरान मंजूर कुल सहायता का 14% भाग है जबकि 1983-84 में 74 परियोजनाओं को 42.17 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई थी। इस प्रकार, आधुनिकीकरण के लिए सहायता प्राप्त परियोजनाओं की संख्या में 17.6% की वृद्धि तथा मंजूर की गई सहायता की माला में 49.7% की वृद्धि परिलक्षित है।

2.28 उदार ऋण योजना के अधीन वर्ष के दौरान आधुनिकीकरण के लिये मंजूर की गई समग्र सहायता पिछले वर्ष 67 परियोजनाओं को मंजूर की गई 30.87 करोड़ रुपये की सहायता की तुलना में परियोजनाओं की संख्या की दृष्टि से 29.9% तथा सहायता की राशि की दृष्टि से 104.5% अधिक रही।

विस्तार तथा विशाखन परियोजनाओं को सहायता

2.29 1984-85 में 50 परियोजनाओं को उनके विस्तार तथा विशाखन कार्यक्रमों के लिए 67.60 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई। यह 92.0% अधिक थी, पिछले वर्ष 44 परियोजनाओं को उनके विस्तार विशाखन कार्यक्रमों के लिए मंजूर 35.21 करोड़ रुपये की सहायता की तुलना में परियोजनाओं की संख्या 13.6% अधिक थी।

अन्य प्रयोजनों के लिए सहायता

2.30 पिछले वर्ष 72 परियोजनाओं को मंजूर की गई 24.13 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की तुलना में वर्ष 1984-85 के दौरान 140 परियोजनाओं को अन्य प्रयोजनों, अर्थात् परियोजनाओं में अतिव्यय की लागत को पूरा करने के लिए, पुनर्स्थापन योजना, आदि के लिए 75.38 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मंजूर की गई।

वित्तीय सहायता का क्षेत्रवार वर्गीकरण

(क) सहकारी क्षेत्र

2.31 वर्ष के दौरान, भाऔविनि ने सहकारी क्षेत्र की 28 परियोजनाओं को 26.45 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की। इनमें से 10 चीनी सहकारिताओं को 7.65 करोड़ रुपये की सहायता, 14 वस्त्र सहकारिताओं को 14.45 करोड़ रुपये की सहायता तथा सहकारी क्षेत्र की चार खोई आधारित कागज मिलों को 4.35 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई। 1984-85 में औद्योगिक सहकारिताओं को मंजूर सहायता, वर्ष के दौरान मंजूर कुल सहायता का 5.9% है।

2.32 वर्ष के दौरान, सहकारी क्षेत्र की यूनिटों को 25.86 करोड़ रुपये का संवितरण किया गया जिसमें से 12.86 करोड़ रुपये 40 चीनी सहकारिताओं, 8.26 करोड़ रुपये 33 वस्त्र सहकारिताओं को, 1.81 करोड़ रुपये कोकोआ तैयार करने वाली एक सहकारिता तथा 2.93 करोड़ रुपये की सहायता 3 कागज सहकारिताओं को प्राप्त हुई।

2.33 30 जून, 1985 तक संचयी रूप में भाऔविनि 274 सहकारिताओं को 294.05 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर कर चुका है जिसमें से 253.09 करोड़ रुपये (86.1%) का संवितरण पहले ही किया जा चुका है। सारणी 5 में, विभिन्न औद्योगिक सहकारिताओं को मंजूर तथा संवितरित की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा दिया गया है।

सारणी 5 : औद्योगिक सहकारिताओं को वित्तीय सहायता (1984-58)

(करोड़ रुपये)

औद्योगिक सहकारिताओं की प्रकृति	सहकारिताओं की संख्या	मंजूर की गई सहायता	संवितरित राशि
चीनी	183	192.69	183.96
सूत कताई	80	73.63	57.88
पटसन	1	0.79	0.79
कागज	4	4.35	2.93
उर्वरक	3	18.00	3.00
कृत्रिम रेशे	1	2.50	2.50
वनस्पति तेल	1	0.22	0.22
कोकोआ प्रोसेसिंग	1	1.87	1.81
जोड़	274	294.05	253.09

30 जून, 1985 की स्थिति के अनुसार भाऔविनि द्वारा की गई कुल संचयी सहायता का 11.3% भाग सहकारी क्षेत्र को प्राप्त हुआ।

(ख) निगमित क्षेत्र

2.34 सारणी 6 में, निगमित क्षेत्र की औद्योगिक परियोजनाओं को जिनमें निजी, संयुक्त तथा सरकारी क्षेत्र की औद्योगिक यूनिटें शामिल है, वर्ष के दौरान तथा 30 जून, 1985 तक संचयी रूप में मंजूर सहायता का विश्लेषण दिया गया है।

सारणी 6 : निगमित-क्षेत्र को मंजूर और संवितरित की गई सहायता का विश्लेषण (करोड़ रुपये)

क्षेत्र	1984-85 (जुलाई-जून)			30 जून, 1985 तक संचय		
	मंजूरियां		संवितरण	मंजूरियां		संवितरण
	परियोजनाओं की संख्या	राशि रु०	रु०	परियोजनाओं की संख्या	राशि रु०	रु०
निजी	314	331.01	189.52	1419	1641.49	1198.27
संयुक्त	52	56.25	58.30	179	346.47	224.03
सरकारी	24	36.93	36.04	221	308.69	240.61
जोड़	390	424.19	283.86	1819	2296.85	1662.91

2.35 पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष निजी क्षेत्र की संस्थाओं को सहायता की राशि में 62.8% की वृद्धि हुई लेकिन वर्ष के दौरान, संयुक्त क्षेत्र तथा सरकारी क्षेत्र की यूनिटों को दी गई सहायता का भाग पिछले वर्ष की तुलना में क्रमशः 33.1% तथा 7.3% कम हो गया। वर्ष के दौरान, निजी, संयुक्त तथा सरकारी क्षेत्र की यूनिटों को कुल सहायता का क्रमशः 73.4%, 12.5% तथा 8.2% भाग प्राप्त हुआ।

2.36 एम०आर०टी०पी०/एफ०ई०आर०ए० कंपनियों को दी गई उल्लेखनीय रियायतों के कारण बड़े औद्योगिक गृहों (अर्थात् एम० आर०टी०पी० अधिनियम, 1969 के अन्तर्गत पंजीकृत 20 करोड़ रुपये से अधिक कुल परिसम्पत्तियों वाले पारम्परिक रूप से सम्बद्ध उपक्रम) को वर्ष के दौरान प्राप्त सहायता पिछले वर्ष के 22.10 करोड़ रुपये की तुलना में 87.17 करोड़ रुपये तक बढ़ गई जो कि 48 संस्थाओं की 61 परियोजनाओं के लिए प्रदान की गई। यह पिछले वर्ष कुल मंजूर सहायता के 6.2% की तुलना में 1984-85 में कुल मंजूर सहायता का 19.3% हो गई।

2.37 1984-85 में बड़े औद्योगिक समूहों से सम्बद्ध जिन 61 परियोजनाओं को सहायता मंजूर की गई, उन में से 49 परियोजनाएं उच्च प्राथमिकता क्षेत्र के उद्योगों जैसे खाद, सीमेंट, कागज, वस्त्र, अलौह धातु, मूल औद्योगिक रसायन, आदि की थी। बाकी 12 परियोजनाओं में से 11 परियोजनाएं उदार ऋण योजना के अधीन आधुनिकीकरण सहायता के संबंध में तथा एक परियोजना पुनर्स्थापन कार्यक्रम के अधीन वित्तपोषित की गई।

2.38 30 जून, 1985 तक भा०औ०वि०नि० द्वारा बड़े औद्योगिक गृहों अर्थात् एम०आर०टी०पी० अधिनियम, 1969 के अन्तर्गत पंजीकृत 20 करोड़ रुपये से अधिक कुल परिसम्पत्तियों वाले पारम्परिक रूप से सम्बद्ध उपक्रमों की संस्थाओं को उनकी 378 परियोजनाओं के लिए संचयी वित्तीय सहायता 543.52 करोड़ रुपये प्रदान की गई। इस सहायता में 346.52 करोड़ रुपये रुपया ऋण, 134.80 करोड़ रुपये विदेशी मुद्रा ऋण, 32.46 करोड़ रुपये हामीदारी/प्रत्यक्ष अभिदान तथा 29.74 करोड़ रुपये गारंटी के रूप में सम्मिलित है तथा 30 जून, 1985 तक भा०औ०वि०नि० द्वारा औद्योगिक संस्थाओं को मंजूर कुल संचयी सहायता का 21% भाग था।

2.39 यह उल्लेखनीय है कि भा०औ०वि०नि० की स्थापना के समय मुख्यतः निजी निगमित क्षेत्र तथा सहकारी क्षेत्र के मध्यम तथा बड़े वर्ग के उद्योगों को ही वित्तीय सहायता प्रदान करने का मुख्य दायित्व सौंपा गया था। 1970 से ही भा०औ०वि०नि० द्वारा चयनात्मक आधार पर लेकिन निजी निगमित क्षेत्र के संबंध में लागू निबंधन तथा शर्तों पर सरकारी क्षेत्र की मध्यम दर्जे की यूनिटों को भी वित्तपोषित किया जाने लगा। तत्पश्चात् संयुक्त क्षेत्र में उस समय विकसित उद्योग स्थापित करने की धारणा के अधीन आने वाली परियोजनाओं को भी सहायता प्रदान की जाने लगी। भा०औ०वि०नि० के कार्यों में सरकारी और संयुक्त क्षेत्र के भाग को इसी परिप्रेक्ष्य में देखना होगा।

2.40 संचयी रूप से भी देखा जाए तो 30 जून, 1985 की स्थिति के अनुसार भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की कुल सहायता में निजी क्षेत्र की परियोजनाओं का भाग सर्वाधिक, अर्थात् 63.4% रहा, संयुक्त तथा सरकारी क्षेत्र की परियोजनाओं का भाग, क्रमशः 13.4% तथा 11.9% रहा। समग्र निगमित क्षेत्र को मंजूर की गई सहायता, भा०औ०वि०नि० द्वारा 30 जून, 1985 तक दी गई कुल सहायता का 88.7% रहा।

सहायता का उद्योग-वार प्रसार

2.41 वर्ष के दौरान तथा 30 जून, 1985 तक संचयी रूप से सहायता का उद्योग वार प्रसार सारणी 7 में दिया गया है।

सारणी 7 : सहायता का उद्योगवार प्रसार (करोड़ रुपये)

उद्योग	1984-85 (जुलाई-जून)			30 जून 1985 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि	कुल का प्रतिशत	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि	कुल का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7
मूल उद्योग (अर्थात् मूल धातु उद्योग, मूल औद्योगिक रसायन, उर्वरक, सीमेंट, खनन, शक्ति जनन, आदि)	110	163.08	36.2	459	883.21	34.1
पूंजी माल उद्योग (अर्थात् मशीनरी व उपांग, बिजली मशीनरी और उपकरण, परिवहन उपस्कर, आदि)	56	61.72	13.7	337	312.55	12.0
मध्यवर्ती माल उद्योग (अर्थात् रसायन उत्पाद, धातु उत्पाद, अधातु खनिज उत्पाद, पटसन, टायर एवं ट्यूब, आदि)	99	106.31	23.6	391	450.26	17.4
उपभोक्ता माल उद्योग (अर्थात चीनी, अन्य खाद्य उत्पाद, सूती/ऊनी वस्त्र, कागज और अन्य विविध उद्योग)	137	107.45	23.8	881	890.86	34.4
सेवा उद्योग (अर्थात होटल, जहाजरानी, आदि)	16	12.08	2.7	55	54.02	2.1
जोड़	418	450.64	100.0	2093	2590.90	100.00

2.42 वर्ष के दौरान, भा०औ०वि०नि० की सहायता का उल्लेखनीय भाग जिन उद्योगों को प्राप्त हुआ वे हैं : वस्त्र (11.6%) उर्वरक (10.1%) कृत्रिम रेशे (9.9%) सीमेंट (9.4%), रसायन और रसायन उत्पाद (6.1%), विद्युतीय मशीनरी तथा उपस्कर (5.9%), परिवहन उपस्कर (5.5%), प्लास्टिक उत्पाद तथा सामग्री (4.9%) कागज (3.9%), लोहा तथा इस्पात (3.5%) आदि।

2.43 संचयी रूप से, वस्त्र, सीमेंट तथा चीनी उद्योगों को भा० औ०वि०नि० की सहायता का सर्वाधिक लाभ प्राप्त होता रहा जोकि निगम की कुल सहायता का 36.2% था। तत्पश्चात् रसायन तथा रसायन उत्पाद (8.5%), कागज (6.4%), उर्वरक तथा कीटनाशक (5.9%) लोहा तथा इस्पात (5.7%) कृत्रिम रेशे (5.2%) परिवहन उपस्कर (4.7%) बिजली मशीनरी तथा उपकरण (3.8%) अलौह धातुएं (2.4%) शक्ति जनन (2.3%) आदि।

सारणी 8 : सहायता का राज्य/राज्य-क्षेत्र-वार प्रसार (करोड़ रुपये)

राज्य/राज्य-क्षेत्र	1984-85 (जुलाई-जून) परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि	कुल का प्रतिशत	30 जून, 1985 तक संचयी परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि	कुल का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7
आन्ध्र प्रदेश	35	45.79	10.2	184	257.69	9.9
असम	1	3.20	0.7	19	25.89	1.0
बिहार	7	4.76	1.1	62	64.89	2.5
गुजरात	33	34 13	7.6	198	270.43	10 4
हरियाणा	11	6.42	1.3	90	78.22	3.0
हिमाचल प्रदेश	7	5.71	1.3	23	26.77	1.0
जम्मू व कश्मीर	5	7.66	1.7	14	14.50	0.6
कर्नाटक	27	24.71	5.5	157	184.99	7.1
केरल	13	16.28	3.6	66	83.83	3.2
मध्य प्रदेश	24	23.11	5.1	76	107.58	4.2
महाराष्ट्र	57	65.88	14.7	372	393.36	15.2
मेघालय	--	--	--	2	2.74	0.1
नागालैंड	1	1.41	0.3	3	2.08	0.1
उड़ीसा	10	20.61	4.5	48	89.20	3.5
पंजाब	23	17.81	3.9	77	104.98	4.1
राजस्थान	32	25.51	5.7	92	148.85	5.8
सिक्किम	—	—	—	1	1.00	--
तमिलनाडु	42	32.41	7.2	177	220.95	8.5
त्रिपुरा	--	--	--	1	1.16	—
उत्तर प्रदेश	54	84.81	18.9	226	315.56	12.2
पश्चिम बंगाल	20	21.33	4.7	160	141.41	5.5
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	1	0.30	0.1	1	0.82	—
अरुणाचल प्रदेश	--	--	--	1	0.16	—
चण्डीगढ़	2	0.41	0.1	2	0.76	—
दादरा और नगर हवेली	1	0.61	0.1	1	0.61	--
दिल्ली	8	5.17	1.1	20	30.99	1.2
गोवा	2	1.25	0.3	11	11.78	0.5
पांडिचेरी	2	1.36	0.3	9	9.70	0.4
जोड़	418	450.64	100.0	2093	2590.90	100.0

सहायता का राज्य-वार प्रसार

2.44 वर्ष के दौरान तथा 30 जून 1985 तक संचयी रूप से भा०औ०वि०नि० की सहायता का राज्य-वार प्रसार सारणी 8 में दिया गया है।

2.45 वर्ष के दौरान राज्य-वार सहायता की प्रवृत्ति की विशेष बात यह रही कि संघ राज्य क्षेत्र दादरा व नगर हवेली को पहली बार सहायता प्रदान की गई जहां एक वर्तमान संस्था को उसकी विशाखन योजना के अधीन आटो-सहायक और बिल्ट रगड़ाई मशीन निर्माण की नई इकाई लगाने के लिए सहायता मंजूर की गई।

2.46 1984-85 के दौरान प्रथम तीन स्थानों पर उत्तरप्रदेश महाराष्ट्र तथा आन्ध्र प्रदेश को भा०औ०वि०नि० की मंजूर की गई कुल सहायता का क्रमशः 18.9% 14.7% तथा 10.2% भाग प्राप्त हुआ।

2.47 पिछले वर्ष की अपेक्षा हिमाचल प्रदेश, जम्मू व कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु तथा पश्चिम बंगाल को इस वर्ष भा०औ०वि०नि० की सहायता में अधिक भाग प्राप्त हुआ, वर्ष के दौरान जिन राज्यों का भाग कम हुआ वे हैं: गुजरात, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश तथा उड़ीसा।

2.48 संचयी रूप से महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश तथा गुजरात भा०औ० वि०नि० की कुल सहायता के प्रथम तीन स्थानों पर बने रहे। इस क्रम में, इनके बाद आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान तथा पश्चिम बंगाल का स्थान रहा।

अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों में परियोजनाओं को सहायता

2.49 वर्ष के दौरान, 418 परियोजनाओं के लिए मंजूर की गई 450.64 करोड़ रुपये की कुल सहायता में से 60.5% अर्थात् 272.59 करोड़ रुपये अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों में स्थित 220 परियोजनाओं (वित्तपोषित परियोजनाओं की कुल संख्या का 52.6%) के लिए मंजूर किए गए थे।

2.50 पिछड़े जिलों/क्षेत्रों का श्रेणी "क" (उद्योग रहित/विशेष क्षेत्र जिले) "ख" तथा "ग" में पुनर्वर्गीकरण किए जाने के पश्चात् भा०औ०वि०नि० का यह प्रयास रहा है, कि इसकी सहायता यथासंभव अधिक से अधिक उद्योग रहित जिलों/औद्योगिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों को प्राप्त हो सके। वर्ष के दौरान, श्रेणी "क" (उद्योग रहित/विशेष क्षेत्र) जिलों में सहायता, पिछले वर्ष 23 परियोजनाओं को मंजूर 26.99 करोड़ रुपये की तुलना में 49 परियोजनाओं को 87.03 करोड़ रुपये मंजूर की गई। इस प्रकार 1984–85 में श्रेणी "क" (उद्योग रहित/विशेष क्षेत्र) जिलों की परियोजनाओं को 1983-84 में मंजूर सहायता तिगुने से भी अधिक हो गई। श्रेणी "ख" तथा "ग" जिलों में क्रमशः 97 तथा 74 परियोजनाओं को क्रमशः 97.75 करोड़ रुपये तथा 87.11 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई।

2.51 अधिसूचित औद्योगिक रूप से पिछड़े जिलों/क्षेत्रों में जो नई परियोजनाएं वित्तपोषित की गईं, वे 100 थीं जिनमें से 72 परियोजनाओं की पूंजी लागत 10 करोड़ रुपये तक तथा 28 परियोजनाओं की पूंजी लागत 10 करोड़ रुपये से अधिक थी।

2.52 श्रेणी "क", "ख" तथा "ग" जिलों की वित्तपोषित परियोजनाओं के मुख्य उद्योग थे: वस्त्र (37), सीमेंट (29), रसायन तथा रसायन उत्पाद (21), उर्वरक व कीटनाशक (17), कृत्रिम रेसिन्स और प्लास्टिक उत्पाद (13), विद्युतीय मशीनरी तथा उपकरण (13), लोहा तथा इस्पात (9), कृत्रिम रेशे (13), कागज (10), परिवहन उपस्कर (9), धातु उत्पाद (7), विविध धातु खनिज उत्पाद (7), चीनी (6), आदि।

2.53 30 जून, 1985 तक संचयी रूप से भा०औ०वि०नि० ने अधिसूचित रूप से पिछड़े जिलों/क्षेत्रों में स्थित 954 परियोजनाओं को 1,345.80 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मंजूर की थी जो कि निगम की निवल संचयी मंजूरियों का 51.9% है।

नए उद्यमियों द्वारा प्रवर्तित परियोजनाएं

2.54 वर्ष के दौरान, वित्तपोषित 141 नई परियोजनाओं में से 18 परियोजनाएं नए और तकनीकज्ञ उद्यमियों द्वारा प्रवर्तित की गई जिन्हें 17.56 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई। उक्त परियोजनाओं के उद्योग सीमेंट, प्लास्टिक उत्पाद, रसायन कांच, होटल, विविध खाद्य उत्पाद, आदि थे। इसके अतिरिक्त उपर्युक्त नए उद्यमियों द्वारा प्रवर्तित 18 नई परियोजनाओं में से 15 परियोजनाएं अधिसूचित पिछड़े जिलों क्षेत्रों में स्थित थीं जिनमें से 7 परियोजनाएं श्रेणी "क" के (उद्योग रहित/विशेष क्षेत्र) जिलों में स्थित थीं।

2.55 भारतीय उद्योग की 37 वर्ष की सेवा के दौरान भा०औ०वि०नि० विस्तृत पृष्ठभूमि से प्रथम पीढ़ी के अनेक उद्यमियों को देश के औद्योगिक क्षेत्र में लाने में सफल रहा है। इन नए उद्यमियों द्वारा प्रवर्तित 253 परियोजनाओं को केवल भा०औ०वि०नि० से ही 167.63 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई है।

निर्यात उन्मुख परियोजनाओं को सहायता

2.56 वर्ष के दौरान भा०औ०वि०नि० ने 100% निर्यात-उन्मुख 9 परियोजनाओं को 21.92 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की। इसके अतिरिक्त तीन अन्य परियोजनाओं, जिनका 60% से अधिक उत्पादन महत्वपूर्ण निर्यात दायित्व था, को भी वर्ष के दौरान 4.48 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई। परियोजनाएं चमड़ा उत्पाद, सूती लच्छीदार धागे, फ्लोपी डिस्क, इलेक्ट्रानिक पी०ए०बी० सिस्टम, कलाई घड़ियां, मैगनेटिक टेपें, उच्च कार्बन लौह क्रोम, सिरेमिक टाइलें, विविध खाद्य उत्पाद, जंगरहित इस्पात कटलरी, डीजल इंजिन, आदि सामान का उत्पादन करेंगी।

विदेशी सहयोग पर आधारित तथा विदेशों से प्रौद्योगिकी अन्तरण करने वाली परियोजनाओं को सहायता

2.57 वर्ष के दौरान, वित्तपोषित 418 परियोजनाओं में 68 ऐसी परियोजनाओं को 149.63 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई जो विदेशी सहयोग तथा/या विदेशों से प्रौद्योगिकी अन्तरण पर आधारित थीं। उपर्युक्त में से 21 परियोजनाएं वित्तीय तथा तकनीकी सहयोग पर आधारित थीं जबकि बाकी 47 परियोजनाएं केवल तकनीकी सहयोग पर आधारित थीं। विदेशी सहयोग पर आधारित 68 परियोजनाओं के उद्योग थे आटोमोबाइल्स (11 परियोजनाएं), विद्युतीय मशीनरी तथा उपस्कर (13 परियोजनाएं), औद्योगिक मशीनरी (6 परियोजनाएं), प्लास्टिक उत्पाद (6 परियोजनाएं), सिंथेटिक फाबर्स (5 परियोजनाएं), लोहा तथा इस्पात (4 परियोजनाएं), धातु उत्पाद (4 परियोजनाएं), रसायन तथा रसायन उत्पाद (4 परियोजनाएं) तथा अन्य उद्योग (15 परियोजनाएं)।

2.58 जिन देशों से टेक्नोलोजी प्राप्त की गई तथा उन परियोजनाओं की संख्या का विवरण इस प्रकार रहा: जापान (10), संयुक्त राष्ट्र अमेरिका (24), जर्मन संघीय गणराज्य (12), इटली (2), फ्रांस (6), ब्रिटेन (3), स्विटज़रलैण्ड (2), डेनमार्क (1), नार्वे (1), फिनलैंड (1), आयरलैंड (1), नीदरलैंड (1), लक्जमबर्ग (1), दक्षिणी कोरिया (1), सिंगापुर (1) तथा पोलैंड (1)।

वित्तपोषित परियोजनाओं (1984-85) के विशेष अभिलक्षण

2.59 वर्ष के दौरान, भा०औ०वि०नि० ने कई ऐसी परियोजनाओं को सहायता प्रदान की, जिनके कुछ विशेष अभिलक्षण थे, जैसे निर्मित किए जाने वाले उत्पाद का देश में पहली बार प्रस्तुत किया जाना, स्थानीय रूप से उपलब्ध साधनों के उपयोग के अतिरिक्त उप-उत्पादों या अपशिष्ट सामग्री का पूर्ण उपयोग ईंधन सक्षम या बिजली सक्षम प्रौद्योगिकी का उपयोग आदि। इन परियोजनाओं में ऐसी परियोजनाएं भी थीं जिनका प्रस्ताव भारी और हल्के वजन के बिना बने वस्त्र, पोली-टेट्रा क्लोरो इथीलीन, बाइक्सिली उन्मुख तथा संतुलित टेप और कृत्रिम दर्पण की संतुलित पोलियस्टर फिल्म, कास फिल्म लेमिनेटर थर्मोस्टेटिक बाइमैटल पत्तियां, वीडियो टेप और कैसेट, जिप्सम फाइबर बोर्ड, चावल की भूसी, खाद्य ग्रेड तेल, आदि उत्पादों को पहली बार प्रस्तुत करना था। वर्ष के दौरान जिन सल्फ्यूरिक एसिड तथा इकहरी सुपरफास्फेट परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी, उनके संबंध में यह सुनिश्चित किया गया कि संयंत्रों में डी०सी०डी०ए० प्रणाली को अपनाया जाए ताकि सल्फ्यूरिक एसिड संयंत्र को प्रदूषण रहित बनाया जा सके तथा उस संयंत्र में फ्लोराइन जैसे कि सोडियम सिलिकोफ्लोराइड के पुनर्लाभ की सुविधा भी हो। यह भी सुनिश्चित किया गया कि संयंत्र ईंधन सक्षम हो तथा सल्फ्यूरिक एसिड संयंत्र की प्रक्रियाधीन गैसों से प्राप्त अपशिष्ट ताप का उचित उपयोग करने में समर्थ हों। अन्य मामलों में, विदेशी प्रौद्योगिकी के अधिग्रहण पर विचार करते समय यह भी सुनिश्चित किया गया कि प्रौद्योगिकी केवल विकसित ही न हो बल्कि ईंधन तथा शक्ति सक्षम भी हो।

2.60 वर्षों के दौरान भा०औ०वि०नि० के कार्यों की महत्वपूर्ण विशेषता देश की पंचवर्षीय योजनाओं के साथ, इसकी उधार नीतियों के साथ एकीकरण की रही। इस प्रकार, निगम प्रत्येक योजना की अवधि के दौरान देश में उद्योगीकरण की नीति के अनुरूप चलने में समर्थ रहा है। इसका स्पष्ट अनुमान अगले पृष्ठ पर सारणी 9 में मंजूर तथा संवितरित सहायता से लगाया जा सकता है।

2.61 उपर्युक्त से यह पता लगेगा कि छठी योजना की अवधि (1980-85) के दौरान भा०औ०वि०नि० की कुल मंजूरियां तथा संवितरण जो कि क्रमशः 1,505.76 करोड़ रुपये तथा 1,098.18 करोड़ रुपये है, जो कि पांचवीं योजना की अवधि तथा वर्ष 1978-79 और 1979-80 में की गई मंजूरियों तथा संवितरणों से क्रमशः 160.1% तथा 191.9% अधिक है।

सारणी 9 : योजना-वार मंजूर और संवितरित की गई सहायता (करोड़ रुपये)

30 जून को समाप्त वर्ष	मंजूर की गई वित्तीय सहायता				संवितरित की गई वित्तीय सहायता			
	ऋण रु०	हामीदारियां रु०	गारंटियां रु०	कुल रु०	ऋण रु०	हामीदारियां रु०	गारंटियां रु०	जोड़ रु०
1	2	3	4	5	6	7	8	9
पहली योजना से पूर्व की अवधि	8.13	—	—	8.13	5.79	—	—	5.79
पहली योजना	27.03	—	—	27.03	10.94	—	—	10.94
दूसरी योजना	52.96	3.57	16.30	72.83	40.62	1.31	15.11	57.04
तीसरी योजना	123.92	17.22	29.48	170.62	100.33	14.00	26.80	141.13
वार्षिक योजनाएं								
1967	13.18	1.87	4.00	19.05	34.76	2.90	5.64	43.30
1968	14.95	1.49	0.89	17.33	27.24	1.06	2.62	30.92
1969	24.19	2.41	0.39	26.99	16.44	1.68	0.28	18.40
जोड़	52.32	5.77	5.28	63.37	78.44	5.64	8.54	92.62
चौथी योजना								
1970	12.07	1.24	0.04	13.35	18.04	0.85	0.34	19.23
1971	28.29	2.15	0.42	30.86	19.03	0.87	0.20	20.10
1972	33.71	4.57	—	38.28	23.82	1.00	0.12	24.94
1973	40.87	2.01	0.60	43.48	33.43	2.30	0.62	36.35
1974	35.75	2.47	0.04	38.26	30.67	1.46	0.05	32.18
जोड़	150.69	12.44	1.10	164.23	124.99	6.48	1 33	132.80
पांचवीं योजना :								
1975	29.73	3.89	—	33.62	37.72	1.07	0.34	39.13
1976	45.18	3.10	—	48.28	43.65	2.40	—	46.05
1977	84.18	8.29	—	92.47	58.85	1.72	—	60.57
1978	99.33	5.50	0.28	105.11	59.36	5.10	—	64.46
जोड़	258.42	20.78	0.28	279.48	199.58	10.29	0.34	210.21
वार्षिक योजनाएं								
1979	138.98	9.67	—	148.65	68.97	3.15	0.20	72.32
1980	142.12	8.68	—	150.80	92.73	2.24	—	94.97
जोड़	281.10	18.35	—	299.45	161.70	5.39	0.20	167.29
छठी योजना :								
1981	177.93	17.15	0.70	195.78	125.96	2.14	—	128.10
1982	227.10	19.41	5.77	252.28	183.97	2.67	0.87	187.51
1983	238.23	18.79	5.71	262.73	210.94	7.04	1.34	219.32
1984	299.17	37.42	7.74	344.33	246.31	5.30	1.92	253.53
1985	394.08	32.72	23.84	450.64	302.68	5.84	1.20	309.72
जोड़	1336.51	125.49	43.76	1505.76	1069.86	22.99	5.33	1098.18
कुल जोड़	2291.08	203.62	96.20	2590.90	1792.25	66.10	57.65	1916.00

भा० औ० वि० नि० द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं की स्रोत प्रवृत्ति

2.62 औद्योगिक परियोजनाओं में निवेश के लिए स्रोत जुटाने में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की सहायता की उल्लेखनीय उत्प्रेरक भूमिका है। वर्ष 1984-85 के दौरान भा० औ० वि० नि० द्वारा वित्तपोषित 342 परियोजनाओं (परियोजना लागत, आदि के अतिव्यय के वित्तपोषण के लिए, वर्ष के दौरान, अतिरिक्त सहायता की मंजूरियों के 76 मामलों को छोड़कर) की वित्त व्यवस्था के विश्लेषण से पता लगता है कि इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 4,508.48 करोड़ रुपए को अगले पृष्ठ पर सारणी 10 में दिए विवरण के अनुसार निधिबद्ध किया गया।

संपरिवर्तनीयता विकल्प का निर्धारण, प्रयोग और छूट

2.63 वर्ष के दौरान, की गयी मंजूरियों के सम्बन्ध में केवल 68 मामलों में संपरिवर्तनीयता खण्ड का निर्धारण किया गया। वर्ष के दौरान केवल 10 मामलों में संपरिवर्तनीयता अधिकार का प्रयोग किया गया और 61 मामलों में संपरिवर्तनीयता समाप्त कर दी गयी।

2.64 संचयी रूप से भा० औ० वि० नि० 997 मामलों में संपरिवर्तनीयता खण्ड निर्धारित कर चुका है, 403 मामलों में संपरिवर्तनीयता विकल्प का प्रयोग किया जा चुका है और सभी सम्बद्ध पहलुओं को ध्यान में रखते हुए 346 मामलों में इससे छूट दी जा चुकी है।

नामांकन

2.65 वर्ष के दौरान, भा० औ० वि० नि० ने 60 वित्तपोषित संस्थाओं के निदेशक बोर्डों में नामित (विभागीय और गैर-विभागीय) नियुक्त किए। संचयी रूप से 30 जून, 1985 की स्थिति के अनुसार भा० औ० वि० नि० ने 486 वित्तपोषित संस्थाओं के बोर्डों में 265 नामितों को नियुक्त किया जिनमें से 104 विभागीय तथा 161 गैर-विभागीय थे।

जनहित में की गयी मंजूरियां

2.66 औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 26(2) की व्यवस्थाओं के अधीन कारोबार को नियमित करने के उद्देश्य से निदेशक बोर्ड द्वारा बनाए गए तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा अनुमोदित किए गए भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (विनिर्दिष्ट औद्योगिक संस्थाओं के साथ कारोबार का संव्यवहार) विनियम, 1982 की शर्तों के अधीन, 1984-85 में जनहित में उन दो संस्थाओं को निदेशक बोर्ड द्वारा 1.62 करोड़ रुपए में सहायता प्रदान की गयी, जिनमें भा० औ० वि० नि० के दो निदेशक हितबद्ध थे। उक्त मंजूरियों का विवरण सारणीबद्ध रूप में इस रिपोर्ट के परिशिष्ट III में दिया गया है।

सारणी 10 : भा० औ० वि० नि. द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं की वित्तपोषण प्रवृत्ति (करोड़ रुपए)

वित्तपोषण प्रवृत्ति	नई परियोजनाएं	विस्तार/विशाखन परियोजनाएं	आधुनिकीकरण परियोजनाएं	पुनर्स्थापन, संतुलन उपस्कर, आदि के लिए सहायता	जोड़
परियोजनाओं की संख्या	141	50	87	64	342
I प्रवर्तक योगदान					
—शेयर पूंजी	346.82 (13.4%)	47.43 (8.8%)	38.12 (3.4%)	2.94 (1.1%)	435.31 (9.7%)
—अरक्षित गौण ऋण	11.16 (0.4%)	4.11 (0.8%)	5.67 (0.5%)	8.70 (3.2%)	29.64 (0.7%)
—आन्तरिक प्रोद्भूत, आदि	151.86 (5.9%)	91.54 (17.0%)	179.98 (16.2%)	56.88 (21.2%)	480.26 (10.7%)
II दीर्घकालीन ऋण प्रदान करने वाले संस्थान अर्थात् भाऔविनि भाऔविबैं और भाऔसानिनि, द्वारा सहायता					
—ऋण तथा डिबेन्चर	148.48 (44.3%)	170.89 (31.8%)	365.26 (32.9%)	125.29 (46.6%)	1809.92 (40.2%)
—साधारण शेयर सहायता	159.67 (6.3%)	1.70 (0.3%)	— (—)	— (—)	161.37 (3.6%)
III निवेश संस्थानों, अर्थात जी० बी० नि०, सा० बी० नि०, भा० यू० ट्र० द्वारा सहायता	97.82 (3.8%)	43.65 (8.1%)	100.59 (9.1%)	25.23 (9.4%)	267.29 (5.9%)
IV बैंकों द्वारा सहायता (दीर्घकाली वित्त)	262.94 (10.2%)	21.50 (4.0%)	55.26 (5.0%)	30.63 (11.4%)	370.33 (8.2%)
V राज्य स्तरीय संस्थानों द्वारा सहायता	39.26 (1.5%)	7.38 (1.4%)	3.50 (0.3%)	2.42 (0.9%)	52.56 (1.1%)
VI आधिकारिक निर्गम	78.78 (3.0%)	57.64 (10.7%)	9.16 (0.8%)	0.53 (0.2%)	146.11 (3.2%)
VII आस्थगित अदायगियां	256.91 (9.9%)	24.45 (4.5%)	— (—)	13.76 (5.2%)	295.12 (6.5%)
VIII विदेशी संस्थानों ऋण	10.48 (0.4%)	16.87 (3.1%)	205.00 (18.5%)	— (—)	232.35 (5.2%)
IX अन्य	27.20 (1.0%)	51.00 (9.5%)	147.79 (13.3%)	2.23 (0.8%)	228.22 (5.0%)
जोड़ :	2591.38 (100.0%)	538.16 (100.0%)	1110.33 (100.0%)	268.61 (100.0%)	4508.48 (100.00%)

टिप्पणी : 1. कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े जोड़ के प्रतिशत के द्योतक हैं।

2. उपरोक्त में परियोजना लागत आदि में अतिव्यय को पूरा करने के लिए सहायता की मंजूरियों के मामले शामिल नहीं हैं।

(ख) स्रोत

2.67 भा० औ० वि० नि० के परियोजना वित्तपोषण कार्यों के लिए भा० औ० वि० नि० के स्रोतों में इसकी शेयर पूंजी, आरक्षित निधियां, ऋणियों द्वारा ऋणों की पुनः अदायगी और निवेशों की बिक्री/विमोचन बांडों के निर्गमन द्वारा बाजार से उधार, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक और केन्द्रीय सरकार से ऋण, विदेशी वित्तीय संस्थानों से विदेशी ऋण तथा अन्तर्राष्ट्रीय पूंजी बाजार से ऋण सम्मिलित हैं। 1984-85 में स्रोतों के सम्बन्ध में निगम की स्थिति निम्नलिखित है ।

शेयर पूंजी

2.68 वर्ष के दौरान, भा० औ० वि० नि० की प्रदत्त शेयर पूंजी 27.50 करोड़ रुपए से बढ़कर 35.00 करोड़ रुपए हो गयी जिसके लिए 5,000/- रुपए प्रत्येक के 10,000 शेयरों (नौवीं सीरीज) पर 2,500/- रुपए प्रति शेयर की दर से बकाया राशि की मांग की गयी 5,000/- रुपए के 20,000 शेयरों (बसवीं सीरीज) का अतिरिक्त निर्गम किया गया जिसके प्रत्येक शेयर पर 50% आवेदन राशि की मांग की गयी ।

आरक्षित निधियां

2.69 30 जून 1985 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ में से 25.99 करोड़ रुपए के अन्तरण और ब्याज अन्तर जन्य निधि (अनुदान भाग) के अन्तर्गत निधियों की प्राप्ति और उपयोग के परिणामस्वरूप 0.01 करोड़ रुपए और वातव्य आरक्षित निधि के अन्तर्गत 0.23 करोड़ रुपए की निवल वृद्धि की व्यवस्था करने के पश्चात् भा० औ० वि० नि० की आरक्षित निधियां 88.09 करोड़ रुपए से बढ़कर 114.32 करोड़ रुपए हो गयी। इस प्रकार भा० औ० वि० नि० की आरक्षित निधियां इसकी प्रदत्त पूंजी से 79.32 करोड़ रुपए अधिक हो गयी हैं ।

ऋणों की पुनर्अदायगी और प्रतिभूतियों की बिक्री/विमोचन

2.70 वर्ष के दौरान, निगम को ऋणियों द्वारा मूलधन के रूप में 67.05 करोड़ रुपए की पुनर्अदायगी की गयी जो कि पिछले वर्ष 57.75 करोड़ रुपए थी ।

2.71 निवेशों की बिक्री/विमोचन से वर्ष के दौरान 1.42 करोड़ रुपए प्राप्त हुए जबकि पिछले वर्ष यह राशि 1.85 करोड़ रुपए थी ।

2.72 (क) ऋणों की पुनर्अदायगी, (ख) निवेशों के बिक्री/विमोचन और (ग) 0.90 करोड़ रुपए ऋणों को साधारण पूंजी में अन्तरित करने से 1984-85 में 69.37 करोड़ रुपए की कुल प्राप्ति हुई जो पिछले वर्ष के 60.12 करोड़ रुपए से 15.4% अधिक है ।

बांड निर्गम

2.73 भा० औ० वि० नि० ने वर्ष के दौरान दो सार्वजनिक बांड निर्गम जारी किए, अर्थात् 20 दिसम्बर, 1984 को 69.25 करोड़ रुपए के 9% बांड 1999 (दूसरी सीरीज); 10 जून 1985 को 160.00 करोड़ रुपए के 9.75% बांड 1998 (इकतालीसवीं सीरीज) दोनों निर्गमों में पूर्ण अभिदान हुआ और निर्गमों की अनमय 10% राशि, जो भा० औ० वि० नि० द्वारा रखी जा सकती थीं, मिलाकर बांडों के निर्गम द्वारा वर्ष के दौरान 248.02 करोड़ रुपए की कुल राशि जुटायी गयी ।

2.74 47.65 करोड़ रुपए के बांडों की चार सीरीज अर्थात् 11.01 करोड़ रुपए, 13.17 करोड़ रुपए, 11.00 करोड़ रुपए तथा 12.47 करोड़ रुपए के क्रमशः 5¾% बांड, 1984, 6% बांड, 1984, 5 3/4% बांड 1985 तथा 6% बांड 1985 को विमोचित करने के बाद कुल मिलाकर 30 जून 1985 की स्थिति के अनुसार बांडों की निवल बकाया राशि 1,081.91 करोड़ रुपए हो गयी जबकि 30 जून, 1984 को यह राशि 881.54 करोड़ रुपए थी, येन मुद्रा में 25.09 करोड़ रुपए के 7.6% बांडों से बकाया राशि 1,107.00 करोड़ रुपए हो गयी ।

भारतीय औद्योगिक विकास बैंक और केन्द्रीय सरकार से उधार

2.75 30 जून, 1985 की स्थिति के अनुसार भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से 40.00 करोड़ रुपए के बकाया अस्थायी उधार के सिवाय भारतीय औद्योगिक विकास बैंक या केन्द्रीय सरकार से कोई ऋण नहीं लिया गया, लेकिन वर्ष के दौरान, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक तथा केन्द्रीय सरकार को क्रमशः 2.50 करोड़ रुपए तथा 0.68 करोड़ रुपए पुनः अदा किए गए जिसके परिणामस्वरूप भारतीय औद्योगिक विकास बैंक और केन्द्रीय सरकार से लिए गए उधारों की निवल राशि 30 जून, 1985 की स्थिति के अनुसार क्रमशः 83.75 करोड़ रुपए और 4.12 करोड़ रुपए से कम होकर 81.25 करोड़ रुपए तथा 3.44 करोड़ रुपए रह गयी। भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से 40 करोड़ रुपए का अस्थायी उधार शामिल करके भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से बकाया उधार 121.25 करोड़ रुपए हो गया ।

2.76 ब्याज अन्तरजन्य निधियों के अन्तर्गत जहां तक ऋण भाग का सम्बन्ध है, वर्ष के दौरान केन्द्रीय सरकार से 0.90 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई और इस खाते में 0.24 करोड़ रुपए की राशि पुनः अदा की गयी। इस प्रकार केन्द्रीय सरकार को देय ब्याज अन्तर जन्य निधियों के कुल ऋण भाग की राशि 30 जून, 1985 की स्थिति के अनुसार 6.03 करोड़ रुपए हो गयी जबकि 30 जून, 1984 को यह राशि 5.37 करोड़ रुपए थी ।

विदेशी वित्तीय संस्थाओं से ऋण

2.77 वर्ष के दौरान, क्रेडितांस्तल्ट-फर-वाइडरफबाउ (के० ए० फ० डब्ल्यू०) जर्मन संघीय गणराज्य से 25 मिलियन जर्मन मार्क के 23वें ऋण के आबंटन से भा० औ० वि० नि० के विदेशी मुद्रा उधार 302.500 मिलियन जर्मन मार्क हो गए, जिनमें से भा० औ० वि० नि० ने 30 जून, 1985 तक पात्र औद्योगिक संस्थाओं को 313.890 मिलियन जर्मन मार्क के उप-ऋण मंजूर किए । इसके अतिरिक्त जर्मन मार्क आवर्ती निधियों में से 97.074 मिलियन जर्मन मार्क के उप-ऋण मंजूर किए गए; इन निधियों में उप-ऋणियों से वसूल की गयी वह राशि होती है जिसे जर्मन गणराज्य के के० एफ० डब्ल्यू०, को पुनर्भुगतान किए जाने तक भारत सरकार के अनुमोदन से जर्मन मार्क में परिवर्तित किया गया है ।

2.78 30 जून 1984 की स्थिति के अनुसार भा० औ० वि० नि० को के० एफ० डब्ल्यू० से उपलब्ध जर्मन मार्क ऋण की बकाया राशि 155.704 मिलियन जर्मन मार्क थी। वर्ष के दौरान 28.912 मिलियन जर्मन मार्क के समकक्ष राशि प्राप्त की गई और 5.028 मिलियन जर्मन मार्क की राशि पुनः अदा की गयी। विदेशी मुद्रा में लिए गए उधारों के अधीन 30 जून 1985 को 179.588 मिलियन जर्मन मार्क (30 जून 1985 को लागू तार अन्तरण विक्रय दरों के आधार पर) 73.24 करोड़ रुपए के समकक्ष की राशि बकाया रह गयी ।

अन्तर्राष्ट्रीय बाजार से उधार

2.79 वर्ष के दौरान भा० औ० वि० नि० ने अपने विदेशी मुद्रा स्रोतों को बढ़ाने के लिए 20 मिलियन अमरीकी डालर का यूरो डालर ऋण लेने के लिए अन्य भागीदार बैंकों/वित्तीय संस्थानों अर्थात् मित्सुबिशी बैंक (यूरोप) एस० ए० बैंक-आफ याकोहामा (यूरोप) (एस० ए०); यूरोपियन अरब बैंक (ब्रुसेल्स) एस० ए० तथा मित्सुबिशी ट्रस्ट ब बैंकिंग कारपोरेशन (यूरोप) एस० ए० के प्रबन्धक और एजेंट के रूप में कार्य कर रहे कान्टिनेंटल बैंक एस० ए०/एन० वी० ब्रुसेल्स (बेल्जियम) के साथ 24 जुलाई 1984 को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, इस ऋण में से 12 मिलियन अमरीकी डालर की राशि (30 जून 1985 को लागू तार अन्तरण विक्रय दरों के आधार पर) 14.98 करोड़ रुपए के समकक्ष 30 जून 1985 तक आहरित की गयी । 30 जून 1985 की स्थिति के अनुसार उपर्युक्त ऋण उप-ऋणियों को पूर्णतया निश्चित किया जा चुका है ।

2.80 उपर्युक्त यूरो डालर ऋण के तिरिक्त भा० औ० वि० नि० ने पहली बार दिसम्बर 1984 में जापानी पूंजी बाजार में बांडों के निजी विनियोजन द्वारा 5 बिलियन जापानी येन (30 जून 1985 को लागू तार अन्तरण विक्रय दरों के आधार पर) 25.09 करोड़ रुपये के समकक्ष भी लिए/प्राप्त किए। इस सम्बन्ध में एक करार पर 5 दिसम्बर 1984 को उपर्युक्त बांड निर्गम के लिए अग्रणी व्यवस्थापक के रूप में दैवा सिक्यौरिटीज कम्पनी लि० के साथ हस्ताक्षर किए गए। यह राशि भी 30 जून 1985 की स्थिति के अनुसार पूर्णतः निश्चित है।

2.81 अपने विदेशी मुद्रा स्रोतों को और अधिक बढ़ाने के लिए केन्द्रीय सरकार की अनुमति से भा० औ० वि० नि० ने 25 मिलियन अमरीकी डालर के द्वितीय यूरो डालर ऋण के लिए 12 जुलाई 1985 को एक करार पर हस्ताक्षर किए जिसका अग्रणी प्रबन्धक लायड्स बैंक इण्टरनेशनल लि० है तथा भागीदार लायड्स बैंक इण्टरनेशनल लि०, बैंक्यू बैल्जे लि०, बैंक्यू बेलजे पोर एल० एट्रेंजर एस० ए०, क्रेडिट इनोर्ड इटालियन इण्टरनेशनल बैंक पी० एल० सी०, रायल बैंक आफ कनाडा (बेल्जियम) एस० ए० तथा निपॉन यूरोपियन बैंक एस० ए० हैं।

2.82 उपर्युक्त वाणिज्यिक ऋण लेने से भा० औ० वि० नि०, अन्यों के साथ-साथ, ऐसी औद्योगिक संस्थाओं, अर्थात खनन, जहाजरानी, समुद्री मछली उद्योग तथा बिजली पावर, गैस के उत्पादन तथा होटल आदि से सम्बद्ध संस्थाओं की भी विदेशी मुद्रा आवश्यकताओं को पूरा करने में समर्थ हो गया है जो कि अन्यथा के० एफ० डब्ल्यू से प्राप्त जर्मन मार्क ऋण के अधीन पात्र नहीं थी। इसके अतिरिक्त भा० औ० वि० नि० के उपर्युक्त वाणिज्यिक ऋणों द्वारा बड़ी परियोजनाएं, सार्वजनिक क्षेत्र की परियोजनाओं सहित, उल्लेखनीय रूप से लाभान्वित होंगी।

2.83 चूंकि ऋणों के निबंधन तथा शर्तों के अनुसार 1984–85 वर्ष के दौरान पुनर्भदायगी दायित्व नहीं था, अतः वर्ष के दौरान इन ऋणों के संबंध में कोई भी पुनःअदायगी नहीं की गई।

निधियों के स्रोत और उपयोग

2.84 सहायता के संवितरण, उधार की पुनर्भदायगी, बांडों के विमोचन, ब्याज, लाभांश, कर की अदायगी और नकद शेष, आदि के लिए निधियों की कुल आवश्यकता 1984–85 में 519.88 करोड़ रुपये रही जो पिछले वर्ष की 347.35 करोड़ रुपये की निधियों की आवश्यकता से 49.7% अधिक है।

2.85 निधियों की उक्त आवश्यकताओं को (i) प्रदत्त पूंजी में 7.50 करोड़ रुपये तक की वृद्धि, (ii) 42.09 करोड़ रुपये का कर से पूर्व लाभ, (iii) ऋणियों से ऋण के मूलधनों की वसूली और निवेशों की बिक्री, आदि 69.37 करोड़ रुपये तक, (iv) बांडों के माध्यम से बाजार से उधार 248.02 करोड़ रुपये, (v) 4 करोड़ रुपये तक की जमा, (vi) 51.86 करोड़ रुपये के समकक्ष विदेशी मुद्रा उधार, (vii) ब्याज अन्तर जन्य निधियों के अन्तर्गत 2.00 करोड़ रुपये की प्राप्ति, (viii) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से 40.00 करोड़ रुपये का उधार, (ix) विविध स्रोतों से 1.36 करोड़ रुपये और (x) प्रारम्भिक नकद बकाया 53.68 करोड़ रुपये से पूरा किया गया।

(ग) अतिदेय, आदि

अतिदेय

2.86 30 जून, 1985 की स्थिति के अनुसार भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा जिन वित्तपोषित संस्थाओं से 1,307.31 करोड़ रुपये की ऋण सहायता बकाया थी उनकी संख्या 1,245 थी। निस्सन्देह इनमें से कुछ को कार्यान्वयन अवस्था में मुश्किलें आईं, कुछ तो परिचालन के प्रारम्भिक वर्षों में और कुछ कई वर्ष तक सफलतापूर्वक कार्य करने के पश्चात रुग्ण हो गई इसके अतिरिक्त वर्ष के दौरान कुछ उद्योगों जैसे वस्त्र, चीनी, धातु उद्योग, कागज, आदि की असन्तोषजनक प्रगति के कारण अधिकांश संस्थाओं को वित्तीय संस्थाओं के प्रति समय पर अपने वायदे पूरे करने में वास्तव में कठिनाई का सामना करना पड़ा। भा० औ० वि० नि० ने कठिनाई का सामना करने वाली इकाईयों (विशेष रूप से उन मामलों में जिनमें चूंकि औद्योगिक इकाइयों के विस्तृत समूह में पूर्णतया "बाह्य" कारणों में थी) की सहायता करने की अपनी नीति के अनुरूप उन्हें अतिदेय राशियों, आदि का भुगतान क्रम स्थगित कर के पुनः निर्धारित करके आवश्यकतानुसार राहत प्रदान की।

2.87 कठिनाई ग्रस्त संस्थाओं को दी गई राहत को छोड़कर वर्ष के अन्त में 184 संस्थाएं थी तथा कुल अतिदेय 50.78 करोड़ रुपये (33.73 करोड़ रुपये के मूलधन और 17.05 करोड़ रुपये के ब्याज सहित) रहे। 30 जून, 1985 की स्थिति के अनुसार ये अतिदेय भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा प्रदान किए गये कुल बकाया ऋणों का 3.9% रहे, जबकि 30 जून, 1984 को यह 5.9% था

2.88 वर्ष 1984–85 के लिए इन अतिदेय राशियों के उद्योगवार विश्लेषण से पता चलता है कि चूककर्ता 181 संस्थाओं में 31 संस्थाएं वस्त्र की, 24 चीनी की, 17 धातु उत्पादों की, 14 कागज की और 11 लोहा एवं इस्पात उद्योग की थी और इनको क्रमशः 7.88 करोड़ रुपये, 12.54 करोड़ रुपये, 4.52 करोड़ रुपये 7.48 करोड़ रुपये, और 2.90 करोड़ रुपये संवितरित किए गए। उपरोक्त पाँच उद्योगों में 30 जून 1985 की स्थिति के अनुसार निगम की कुल अतिदेय का 69.6% भाग था।

रुग्ण इकाईयों का पुनर्स्थापन

2.89 वर्ष के दौरान भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के "समस्या मामले विभाग" पर रुग्ण इकाईयों के पुनर्स्थापन की सरकारी नीति के अनुरूप, 9 मामलों में पुनर्स्थापन योजनाएं बनाई, 5 मामलों में प्रबन्ध व्यवस्था/प्रबन्ध हित में परिवर्तन किए/अनुमोदित किए, 2 मामलों में परिचालन चालू रखने के लिये सहायता प्रदान की, दो मामलों में विलयन की योजनाएं अनुमोदित की और 3 मामलों में देय राशियों के निपटान के लिए व्यवस्था की।

2.90 वर्ष के दौरान ऋणदाता संस्थानों के हितों को सुरक्षित रखने की दृष्टि से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम/संस्थाओं ने 10 मामलों में ऋणों को वापिस लौटाने की मांग प्रस्तुत की।

2.91 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने 4 रुग्ण इकाइयों के मामले में भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक को संदर्भ किया, जो पुनर्स्थापन के लिए उचित योजनाएं बनाने की प्रमुख पुनर्निर्माण एजेन्सी है।

2.92 अन्य मामलों में, समन्वित अग्रणी संस्थान द्वारा अन्य संस्थानों, बैंकों और अन्य सम्बन्धित एजेन्सियों के साथ संयुक्त रूप से पुनर्स्थापन कार्यक्रम अथवा उपयुक्त कार्यवाही की जा रही है।

2.93 पूर्णतया अध्यवहार्य इकाइयों के बारे में समय-समय पर केन्द्रीय सरकार को सूचित किया गया और सम्बन्धित राज्य सरकारों तथा ऐसे मामलों में सम्बन्धित राज्य स्तरीय एजेन्सियों के साथ भी सम्पर्क बनाए रखा गया।

(घ) कार्य परिणाम

सकल लाभ

2.94 वर्ष के दौरान सकल लाभ 42.09 करोड़ रुपये रहा जबकि वर्ष 1983–84 में यह 34.03 करोड़ रुपये था। इसमें 23.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

निवल लाभ

2.95 12.78 करोड़ रुपये की कराधान व्यवस्था करने के बाद वर्ष 1984–85 में निवल लाभ 29.31 करोड़ रुपये रहा जबकि 1983–84 में यह 23.89 करोड़ रुपये था। इसमें 22.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

विनियोजन

2.96 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के निदेशक बोर्ड द्वारा निवल लाभ में से किए गए विनियोजन सारणी 2 में दिए गए है।

सारणी 2 : निवल लाभ का विनियोजन

(करोड़ रुपये)

	यह वर्ष (1984-85) (जुलाई-जून)		पिछला वर्ष (1983-84) (जुलाई जून)	
(1)	(2)		(3)	
वर्ष के लिए निवल लाभ	29.31		23.89	
विनियोजन				
अन्तरित:				
(क) सामान्य आरक्षित निधि	8.23		8.15	
(ख) दातव्य आरक्षित निधि	0.50		0.50	
(ग) विशेष रिज़र्व (आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1) (viii) के अधीन)	17.76	26.49	13.14	21.79
कर्मचारी कल्याण निधि को आबंटन	0.15		0.01	
लाभांश की अदायगी ।	1.67		2.09	
जोड़	29.31		23.89	

लाभांश

2.97 सन्तोषजनक कार्य परिणामों को देखते हुए भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के निदेशक बोर्ड ने शेयरों पर 9.0% वार्षिक की दर से लाभांश अदा करने का अनुमोदन किया जब कि पिछले वर्ष यह 8 1/2% वार्षिक किया गया था ।

कर

2.98 30 जून, 1985 को समाप्त हुए लेखांकन वर्ष में कराधान के लिए 12.78 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई जबकि पिछले वर्ष 10.14 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई थी।

मनोरंजन आदि पर व्यय

2.99 वर्ष के दौरान भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने मनोरंजन पर 1.57 लाख रुपये, अपने स्टाफ ट्रेनिंग गृहों के रख-रखाव पर 1.44 लाख रुपये, प्रचार और विज्ञापन पर 3.09 लाख रुपये और अपने अधिकारियों द्वारा विदेशों में पाठयक्रमों/सेमिनारों में जाने/भाग लेने पर 2.04 लाख रुपये की राशि व्यय की। सरकार द्वारा विधिवत अनुमोदित अध्यक्ष की विदेश यात्राओं पर 0.84 लाख रुपये का व्यय हुआ।

कार्य परिणामों की प्रवृत्ति

2.100 5 वर्षों के दौरान भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के कार्य परिणाम सारणी 12 में दिए गए हैं :—

सारणी 12 : पांच वर्षों के दौरान भा० औ० वि० नि० के कार्य परिणाम :

(करोड़ रुपए)

विवरण	30 जून को समाप्त				
	1981 रु०	1982 रु०	1983 रु०	1984 रु०	1985 रु०
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दिए गए उधारों पर ब्याज	44.93	59.89	78.56	99.83	128.09
घटाइए : लिए गए उधारों की लागत	31.17	40.16	51.56	65.40	85.62
निवल ब्याज राजस्व	13.76	19.73	27.00	34.43	42.47
अन्य आय	3.32	4.04	4.86	5.14	6.91
निवल आय	17.08	23.77	31.86	39.57	49.38
व्यय :					
—कार्मिक व्यय	2.60	2.60	3.09	3.57	4.44
निवेशों से हानि	0.47	0.64	0.44	0.14	0.19
—निदेशक तथा समिति सदस्यों के शुल्क तथा व्यय	0.02	0.03	0.03	0.03	0.03
—अन्य व्यय व अनुदान	1.00	1.03	1.16	1.51	2.29
—मूल्य ह्रास	0.05	0.11	0.12	0.29	0.34
सकल लाभ	12.94	19.36	27.02	34.03	42.09
कराधान	4.56	6.85	9.71	10.14	12.78
निवल लाभ	8.38	12.51	17.31	23.89	29.31
लाभांश (दर)	7.0%	7.5%	8.0%	8.5%	9.0%

उपर्युक्त से स्पष्ट है कि :

*'ऋणों और अग्रिमों से प्राप्त ब्याज' शीर्ष के अन्तर्गत पिछले वर्ष से 28.3% वृद्धी थी।

*पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष के दौरान 'उधार लागत' शीर्ष के अन्तर्गत 30.9% की वृद्धी हुई।

* पिछले वर्ष की तुलना में निवल ब्याज राजस्व और अन्य कार्यकलाप से प्राप्त आय के रूप में 'निवल आय' में 24.8% की वृद्धि हुई।

* पिछले वर्ष की तुलना मे 'सकल लाभ' 23.7% वृद्धी हुई।

* पिछले वर्ष के 'निवल लाभ' की तुलना मे इस वर्ष निवल लाभ मे 22.7% की वृद्धि हुई।

वित्तीय स्थिति

2.101 पांच वर्षों के दौरान भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की परिसम्पत्तियों और देयताओं की स्थिति सारणी 13 में दी गयी है।

सारणी 13 : पांच वर्षों के दौरान भा० औ० वि० नि० की परिसम्पत्तियों तथा देयताओं की स्थिति (करोड़ रुपए)

विवरण	30 जून को समाप्त वर्ष				
	1981 रु०	1982 रु०	1983 रु०	1984 रु०	1985 रु०
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
परिसम्पत्तियां					
नकद व बैंक शेष	21.16	47.81	39.83	53.68	142.13
निवेश					
—सहायता प्राप्त संस्थाओं में	34.52	38.31	44.60	52.25	57.16
—अन्य संस्थाओं में	0.96	1.21	1.21	1.21	0.21
सहायता प्राप्त संस्थाओं को ऋण	548.01	690.82	864.73	1,054.93	1,307.31
परिसर, उपकरण तथा अन्य परिसम्पत्तियां	23.61	26.86	34.96	44.46	65.68
स्वीकृतियों के लिए ग्राहक देयताएं	0.50	1.21	2.40	4.11	7.87
	628.76	806.82	987.73	1,210.64	1,580.36
देयताएं					
उधार					
(क) बांड	433.47	554.55	689.30	881.54	1,107.00
(ख) सरकार तथा भाऔवि बैंक से उधार	59.84	85.25	96.60	93.24	124.70
(ग) विदेशी मुद्राओं ;	42.51	51.01	59.67	62.76	94.25
चालू देयताएं और प्रावधान	32.50	40.16	46.90	49.39	92.36
निर्धारित निधियां	2.32	2.84	3.43	4.01	4.86
स्वीकृतियों पर देयता	0.50	1.21	2.40	4.11	7.87
	571.14	735.02	898.30	1,095.05	1,431.04
निम्नलिखित के रूप में निवल मूल्य					
शेयर पूंजी	17.50	20.00	22.50	27.50	35.00
रिजर्व तथा आरक्षित निधि	40.12	51.20	66.93	88.09	114.32
ऋण : इक्विटी अनुपात	9.3:1	9.7:1	9.5:1	9.0:1	8.9:1

लेखे

2.102 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम का लेखा परीक्षित लेखा वर्ष का लाभ-हानि-लेखा और 30 जून, 1985 की स्थिति के अनुसार तुलन-पत्र, परिसम्पत्तियों और देयताओं के पूर्ण विवरण सहित इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

2.103 वर्ष के दौरान परामर्शदाताओं द्वारा लेखांकन व्यवस्था की समीक्षा के तदनुरूप सॉफ्टवेयर विकसित करने के लिए कदम उठाए गए ताकि वर्तमान लेखांकन पद्धतियों को सुचारू बनाया जा सके और लेखांकन कार्यों के लिए कम्प्यूटर प्रणाली लागू हो सके। आशा है कि 1985–86 की समाप्ति तक प्रधान कार्यालय में वित्तीय तथा ऋण लेखांकन, दोनों ही, कम्प्यूटर आधारित हो जाएंगे।

लेखा–परीक्षा

2.104 नियमित "आन्तरिक लेखा–परीक्षा प्रणाली" के अलावा भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के लेखों की सांविधिक लेखा–परीक्षा प्रत्येक वर्ष दो लेखा परीक्षकों द्वारा की जाती है जिनमें से एक का नामांकन भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा किया जाता है तथा दूसरा लेखा परीक्षक (भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से भिन्न) शेयरधारियों द्वारा चुना जाता है। वर्ष 1984–85 के लिए, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने मैसर्स ठाकुर वैदनाथ अय्यर एंड कं० सनदी लेखापाल को सांविधिक लेखा परीक्षक नामित किया। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के शेयरधारियों (भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से भिन्न) मैसर्स एन० एम० रायजी एण्ड कं०, सनदी लेखापाल, बम्बई को उसी अवधि के लिए लेखा परीक्षक चुना। वर्ष 1984–85 के लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट इस रिपोर्ट, में इस वर्ष के लेखे के साथ संलग्न है।

अध्याय 3

भाऔविनी के कार्यों का आर्थिक और सामाजिक प्रभाव

छठी योजना अवधि के दौरान भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के कार्य

3.01 1984–85 का वर्ष न केवल भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के अस्तित्व का 37 वां वर्ष था अपितु यह देश की छठी पंचवर्षीय योजना का समापन वर्ष भी था।

3.02 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने छठी पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान अपने परियोजना वित्तपोषण कार्यों के रूप में 1,505.76

करोड़ रुपये की निवल वित्तिय सहायता मंजूर की जिसमें से 1,098.18 करोड़ रुपये के संवितरण किए गए। भाऔवित्तनि द्वारा मंजूर और संवितरित की गई कुल सहायता भाऔवित्तनि द्वारा पिछले 32 वर्षों की अवधि जिसमें पाँच पंचवर्षीय योजनाएं, पांच मध्यवर्ती वार्षिक योजनाएं और पहली योजना से पूर्व के तीन वर्षों की अवधि सम्मिलित है, में मंजूर और संवितरित की गई कुल सहायता से अधिक थी।

3.03 जून, 1980 की समाप्ति पर भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा वित्तपोषित संस्थाओं की संख्या 1,265 थी जो कि जून, 1985 की समाप्ति पर बढ़कर 2,093 हो गई, इनमें से बहुतों को एक बार से अधिक सहायता दी गई थी।

3.04 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा मंजूर की गई सहायता की राशि से अधिक महत्वपूर्ण इसका उत्प्रेरक दायित्व रहा है जिसके अनुसार निगम ने 30 जून, 1985 तक इन वित्तपोषित परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 22,385.49 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता जुटाने में अपना योगदान दिया है।

3.05 भारतीय औद्योगिक वित्तनिगम की परियोजना वित्त-पोषण कार्य की परिधि में बहुत से विस्तृत उद्योग हैं और संगठित क्षेत्र में संभवतः कोई भी ऐसा उद्योग नहीं है जिसे निगम की सहायता का लाभ प्राप्त न हुआ हो।

3.06 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के परियोजना वित्तपोषण कार्यों का एक उल्लेखनीय पहलू यह रहा है कि भारत सरकार द्वारा समय-समय पर निरूपित की गई राष्ट्रीय आर्थिक और सामाजिक नीतियों को ध्यान में रखते हुए उन्हें पूरा किया गया है। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के सामान्य दौतिकांचे और उनके परिचालनों में आर्थिक और सामाजिक विकास की विभिन्न परियोजनाओं में निर्धारित उद्देश्यों और लक्ष्यों में सामंजस्य है। भारतीय औद्योगिक निगम के कार्य देश के पिछले साढ़े तीन दशकों की अवधि के दौरान हुए योजनाबद्ध आर्थिक विकास के फलस्वरूप उद्योग में परिलक्षित हुई प्रवृत्ति और संगठनात्मक ढांचे को यद्यपि स्पष्ट परन्तु उल्लेखनीय रूप से परिलक्षित करते है।

प्रत्यक्ष आर्थिक योगदान

3.07 पिछले 37 वर्षों के दौरान भारतीय औद्योगिक वित्तनिगम द्वारा प्रत्यक्ष आर्थिक योगदान को, सहायता प्राप्ति के पश्चात् हुए समग्र औद्योगिकरण प्रसार-प्रभाव में देखा जा सकता है। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की सहायता, जहां कहीं भी देश के किसी भाग में बड़े अथवा मध्यम स्तर की परियोजना स्थापित हुई है, पहुंची है।

3.08 भारतीय औद्योगिक वित्तनिगम की सहायता छठी पंचवर्षीय योजना के दौरान विभिन्न उद्योगों जैसे चीनी (14.83 लाख टन), सूती वस्त्र (21.76 लाख, नकुए), सीमेन्ट (173.51 लाख टन), कागज (3.08 लाख टन), उर्वरक (46.17 लाख टन), आदि उद्योगों में उल्लेखनीय रूप से क्षमता स्थापित करने से/बढ़ाने में समर्थ रहा है। इसके अतिरिक्त होजल उद्योग सहित अन्य उद्योगों में उल्लेखनीय रूप से क्षमता कायम करने में निगम ने सहायता प्रदान की है। भारतीय औद्योगिक वित्त-निगम द्वारा छठी पंचवर्षीय योजना के दौरान वित्तपोषित नई, विस्तृत और विशाखन परियोजनाएं 3 लाख व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराने में समर्थ रही है।

3.09 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा 1984-85 में 191 वित्तपोषित नई तथा विस्तृत/विशाखन परियोजनाओं के अध्ययन से यह देखा गया है कि वर्ष के दौरान मंजूर की गई सहायता से विभिन्न प्रकार के उद्योगों में क्षमता उत्पन्न किए जाने की संभावना है। 1984-85 की अवधि में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा वित्तपोषित नई और विस्तार विशाखन परियोजनाओं के प्रत्यक्ष आर्थिक योगदान का विश्लेषण सारणी 14 में दिया गया है।

सारणी 14 : 1984-85 (जुलाई-जून) के दौरान निगम द्वारा वित्तपोषित नई, विस्तार तथा विशाखन परियोजनाओं का प्रत्यक्ष आर्थिक योगदान

(करोड़ रुपये)

उद्योग	परियोजनाएं (संख्या)	कुल पूंजी लागत (रु०)	सम्भावित प्रत्यक्ष रोजगार (संख्या)	उत्पादन का मूल्य (रु०)	सकल मूल्य वृद्धि (रु०)	प्रति वर्ष क्षमता
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
चीनी	11	67.61	2,710	59.48	14.95	1.59 लाख टन चीनी
वस्त्र	23	149.14	12,760	161.15	40.21	3.29 लाख तकुए, 24 करघे, 187 लाख मीटर रेशे का अभिसंस्कार, 875 टन सिलाई धागा, हल्के वजन के न बने हुए 480 टन रेशे और 396 टन ऊनी कम्बल तथा ऑटो फ्लोर कवरिंग
कागज और कागज उत्पाद	6	59.16	1,960	38.56	13.90	23,100 टन लेखन व मुद्रण कागज, 24,550 टन एम० जी० क्राफ्ट व पैकिंग कागज तथा 9,900 टन ड्यूप्लेक्स बोर्ड
सीमेंट और सीमेंट उत्पाद	10	373.10	2,364	162.18	83.72	33.24 लाख टन सीमेंट और 0.36 लाख टन एस्बेस्टोस चादरें
रसायन और रसायन उत्पाद	16	123.38	2,546	79.20	36.15	22,440 टन कास्टिक सोडा, 19,800 टन तरल क्लोरीन, 9,900 टन हाइड्रोक्लोरिक एसिड, 10,000 टन विस्फोटक घोल, 3,900 टन कैल्शियम कार्बाइड, 2,500 टन कैल्शियम सिलिसाइड, 2,500 टन फैरो सिलिकान, 33,000 टन मेथानोल, 18,500 टन अल्यूमीनियम सल्फेट/फेरिक एलम, 2,560 टन एल्यूमीनियम फ्लोराइड, 10.75 लाख घनमीटर आक्सीजन, 1.92 लाख घन मीटर घुलनशील एसीटिलीन, 4,100 टन ऐलिसाइलिक एसिड, 250 टन एनालजिन, 1,000 टन एस्प्रीन, 150 कि० ग्रा० रिबाफ्लाविन-5 फास्फेट सोडियम, 30 टन सोडियम सैक्रीन, 300 टन कृत्रिम

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
						स्वीटनर्स, 5,000 लाख हार्ड शैल जिलेटिन कैप्सयूल, रक्त-आधार घोल की 25 लाख बोतलें, 10 लाख एमोक्सीसिलीन कैप्सयूल, 5 लाख रिफैम्पीसिन कैप्सयूल, 100 लाख फैरो-शैलेट कैप्सयूल, इन्ट्राविनस डेक्सट्रोज फ्लुइड्स/सोल्यूशन सहित 75 लाख प्लास्टिक एसेप्टिक एम्पुलस और 200 टन पाउडर किए हुए पेन्ट ।
उर्वरक	11	814.59	2,563	474.20	240.17	5.94 लाख टन सिंगल सुपर फास्फेट, 2.75 लाख टन सल्फ्यूरिक एसिड, 4.45 लाख टन अमोनिया, 7.26 लाख टन यूरिया और 1.50 लाख टन डाइ-अमोनियम फास्फेट
कृत्रिम व मानव-निर्मित रेशे	8	372.37	1,532	380 04	135.75	7,830 टन नायलोन-फिलामेंट धागा, 8000, टन पोलिएस्टर फिलामेंट धागा, 45,000 टन पोलिएस्टर स्टेपल फाईबर, 2,000 टन टायर कार्ड धागा, 1,700 टन टायर कार्ड को फाइबर में धागा बदलने के लिए और 4,500 टन पालिस्टर चिप्स सुविधा ।
रबर और प्लास्टिक उत्पाद, आदि	19	124.59	2,305	148.50	46.85	3,900 टन परिष्कृत रबर, 500 टन रबर के टुकड़े, 4,000 टन पोलिएस्टर फिल्म, 2,900 टन बायक्सली ओरिएन्टिड पोलिएस्टर फिल्म, 800 टन बायक्सली ओरिएन्टिड पोलिप्रोपेलीन फिल्म, 150 टन डायलैक्ट्रिक ग्रेड मेटलाइज्ड प्लास्टिक फिल्म, 1,325 टन कास फिल्म लेमिनेट्स, 1,500 टन कम घनत्व वाली पोलिथिलीन, 500 टन पोलिटाइटल फेरो इथिलीन, 4,940 टन उच्च घनत्व वाली पोलिथिलीन के बुने हुए टाट, टेलिविजनों के लिए 6.56 लाख मोल्डिड केबिनेट्स, ब्लैक एन्ड व्हाइट टेलीविजन सेटों के लिए उपांगों के 108 लाख सेट, 1,500 टन सिंथेटिक शीशे और 637 टन पोलिथिलीन टेरीफलेटों बोतलें तथा 2,550 टन थर्मो-प्लास्टिक ।
लोहा व इस्पात	8	48.24	1,211	82.81	16.74	2.50 लाख टन इस्पात की छड़ें, 19,440 टन माइल्ड स्टील, मिश्र धातु सिल्लियां, 1000 टन हाई क्रोम हाई हार्डनेस लाइनर्स, 25,000 टन कोल्ड रोल्ड माइल्ड स्टील स्ट्रिप, 4,250 टन लौह सूक्ष्म फाजिंग्स, 16,000 टन कोल्ड ट्विस्टिड विकृत छड़ें और 215 टन द्विधातु स्ट्रिप तथा क्लैड उत्पाद ।
मशीनरी और उपांग	4	41.66	2,180	65.52	30.75	परमाणु ऊर्जा संयंत्रों, भारी पानी संयंत्रों और अन्तरिक्ष अनुसंधान के लिए 6,000 टन उपकरण, 20 वाटर वैल ड्रिल, 25 हाइड्रोलिक डायमंड कोर ड्रिल, 6,000 रौक रोलर बिट्स, 550 फ्लोट शूज/फ्लोर कौलर, 10,000 इलैक्ट्रिक टाइपराइटर, 60,000 जिग-जैग सिलाई मशीनें और 8 बिलेट ग्राईंडिंग मशीनें ।
बिजली मशीनरी	17	133.85	3,640	212.18	62.01	881 माइक्रो-प्रोसैसर आधारित संचार एवं नियन्त्रण प्रणाली, स्याही की लिखावट पहचानने वाले कूटबद्ध, 1,000 चुम्बकीय उपकरण, 760 परीक्षण एवं मापक यंत्र, आंकड़े प्राप्त करने वाली 20 प्रणालियां, 8,500 पोर्टेबल जेनरेटर सेट, 30,000 बहु-उपयोगी इंजिन, 3,000 स्वचालित नियन्त्रण वाल्व और उपांग, 72 लाख लचकदार चुम्बकीय मीडिया/फ्लापी डिस्क, 1,000 एम० आर० एम० वीडियो चुम्बकीय टेपें, 2,350 टन श्रव्य टेपें, पूर्णतः इलैक्ट्रानिक 'प्राइवेट स्वचालित शाखा एक्सचेंज की 54,000 लाइनें और सम्बद्ध उपकरण, 1,500 विजुअल लाइन फीचर टेलीफोन, प्रिंटिड सर्किट बोर्ड और विभिन्न अवेम्ब्लियों के 1.02 लाख स्टफिंग/सोल्डरिंग, 18.50 लाख कंडक्टर किलो-मीटर पोलिथिलीन इंसुलेटिड जेली फिल्ड टेलीफोन केबल, 820 टेलीफोन केबल प्रेशराइजेशन/मानीटरिंग सिस्टम, 565.5 लाख एल्यूमीनियम इलैक्ट्रोलाइटिक कैपिसिटर्स, 3 लाख थर्मामीटर ग्लास एपाक्सी कापर लेमिनेट्स, 3,000 स्वचालित नियंत्रण वाल्व और उपांग, 215 टन थर्मोस्टेटिक द्विधातू स्ट्रिप और क्लैड उत्पाद, 230 लाख जी० एल० एस० लैम्प और 110 लाख फ्लोरेसेंट ट्यूबें ।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
परिवहन उपस्कर	13	169.09	6,592	537.77	84.38	0.27 लाख हल्के वाणिज्यिक वाहन, 2.25 लाख दो-पहिए स्कूटर, 500 लिफ्टें, 10.00 लाख साइकिलें, 5.84 लाख व्यक्तियों को लाने ले जाने के लिए हवाई रज्जु मार्ग, एक लाख हाई पावर फ्लाइ व्हील मेगनेट्स, 7,400 आटोमोबाइल एयर ब्रेक सिस्टम, 2 लाख टाइ राड एंड्स, और एक लाख ड्रैग लाइन असेम्बलियां, 2.50 लाख ब्रेक पेनल, फ्लैंज पेनल ड्राइव और ब्रेक शूज, 80,000 क्लिचप्लेट तथा 50,000 आटोमोबाइल सीटें।
होटल	6	54.47	1,673	25.99	14.54	931 कमरे
अन्य	39	598.19	12,033	330.33	150.23	
जोड़	191	3,129.54	56,069	2,757.91	970.35	

3.10 उक्त परियोजनाओं से लगभग 56,069 व्यक्तियों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार पैदा किये जाने की संभावना है। इन परियोजनाओं द्वारा उत्पादन किये गये माल का मूल्य 2,757.91 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इनसे 970.35 करोड़ रुपये की "सकल मूल्य वृद्धी" होने की संभावना है जो सकल राष्ट्रीय उत्पादन को इन परियोजनाओं का योगदान है। समग्रत: 1984-85 के दौरान वित्तपोषित 418 योजनाओं की कुल पूंजीगत लागत 4,852.79 करोड़ होने का अनुमान है। जो उन परियोजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए जुटाए गए साधनों के प्रयासों का स्वत: प्रमाण है।

राष्ट्रीय राजकोष में योगदान

3.11 भारतीय औद्योगिक वित्त नियम ने लगातार अपने कारोबार को लाभप्रद बनाने के लिए प्रयास किया है। अपने अस्तित्व के 37 वर्षों के दौरान निगम ने आयकर के रूप में राष्ट्रीय राजकोष में 75.36 करोड़ रुपये की राशि अदा की है जो कि इसकी प्रदत्त पूंजी से दुगुनी से भी अधिक है।

परियोजनाओं की विश्लेषण-प्रक्रिया पर प्रभाव

3.12 भारत में राष्ट्रीय स्तर के विकास वित्तीय संस्थान, विशेषकर भारतीय औद्योगिक वित्त निगम जो देश के विकास बैंकों में सबसे प्राचीन है, औद्योगिक क्षेत्र में परियोजना नियोजन कार्यान्वियन और औद्योगिक परियोजनाओं के परिचालन से सम्बन्धित मूल अनुशासन कायम करने का कुछ दावा कर सकता है।

3.13 परियोजनाओं का मूल्यांकन करते समय वर्तमान "परियोजना वित्तपोषित" और "अग्रणी संस्थान" धारणाओं के अधीन आज विकास वित्तीय संस्थान एक दूसरे की बुद्धिमत्ता और कौशल को एकत्र रूप से प्रयुक्त करने में कहीं सक्षम है, वे संस्थान को प्रवर्तन करने वाली तथा प्रबन्ध और तकनीकी संचालन क्षमताओं की विशद विश्लेषण करते हैं, और जहां कहीं कुछ भी अभाव अनुभव किया जाता है वहां वित्तीय संस्थान उन्हें इस सम्बन्ध में परामर्श देते हैं और कई बार वित्तीय सहायता मंजूर करते समय ऐसी शर्तों का निर्धारण करते हैं कि योजना की आरम्भ की अवस्था से ही वे विभिन्न क्षेत्रों जैसे उत्पादन, वित्त बाजार, प्रशिक्षण स्तर में प्रबन्ध आदि में व्यावसायिक स्टाफ की भर्ती करेंगे अग्रणी संस्थान के रूप में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम कई बार परियोजना की अवधारणा अवस्था पर ही उद्यमियों का मार्ग दर्शन करता है जिसमें उत्पाद मिश्रता चयन, तकनीकी और अत्यधिक महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को ठीक करने जैसे मामले निहित होते हैं। परियोजना की व्यवहार्यता के अतिरिक्त जिसका परीक्षण विभिन्न पहलुओं जैसे तकनीकी, वित्तीय वाणिज्यिक और आर्थिक दृष्टि से किया जाता है तो भी अत्यधिक महत्व परियोजना के प्रबन्धकीय और सामाजिक पहलुओं को दिया जाता है।

3.14 अब संस्थान प्रवर्तकों को विदेशी सहयोग, करारों आदि के मामले में भी उन्हें परामर्श देते हैं ताकि वह बाहर तकनीकी संगठन आदि के सम्बन्ध में बेहतर शर्तों पर सौदेबाजी कर सकें। प्रबुद्ध प्रवर्तक और सक्षम प्रबन्धक वर्ग परियोजना में सुधार करने की दृष्टि से वित्तीय संस्थानों द्वारा दिए जाने वाले योगदान को भली प्रकार से मूल्यांकित करने में समर्थ हैं, जिस क्षेत्र में कि, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम वर्षों से अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

प्रबन्धकीय प्रभावशीलता पर प्रभाव

3.15 परियोजना के कार्यान्वियन की अवधि तथा इसके पश्चात उचित संगठनात्मक ढांचे, सिस्टम और प्रबन्धकीय प्रभावशीलता को कम महत्व नहीं दिया जा सकता। भारत में लगभग 2 दशक पूर्व "मिल्कियत" और "प्रबन्ध" दोनों को एक दूसरे से अलग करना कठिन था। अब धीरे-धीरे उद्यमी तथा प्रवर्तक इस बात को अनुभव कर रहे हैं कि परियोजना का काफी सीमा तक सफल परिचालन इस बात पर निर्भर करता है कि इसका प्रबन्ध किस प्रकार किया जा रहा है। प्रबन्ध में व्यवसायीकरण की जड़ें मजबूत हो रही हैं। प्रबन्ध विकास के क्षेत्र में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने प्रबन्ध विकास संस्थान की स्थापना करके एक महत्वपूर्ण अन्तराल को पूरा करने का प्रयास किया है। चूंकि जब तक काफी मात्रा में व्यवसायिक अनुभवी और सक्षम तथा प्रशिक्षित प्रबन्धक विकसित नहीं किए जाएंगे तब तक उल्लेखनीय दर से प्रबन्धक वर्गों के व्यावसायीकरण में सफलता प्राप्त नहीं की जा सकती।

3.16 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम सहित वित्तीय संस्थानों का इस बात पर जोर रहा है कि उचित प्रबन्धकीय ढांचे अर्थात् (क) निवेशक बोर्डों का उचित गठन, (ख) दूसरे स्तर पर अच्छे प्रबन्धक वर्ग का सृजन (ग) जहां आवश्यक हो प्रबन्धक समितियों/लेखांकन समितियों का गठन और (घ) सक्षम आधार पर परामर्शदाताओं तथा विशेषज्ञों की सेवाओं का उपयोग अथवा वर्तमान परिचालन व्यवस्था में सुधार की व्यवस्था की जाए। वित्तपोषित संस्थानों के बोर्डों की रचना का निर्धारण करते समय भारतीय औद्योगिक वित्त निगम का प्रयास किन्हीं विशिष्ट नियमों का उल्लेख करना नहीं है अपितु एक ओर इसका उद्देश्य प्रवर्तकों के उचित प्रतिनिधित्व और दूसरी ओर सम्बन्धित क्षेत्रों में सहायता बाहरी विशेषज्ञों को उचित मात्रा में सम्मिलित करना है जिन मामलों में निगम के विचारानुसार प्रमुख कार्यपालक अथवा प्रबन्ध निदेशक को उनकी सहायता की आवश्यकता होगी। आमतौर पर वित्तपोषित संस्थाओं के बोर्डों में संस्थानात्मक नामित निदेशकों की नियुक्ति अन्य सम्बन्धित संस्थानों में विचार विमर्श करने और संस्थाओं की संयुक्त शेयरधारिता की मात्रा, कुल सहायता का आकार और इसकी श्रेणी अर्थात् संस्था एम० आर० टी० पी० अथवा गैर एम० आर० टी० पी० है, के तथ्यों को ध्यान में रखकर की जाती है। इन सब उपायों के फलस्वरूप वित्तपोषित संस्थाओं के प्रबन्ध संस्कारों पर कुछ गुणात्मक प्रभाव पड़ा है, परन्तु इस दिशा में अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है।

परामर्श के लिए संस्कार विकास

3.17 न तो कोई प्रवर्तक और न ही कोई संगठन सभी कलाओं में दक्ष हो सकता है। जिस प्रकार से मानव-बच्चे के जन्म के समय प्रसूति की आवश्यकता होती है और पूर्व प्रसूति तथा उत्तरप्रसूति के दौरान उचित देखभाल जरूरी होती है, उसी प्रकार एक नई परियोजना के जन्म के समय भी इसकी पूर्व प्रसव तथा उत्तर प्रसव अवस्थाओं में विशेषज्ञ परामर्शदाताओं द्वारा उचित देखभाल अपेक्षित है। बड़ी परियोजनाओं के मामले में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम सहित वित्तीय संस्थान इस बात पर जोर देते हैं कि परियोजना की प्रारम्भ अवस्थाओं से ही परामर्शदाता इंजीनियरों की फौरन नियुक्ति की जाए ताकि वह विस्तृत इंजीनियरिंग, परियोजना सूचीकरण, स्थल निरीक्षण और सामान्य समन्वय आदि के क्षेत्रों में परियोजना के कार्यान्वयन के लिए उचित विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध करा सकें। मध्यम और मध्यम-बड़े स्तर की परियोजनाओं के मामले में शुरू से ही इसके संगठन ढांचे में ही परामर्शदाता या परियोजना प्रबन्धक की आवश्यकता पर जोर दिया जाता है। वास्तव में विकास वित्तीय संस्थानों ने परियोजना के प्रत्येक क्षेत्र के लिए विशेषज्ञ परामर्श की आवश्यकता को अनुभव किया है। मध्यम और बड़े पैमाने की परियोजनाओं के लिए परामर्शदाताओं की कोई कमी नहीं है लेकिन विकास वित्तीय संस्थाओं ने विशेषकर छोटे पैमाने की परियोजनाओं के लिए एक ही स्थान पर "अवधारणा" अवस्था से लेकर "कार्यान्वयन" अवस्था तक समग्र परामर्श उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तकनीकी सलाहकारी संगठनों की स्थापना की है। इन तकनीकी सलाहकारी संगठनों से लघु तथा मध्यम स्तर की परियोजनाओं को इनकी सेवाओं का प्रसार तथा परामर्श परिचालन अवधि के दौरान भी उपलब्ध है। भारत में राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख विकास वित्तीय संस्थान, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम लि० के संयुक्त उद्यम से औद्योगिक परामर्शदाताओं की निर्देशिका तैयार की गई है जिसमें भारत में उपलब्ध परामर्शदायी सेवाओं के सम्बन्ध में उपयोगी मूलभूत सूचना दी गई है। उन सभी उपायों के फलस्वरूप औद्योगिक क्षेत्र में स्वस्थ "परामर्श संस्कार" के विकसित होने में सहायता मिली है।

उद्यमीयता विकास और प्रसार पर प्रभाव

3.18 केवल मात्र वित्त, कच्चे माल और अन्य अवस्थापना सुविधाओं की उपलब्धता से ही किसी क्षेत्र विशेष के आर्थिक विकास को उचित रूप में प्रभावित नहीं किया जा सकता, जब तक कि औद्योगिक क्षेत्र में चुनौतियों का सामना करने के लिए और उद्यमीय जोखिम उठाने के लिए मानवीय साधनों का उचित रूप से पुर्नविन्यास न किया जाए, यह तथ्य अब काफी मान्यता प्राप्त कर चुका है। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम सहित संस्थान न केवल उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों के लिए निधियों के रूप में अपनी सहायता दे रहे हैं अपितु इन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान नामक संस्थान का भी गठन किया है। भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान देश में उद्यमीयता आन्दोलन को गति प्रदान करने में सक्षम रहा है और यहां तक कि कई राज्य सरकारों ने उद्यमीयता विकास की आवश्यकताओं को पहचान लिया है और इन्होंने सातवीं योजना अवधि के दौरान अपने सम्बन्धित राज्यों में उद्यमीयता विकास केन्द्रों की स्थापना के लिए प्रस्ताव रखे हैं।

3.19 विशेषकर मध्यम और मध्यम-बड़े स्तर के क्षेत्रों में देश में उद्यमीयता आधार को विकसित करने के लिए भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा प्रवर्तित तथा निधि प्रदत्त जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान ने प्रवर्तकों को ब्याज रहित एवं मामूली सेवा प्रभार पर वित्त उपलब्ध कराकर "जोखिम पूंजी वित्तपोषण" उपलब्ध कराने के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रभाव स्थापित किया है। जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान देश के औद्योगिक धरातल पर 136 तकनीकज्ञों को मध्यम और मध्यम-बड़े आकार की परियोजनाओं के प्रवर्तकों के रूप में ला सकने में समर्थ रहा है।

औद्योगिक विकास को सहायता

3.20 देश के सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन के लिए संकलित तकनीकज्ञ उत्पादेय एक तीव्र गति वाहन के रूप में माना गया है। पूंजी अभाव राष्ट्र होने के नाते तकनीकी दक्षता की आवश्यकता हमारे लिए और भी महत्वपूर्ण है। अपनी ओर से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने अपनी दो प्रवर्तन योजनाओं अर्थात् देशी तकनीक को ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु उप-सहायता योजना और इन-हाऊस अनुसंधान तथा विकास प्रयासों के माध्यम से तकनीक विकास के लिए सहायता योजना, द्वारा इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में सहायता प्रदान करने का प्रयास किया है चाहे यह अभी मामूली है। 5.00 करोड़ रुपये तक की कुल परियोजना लागत वाली अति लघु तथा लघु क्षेत्र की परियोजनाओं एवं मध्यम स्तर क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों के लिए प्रदान की जाने वाली देशी तकनीक ग्रहण करने के प्रस्ताव के लिए उप सहायता योजना बनाई गई है और मध्यम स्तर की परियोजनाओं के लिए 20,000 रुपये की सीमा तक अथवा देशी जानकारी प्राप्त करने का 80% मध्यम क्षेत्र की परियोजनाओं को 5.00 लाख रुपये, परियोजना लागत के अधिकतम 10% तक की समग्र उप सहायता प्रदान की जाती है। इन-हाऊस अनुसन्धान और प्रशिक्षण प्रयासों के माध्यम से तकनीक का विकास करने के लिए प्रारम्भ की गई सहायता योजना का उद्देश्य भी 10% रियायती ब्याज दर पर ऋण के रूप में सहायता उपलब्ध कराना है जो कि देशी तकनीक के विकास/अभिग्रहण के लिए प्रयोगशाला स्तर से वाणिज्यिक स्तर पर विकसित करने के लिए इन-हाऊस अनुसन्धान और शोध व्यय में आई लागत का 50% अथवा 25.00 लाख रुपये, जो भी कम हो, तक सीमित है। हाल ही में प्रारम्भ की गई इन दोनों योजनाओं से अपेक्षा है कि ये आने वाले समय में तकनीक के विकास पर अपना उचित प्रभाव स्थापित कर सकेंगी। इस दौरान भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान के माध्यम से देश में प्रायोगिक ढांचे में सुधार लाने तथा उद्योग में अन्तरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा पैदा करने के दृष्टिकोण से "प्रौद्योगिक वित्त" उपलब्ध कराने पर भी विचार कर रहा है।

स्वः विकास तथा स्वः नियोजन प्रयासों के लिए सहायता

3.21 गरीबी तथा बेरोजगारी को मिटाने और देश के बेरोजगार युवाओं में निः सहायता के स्थान पर साधन सम्पन्नता की भावना पैदा करने के उद्देश्य से बनाई गई, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की एक अन्य योजना है जिसका नाम है, स्वः विकास तथा स्वः नियोजन प्रयासों के लिये सहायता योजना। इस प्रवर्तन योजना के अधीन, ऐसे व्यक्तियों को, जिन्होंने उद्यमीयता विकास कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त किया है, बैंकों आदि से ऋण प्राप्त करने के उद्देश्य के लिए उन द्वारा लगाये जाने वाले सीमान्त धन की राशि तकनीकी सलाहकारी संगठनों/विशिष्ट एजेंसियों के माध्यम से उधार ऋण के रूप में निगम द्वारा उपलब्ध कराई जाती हैं।

सहायकीकरण में सहायता

3.22 सहायकीकरण को एक ओर आधुनिक बड़े स्तर के उत्पादन में बचत प्राप्त करने तथा दूसरी ओर विकेन्द्रीकरण परिचालनों और रोजगार उपलब्धता के लाभ प्राप्त करने की दृष्टि से आंका जाना चाहिए। परियोजनाओं का मूल्यांकन करते समय भारतीय औद्योगिक वित्त निगम उत्पादन की जाने वाली बहुत सी मदों का इस दृष्टि से मूल्यांकन तथा निरीक्षण करता है ताकि इन परियोजनाओं से सहायक और लघु क्षेत्र के उद्योगों की स्थापना की संभावनाओं के क्षेत्र पर पहले से ही विचार किया जा सके। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के निरीक्षण अधिकारी अनुवर्तन निरीक्षणों के दौरान (क) सहायकीकरण के लिए संभावनाओं, यदि कोई सहायक इकाई नहीं है (ख) वित्तपोषित संस्थाओं द्वारा सहायक इकाइयों के विकास में दिया गया योगदान, यदि कोई है, और (ग) पैतृक-सहायक इकाई का सम्बन्ध और इसके स्तर, जैसे पहलुओं पर भी विचार करते हैं। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

की प्रवर्तन योजनाएं सहायकीकरण के लिए उपयुक्त उत्पाद तथा इसके अभिसंस्कार के सम्बन्ध में व्यवहार्यता अध्ययन/परियोजना रिपोर्ट/व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने के लिए सहायता प्रदान करता है और यदि यह वस्तकार्य तकनीकी सलाहकारी संगठन/विशिष्ट एजेन्सियों द्वारा किया जाए तो उद्यमी को 100% लागत-शुल्क उपलब्ध कराई जाती है। वस्तकार्य पूरा होने के पश्चात् 75% उप-सहायता की अदायगी तकनीकी सलाहकारी संगठन/विशिष्ट एजेन्सियों को कर दी जाती है और शेष 25% उप-सहायता सहायक इकाइयों द्वारा वित्तीय सहायता की व्यवस्था कर लेने तथा पैतृक इकाई के साथ सहायक दर्जा प्राप्त करने में व्यवस्था कर लेने के पश्चात् उपलब्ध करा दी जाती है।

उद्योग रहित जिलों में वित्तपोषित परियोजनाओं पर भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की सहायता का प्रभाव

3.23 1984-85 के दौरान भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की उद्योग रहित जिलों की परियोजनाओं को सहायता तीन गुणा से भी अधिक रही। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की सहायता का उद्योग रहित जिलों/अन्य औद्योगिक रूप से पिछड़े जिलों की परियोजनाओं पर सामाजिक और आर्थिक प्रभाव इस बात से आंका जा सकता है कि इन परियोजनाओं ने स्थानीय लोगों के आर्थिक कल्याण को पूरा करने के लिए "विकासात्मक जागरूकता" पैदा की है और सामाजिक मूल-स्थापना सुविधाएं संगठित हुई हैं। चूंकि अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों में स्थापित की गई अधिकतर परियोजनाएं ग्रामीण और/अथवा अर्ध-ग्रामीण परिवेश में स्थापित की गई हैं, अतः इन क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन हुआ है। इन परियोजनाओं में प्रत्येक रोजगार तथा अप्रत्यक्ष रोजगार को पैदा करने में भी भारी सहायता मिलती है और इन इलाकों में काफी मात्रा में अति लघु तथा छोटे स्तर की इकाइयों और विभिन्न कारोबार, दुकानों, मरम्मत सेवाओं आदि से सम्बन्धित दुकानें स्थापित हुई हैं।

ऊर्जा संरक्षण और उसके प्रबन्ध उपायों को प्रोत्साहन

3.24 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ऊर्जा संरक्षण और इसके औद्योगिक वित्तपोषित संस्थाओं द्वारा उचित प्रबन्ध की ओर अधिक ध्यान दे रहा है। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा वित्तपोषित की जाने वाली परियोजनाओं का मूल्यांकन करते समय निगम ऊर्जा उपभोग पहलुओं, ऊर्जा क्षमता में सुधार करने अथवा ऊर्जा हानि में कटौती करने या नवीकरणीय अथवा ऊर्जा के वैकल्पिक साधनों के उपयोग की संभावनाओं पर गहराई से विचार किया जाता है।

3.25 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ऊर्जा प्रबन्ध पर न केवल राष्ट्रीय हित के विस्तृत दृष्टिकोण से विचार करता है अपितु इसे उत्पादन लागत में कटौती करने के साधन के रूप में भी देखता है ताकि उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में सुधार हो सके अथवा कम से कम इसके लाभ का न्यूनतम सीमान्त स्तर बना रहे। इन उपायों का प्रभाव ऊर्जा प्रबन्ध के क्षेत्र में उद्योग में पैदा हुई जागरूकता और "ऊर्जा लेखा परीक्षण" आदि से आंका जा सकता है। वैकल्पिक तथा नवीकरणीय ऊर्जा साधनों के उपयोग के सम्बन्ध उपस्करों का उत्पादन करने वाली औद्योगिक संस्थाओं के लिए भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा रियायती ब्याज दर पर सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

प्रदूषण नियन्त्रण/निवारण उपायों को प्रोत्साहन

3.26 औद्योगिक प्रदूषण का नियन्त्रण करने तथा सुरक्षा उपायों को अपनाने की ओर अधिक ध्यान दिए जाने से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा वित्तपोषित औद्योगिक परियोजनाओं के सम्बन्ध में स्थानिक पहलुओं पर अधिक ध्यान देता है और वित्तपोषित संस्थाओं को यह सुनिश्चित करने का प्रयास करता है कि औद्योगिक बहिःस्राव प्रत्येक राज्य में नियंत्रण निकायों द्वारा निर्धारित सीमाओं के अधीन नियंत्रण और काबू में रखा जा सके। वित्तपोषण के मामलों में व्यर्थ माल का पुनरुपयोग करने, वातावरण सुरक्षा और प्रदूषण नियंत्रण करने वाली परियोजनाओं को उचित महत्व दिया जाता है।

सरकारी क्षेत्र की परियोजनाओं पर भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की सहायता का प्रभाव

3.27 यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के आगमन से उद्योग में सहकारी आन्दोलन ने अपनी जड़ें पकड़नी शुरू की। संगठित औद्योगिक क्षेत्र में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने भारतीय उद्योग को अपनी 37 वर्षों की सेवा के दौरान 274 सहकारिताओं को कुल 294.05 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है। चूंकि इन सहकारिताओं में से लगभग सभी कृषि आधारित औद्योगिक क्षेत्र में हैं अतः उद्योग में सहकारिता आन्दोलन को गति प्रदान कर भारतीय औद्योगिक वित्त निगम कृषि तथा उद्योग और उद्योग व कृषि में सम्बन्ध स्थापित करने में सफल रहा है।

3.28 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की इन कृषि आधारित औद्योगिक सहकारिताओं को प्रदान की गई सहायता का उल्लेखनीय पहलू यह रहा है कि यह सहायता देश के सुदूर कोनों में स्थित इकाइयों को पहुंची है और इससे न केवल ऐसे क्षेत्रों में जहां पर कोई भी उद्योग नहीं था उद्योग स्थापित होने में सहायता मिली है अपितु इसने समग्र ग्रामीण दृश्य को भी परिवर्तित किया है। प्रायः यह होता है कि किसी ग्रामीण क्षेत्र में एक औद्योगिक सहकारिता के स्थापित होने से वहां पर बेहतर सड़कें, बेहतर सिंचाई सुविधाएं, पीने के पानी की व्यवस्था, पाठशालाओं और अस्पतालों की स्थापना जैसी सुविधाएं आने के साथ-साथ सहकारिता आन्दोलन में ग्रामीणों का विश्वास दृढ़ होता है और कृषि क्षेत्र की बचत उत्पादक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल होने लगती है। सहायक और सहयोगी उद्योग जैसे औद्योगिक अल्कोहल, मिष्ठान्न, इकाइयां, गन्ने की खोई आधारित कागज संयंत्र अथवा मिश्रित और दानेदार उर्वरकों का उत्पादन आदि, भी इनकी छोटी-छोटी शाखाओं के रूप में उभर आये हैं। इसी प्रकार सूत कताई सहकारिताओं ने ग्रामीण और अर्धग्रामीण क्षेत्रों में हथकरघा उद्योग के विकास को आवश्यक अवसर प्रदान किया है। कुछ राज्यों में अधिकतर सहकारिताओं के सफलतापूर्वक चलने के कारण सहकारिता आंदोलन में जन सामान्य का विश्वास जमा है और इससे देश में एक नए उद्यमियों का वर्ग पनपा है। बहुत से अन्य उद्योगों जैसे, पटसन, उवरक, कृत्रिम रेशा, वनस्पति तेल, कोको प्रोसेसिंग, कागज, आदि का वर्षों के दौरान, सहकारी क्षेत्र में प्रसार इस बात का स्पष्ट प्रमाण है।

प्रवर्तन कार्य

सामान्य समीक्षा

4.01 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान भा०औ०वि०नि० के प्रवर्तन कार्यों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। देशी टेक्नालाजी के प्रोत्साहन को वर्तमान योजना में सुधार करके, (क) इन-हाऊस अनुसंधान एवं विकास प्रयासों के द्वारा टेक्नालाजी को उन्नत करने के लिए, (ख) ग्रामीण, कुटीर उद्योगों के संवर्धन के लिए और लघु क्षेत्र में इकाइयों को विपणन सहायता उपलब्ध करवाने के लिए नई योजनाएं प्रारम्भ करके, इसके प्रवर्तन कार्यों में वर्ष के दौरान नए आयाम जोड़े गए।

4.02 निगम ने अपने विभिन्न प्रवर्तन कार्यों पर वर्ष 1984-85 के दौरान 305.49 लाख रुपये प्रयोग किए जब कि 1983-84 में यह राशि 180.28 लाख रुपये थी, इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में 69.5% की वृद्धि हुई।

4.03 वर्ष के दौरान तथा संचयी रूप से 30 जून, 1985 तक विभिन्न प्रवर्तन कार्यों पर निगम द्वारा किए गए व्यय का ब्यौरा सारणी 15 में दिया गया है।

सारणी 15 : भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा प्रवर्तन कार्यों के लिए उपयोग की गई राशि :

(लाख रुपये)

सहायता प्राप्त कार्यों की प्रकृति	1984-85 जुलाई-जून राशि रु०	30 जून, 1985 तक संचयी, राशि रु०
(i) प्रवर्तन योजनाएं (उप-सहायता)	59.90	161.72
(ii) उद्योग-रहित जिलों सहित कम विकसित क्षेत्रों के विकास के लिए औद्योगिक क्षमता सर्वेक्षण	3.61	6.66
(iii) तकनीकी सलाहकारी सहायता		
—तकनीकी सलाहकारी संगठनों को इक्विटी तथा अन्य सहायता	9.21	52.56
—औद्योगिक परामर्शदाताओं की निर्देशिका	0.13	0.22
(iv) बीज/जोखिम पूंजी सहायता	190.00	600.85
(v) प्रबन्ध विकास तथा प्रबन्धकीय कौशल का उन्नयन	25.23	462.36
(vi) उद्यमीयता विकास		
उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों को सहायता	4.66	6.69
—भारतीय उद्यमीय विकास संस्थान को ओत-सहायता	9.75	37.75
(vii) ग्रामीण विकास कार्यक्रम	—	1.00
(viii) अनुसंधान, अध्ययन, आदि का प्रवर्तन		
—आ०औ०वि०नि० पीठें	2.64	22.68
—विशेष अनुसन्धान अध्ययन, रिपोर्टें, आदि	0.31	9.99
—इंडियन इकनौमिक जर्नल	0.05	0.05
(ix) गुट-निरपेक्ष और अन्य विकासशील देशों के लिए अनुसन्धान एवं सूचना प्रणाली पर सम्मेलन	1.00	1.00
(x) अनुस्थापन कार्यक्रम तथा राज्य-स्तरीय संस्थानों को सहायता	—	4.30
(xi) अन्य*	—	59.36
जोड़	305.49	1,426.99

*परियोजनाओं के प्रत्यक्ष वित्तपोषण के लिए प्रयुक्त।

प्रवर्तन योजनाएं

4.04 वर्ष 1984-85 के प्रारम्भ में निगम की निम्नलिखित सात प्रवर्तन योजनाएं थीं जो कि निगम में अपनी ओर से शुरू की थीं और जो प्रत्येक के साथ दी गई तारीखों से चालू हैं :—

(क) उप-सहायता योजनाएं

—देशी तकनीक के ग्रहण को प्रोत्साहित करने के लिए उप-सहायता योजना (30-11-1977)

—बाजार अध्ययन आदि लागत को पूरा करने के लिए नए उद्यमियों को उप-सहायता योजना (30-11-1977)

—व्यवहार्यता अध्ययन, आदि की लागत को पूरा करने के लिए लघु उद्यमियों को उप-सहायता योजना (1-7-1978)

—सहायक और लघु क्षेत्र के उद्योगों के प्रवर्तन के लिए उप-सहायता योजना (1-9-1978)

—अति लघु तथा लघु स्तर के क्षेत्र में रुग्ण इकाइयों के पुनर्जीवन के लिए उप-सहायता योजना (28-6-1982)

(ख) सहायता योजनाएं

—बेरोजगार युवा व्यक्तियों के स्व-विकास और स्व-नियोजन के लिए सहायता योजना (28-6-1982)

—इन-हाउस अनुसंधान एवं विकास प्रयासों के द्वारा टेक्नालॉजी के विकास के लिए सहायता की योजना (1-7-1984)

4.05 व्यवहार्यता अध्ययन, आदि की लागत को पूरा करने के लिए लघु उद्यमियों को उप-सहायता योजना का वर्ष के अन्त में नवीकरण किया गया और एक संशोधित योजना पहली अगस्त, 1985 से लागू की गई है। संशोधित रूप में यह योजना केवल ग्रामीण, कुटीर, अति लघु और लघु क्षेत्र में (उन इकाइयों को जिनकी कुल पूंजीगत लागत दस लाख रुपये से अधिक न हो) छोटे उद्यमियों पर ही लागू होगी। उसी तारीख से लघु स्तर औद्योगिक इकाइयों को विपणन सहायता उपलब्ध करवाने के लिए उप-सहायता योजना नामक एक नई योजना वर्तमान प्रवर्तन योजनाओं में सम्मिलित की गई है। इन दो योजनाओं की प्रमुख विशिष्टताएं जैसी कि वह अब हैं, निम्नानुसार हैं :

(क) व्यवहार्यता अध्ययन आदि की लागत को पूरा करने के लिए ग्रामीण, कुटीर एवं अति लघु क्षेत्र में छोटे उद्यमियों के लिए उप-सहायता योजना

योजना के अन्तर्गत प्रथम पीढ़ी उद्यमियों द्वारा स्थापित की जा रही ग्रामीण, कुटीर, अति लघु, और लघु क्षेत्र में (उन इकाइयों को जिनकी पूंजीगत कुल लागत, दस लाख रुपये से अधिक न हो) औद्योगिक इकाइयां तकनीकी सलाहकारी संगठन से सस्ती दरों पर व्यवहार्यता अध्ययन/परियोजना रिपोर्ट, आदि की पात्र हैं; निगम की उप-सहायता राशि तकनीकी सलाहकारी संगठन द्वारा लिए जा रहे शुल्क का 90% या 2700/- रुपये, जो भी कम हो, होगी। उप-सहायता की राशि अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों या शारीरिक रूप से विकलांग उद्यमियों या एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत आने वाले उद्यमियों के मामले में 100% या 3,000 रुपये तक हो सकती है।

(ख) लघु क्षेत्र औद्योगिक इकाइयों को विपणन सहायता उपलब्ध करवाने के लिए उप-सहायता योजना

योजना के अन्तर्गत सभी लघु क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयां, ग्रामीण, कुटीर एवं अति लघु क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली औद्योगिक इकाइयों सहित, तकनीकी सलाहकारी संगठनों द्वारा उपलब्ध विपणन सहायता प्राप्त कर सकती हैं। इस सहायता के अन्तर्गत निम्नलिखित का समावेश हो सकता है (क) बाजार सूचना, (ख) बाजार कौशल को विकसित करना, (ग) औद्योगिक इकाई के लिए विपणन संगठन की रूप-रेखा बनाना, (घ) किसी अन्य इकाई या एजेंसी के साथ विपणन प्रतिबंध रखने में लघु क्षेत्र औद्योगिक इकाई की सहायता करना, (ङ) उत्पाद सुधार और टेक्नालॉजी उन्नयन पर विचार-विमर्श करना ताकि उत्पाद की

विपणन प्रतिस्पर्धात्मकताओं सुधार किया जा सके, और (घ) दक्ष सेवाएं उपलब्ध करवाना जैसा कि विपणन परामर्शदाताओं से सामान्यतया अपेक्षा की जाती है। योजना के अन्तर्गत तकनीकी सलाहकारी संगठन द्वारा अपने हाथ में लिया गया कार्य न्यूनतम एक वर्ष की अवधि के लिए होगा जिसमें कि लघु क्षेत्र औद्योगिक इकाई को आवश्यकता-आधारित विपणन सहायता उप-लब्धित होगी। तकनीकी सलाहकारी संगठन, पार्टी से अपने शुल्क का 20% कार्य स्वीकार करते समय, इससे अगला 20% उस समय जब यह पार्टी को विपणन कौशल या विपणन संगठन, आदि का खाका उपलब्ध करवाने में समर्थ हो, इससे अगला 40% उस समय जब तकनीकी सलाहकारी संगठन पार्टी को बाजार सहायता के सम्बन्ध में इसके द्वारा तैयार की गई योजना को कार्यान्वित करने में समर्थ हो, वसूल कर सकता है और इसके शुल्क अन्तिम 20% को, बजाय, पार्टी से, तकनीकी सलाहकारी संगठन द्वारा रु० 3500/- की सीमा के अधीन, निगम से उप-सहायता के रूप में प्राप्त कर सकता है, बशर्ते कि सुविधा भोगी पार्टी से एक प्रमाण-पत्र लिया जाए कि तकनीकी सलाहकारी संगठन द्वारा उपलब्ध करवाई गई विपणन सहायता वास्तव में कार्यान्वित की गई और इससे सुविधा-भोगी पार्टी को अपनी बिक्री राशि को प्रत्यक्ष सुधारने में सहायता मिली है।

निगम कि प्रवर्तन योजनाओं के अन्तर्गत संवितरित उप-सहायता

4.06 उप-सहायता प्रदान करने वाली निगम की प्रवर्तन योजनाओं के अन्तर्गत वर्ष 1984-85 में इसके द्वारा संवितरित राशि और 30 जून, 1985 तक संचयी रूप से उप-सहायता संवितरणों की स्थिति नीचे सारणी 16 में दर्शायी गई है। उपरोक्त से यह विदित होगा कि वर्ष के दौरान निगम की प्रवर्तन (उप-सहायता) योजनाओं के अन्तर्गत 58.90 लाख रुपये की उप-सहायता प्राप्त कर 953 परियोजनाएं लाभान्वित हुई जब कि 1983-84 में 638 परियोजनाओं को 40.45 लाख रुपये मंजूर किए गए थे, जिससे कि 45.6 की वृद्धि परिलक्षित होती है।

सारणी 16 : भा०औ०वि०नि० की प्रवर्तन योजनाओं के अन्तर्गत संवितरित की गई उप-सहायता

(लाख रुपये)

प्रवर्तन (उप-सहायता) योजनाएं	1984-85 (जुलाई-जून)		30 जून, 1985 तक संचयी	
	परियोजनाओं की संख्या	संवितरित की गई राशि	परियोजनाओं की संख्या	संवितरित की गई राशि
1	2	3	4	5
—देशी तकनीक के ग्रहण को प्रोत्साहित करने के लिए उप-सहायता योजना	1	18.58	3	42.95
—बाजार अध्ययन, आदि की लागत पूरी करने के लिए नए उद्यमियों को उप-सहायता योजना	1	0.15	6	0.87
—व्यवहार्यता अध्ययन, आदि की लागत पूरी करने के लिए लघु उद्यमियों को उप-सहायता योजना	892	37.29	2,969	104.92
—सहायक और लघु उद्योगों के प्रवर्तन के लिए उप-सहायता योजना	7	0.83	97	10.50
—अति लघु और लघु उद्योगों की रुग्ण इकाइयों के पुनर्जीवन के लिए उप-सहायता योजना	52	2.05	61	2.48
जोड़	953	58.90	3,136	161.72

निगम कि प्रवर्तन योजनाओं के अन्तर्गत मंजूर की गई सहायता

4.07 जैसा कि अनुच्छेद 4.04 में उल्लिखित है, निगम की दो प्रवर्तन योजनाएं उदार शर्तों पर ऋण सहायता प्रदान करती हैं। यद्यपि बेरोजगार युवा व्यक्तियों के स्व-विकास एवं स्व-नियोजन के लिए सहायता की योजना को, जो कि तकनीकी सलाहकारी संगठनों तथा अन्य निर्दिष्ट एजेन्सियों के माध्यम से चलाई जा रही है, अभी गति प्राप्त होनी थी, इन-हाऊस अनुसंधान एवं विकास प्रयासों के द्वारा टेक्नालॉजी को विकास के लिए सहायता की योजना के अन्तर्गत निगम ने वर्ष के दौरान संश्लिष्ट भारी औषधियों/औषध इन्टरमीडिएट्स अनुसंधान, प्राकृतिक उत्पाद अनुसंधान, स्टीरॉयड्स अनुसंधान और फार्मास्युटिकल फारमुलेशन्स अनुसंधान के क्षेत्रों में प्रयोगशाला से लेकर वाणिज्यिक स्तर तक टेक्नालाजी को विकसित और उन्नत करने के लक्ष्य वाली इसकी अनुसंधान एवं विकास परियोजना के एक भाग के वित्तपोषण के लिए भारी औषधियों, बढ़िया रसायनों और फारमुलेशनों के निर्माण के क्षेत्र में लगी हुई एक कम्पनी को 23.50 लाख रुपये की ऋण सहायता मंजूर की। अनुसंधान में अन्य बातों के साथ-साथ "एन्टी-अल्सर", "एन्टी-इन्फ्लेमेटरी", "एन्टी-एस्थमेटिक", "एन्टी-हाइपरटेन्सिव" और "एन्टी कालिनैर्जिक" औषधों का विकास, नैजल ड्रग डिलिवरी सिस्टमों का विकास और साथ ही एन्डोमोट्रियोसिस, आदि की अभिक्रिया के लिए स्टीरॉयड अनुसंधान सम्मिलित हैं।

उद्योग-रहित जिलों सहित पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए औद्योगिक क्षमता सर्वेक्षणों के लिए सहायता

4.08 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया था कि भा०औ०वि०नि० सहित अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों ने सम्बन्धित राज्य सरकारों के परामर्श से 30 'उद्योग रहित जिलों', का व्यवस्थित एवं सुनियोजित औद्योगिक क्षमता सर्वेक्षण करने का कार्य हाथ में लिया था। इस संबंध में परियोजना रूप-रेखा के निरूपण के लिए प्रारम्भिक कार्य और साथ ही इन उद्योग-रहित जिलों की "परियोजना विशिष्ट" और "क्षेत्र-विशिष्ट" दोनों अवस्थापना सुविधा आवश्यकता की मात्रा के मूल्यांकन का कार्य तकनीकी सलाहकारी संगठनों को सौंपा गया था। वर्ष के दौरान सभी 30 उद्योग-रहित जिलों के सम्बन्ध में रिपोर्ट तकनीकी सलाहकारी संगठनों से प्राप्त हो गई, और भा०औ०वि० बैंक, भा०औ०वि०नि० एवं भा०औ०सा०नि०नि० के अधिकारियों की एक जांच समिति द्वारा उनकी परख की गई, जिसके फलस्वरूप 215 करोड़ रुपये के निवेश वाले 24 उद्योग-रहित जिलों के संबंध में 66 परियोजना-रूपरेखाएं वर्ष के दौरान अभिनिर्धारित की गईं जो कि आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित राज्य सरकारों/राज्य-स्तरीय प्रवर्तन एजेंसियों को भेज दी गई थीं।

4.09 उद्यमियों के चयन और साथ ही निर्धारित परियोजना-रूप-रेखाओं के प्रचार करने की जिम्मेवारी सम्बन्धित राज्य सरकारों और राज्य स्तरीय विकासात्मक संस्थाओं में निहित है। लेकिन किसी उद्यमी

कि एक बार निश्चित हो जाने पर भा०औ०वि० बैंक, भा०औ०वि०नि० एवं भा०औ०सा०नि०नि० 75% की सीमा तक तकनीकी आर्थिक व्यवहार्यता रिपोर्टों को तैयार करने की लागत को इकट्ठे उप-सहायता देने के लिए सहमत हैं बशर्ते कि उद्यमी लागत के 25% को पूरा करे और इस कार्य को कोई तकनीकी सलाहकारी संगठन करे। यदि कोई उद्यमी तकनीकी आर्थिक व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने के लिए तकनीकी सलाहकारी संगठन से भिन्न किसी अनुमोदित परामर्शदाता से परामर्श लेना चाहता है तो संस्थान तकनीकी आर्थिक व्यवहार्यता रिपोर्ट के तैयार करने की लागत को 50% की सीमा तक उप-सहायता दे सकता है।

4.10 वर्ष की समाप्ति तक निगम सहित अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा 14 और "उद्योग-रहित" जिलों के सम्बन्ध में औद्योगिक क्षमता सर्वेक्षण कार्य 5 तकनीकी सलाहकारी संगठनों को सौंपा गया।

तकनीकी सलाहकारी सहायता

(क) तकनीकी सलाहकारी संगठन

4.11 पिछले वर्ष यह रिपोर्ट किया गया था कि जून, 1984 की समाप्ति के समय 16 तकनीकी सलाहकारी संगठन, ग्रामीण, अति लघु, छोटे एवं मध्यम स्तर के उद्यमियों, विशेषकर नए उद्यमियों, सरकारी विभागों, वाणिज्यिक बैंकों, राज्य स्तरीय वित्तीय संस्थानों और औद्योगिक संवर्धन एवं प्रबन्ध व्यवस्था में लगी हुई अन्य एजेंसियों को व्यापक पैमाने पर सलाहकारी सेवाएं उपलब्ध करवा रहे थे। वर्ष 1984-85 के दौरान हरियाणा इण्डस्ट्रियल कन्सलटेन्ट्स लिमिटेड नामक एक अन्य तकनीकी सलाहकारी संगठन, जिसका कि पंजीकृत कार्यालय सोनीपत (हरियाणा) में और शाखा कार्यालय नई दिल्ली में होगा, निगम के मार्गदर्शन में स्थापित किया गया है, ताकि हरियाणा राज्य और संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली में उद्यमियों को कम लागत वाली लेकिन गुणवत्ता युक्त सलाहकारी सेवाएं उपलब्ध हो सकें। इसको मिलाकर पूरे देश में 17 तकनीकी सलाहकारी संगठनों (भा०औ०वि०ब० के मार्गदर्शन में 8 भा०औ०वि०नि० के मार्गदर्शन में 5, भा०औ०सा०नि०नि० के मार्गदर्शन में 3 और कर्नाटक सरकार द्वारा प्रायोजित 1) का जाल बिछ गया है।

4.12 निगम ने न केवल अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा प्रायोजित तकनीकी सलाहकारी संगठनों को स्थापित करने में हाथ बंटाया है अपितु अपनी बहुत सी प्रवर्तन योजनाओं, (4.04 अनुच्छेद में उल्लिखित), के माध्यम से उनके कारोबार एवं विकास को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। छः प्रवर्तन योजनायें तकनीकी सलाहकारी संगठनों की एजंसी के माध्यम से चलाई जा रही हैं।

4.13 समग्रतः सभी सोलह तकनीकी सलाहकारी संगठनों ने 1984-85 के दौरान 2,422 दत्त-कार्य किये और संचयी रूप से 30 जून, 1985 तक व्यवहार्यता अध्ययनों, परियोजना रिपोर्टों, परियोजना प्रोफाइलों, औद्योगिक क्षमता सर्वेक्षणों, पुनर्स्थापन अध्ययनों, मूल्यांकनों एवं अन्य दत्त कार्यों आदि से सम्बन्धित 17,082 दत्त कार्य किए थे जिसका विवरण सारणी 17 में दिया गया है, और जो कि अति लघु, लघु तथा लघु-मध्यम औद्योगिक परियोजनाओं को परामर्श के क्षेत्र में उनके द्वारा उत्पन्न किए जा रहे बढ़ते हुए प्रभाव के प्रमाण हैं।

सारणी 17 : सभी तकनीकी सलाहकारी संगठनों की प्रगति का सार

दत्तकार्यों की प्रकृति	पूरे किए गए दत्तकार्यों की सं०	
	1984-85 (जुलाई-जून)	प्रत्येक तकनीकी सलाहकारी संगठन के प्रारम्भ से 30 जून, 1985 तक
1	2	3
I. निवेश-पूर्व सलाहकारी दत्तकार्य		
—व्यवहार्यता, व्यवहार्यता-पूर्व अध्ययन/परियोजना रिपोर्ट . .	1,222	6,825
—औद्योगिक सम्भावना/क्षेत्र विकास सर्वेक्षण	56	338
—बाजार सर्वेक्षण . . .	39	230
—परियोजना रूपरेखा . .	410	5,918
—प्रारम्भिक तथ्य निरूपण अध्ययन .	4	79
—मूल्यांकन . . .	39	854
—अन्य . . .	316	1,258
उप जोड़ (I) . . .	2,086	15,502
II निवेश-पश्चात् सलाहकारी दत्तकार्य		
—निदानात्मक अध्ययन . .	71	566
—रुग्ण इकाइयों का पुनर्स्थापन .	62	259
—अन्य . . .	194	737
उप जोड़ (II) . . .	327	1,562
III. टर्नकी दत्तकार्य/क्रियात्मक औद्योगिक काम्पलक्स, आदि . . .	9	18
उप जोड़ (III) . .	9	18
कुल जोड़ (I+II+III) . .	2,422	17,082

4.14 उद्यमीयता विकास के क्षेत्र में अधिकांश राज्यों में तकनीकी सलाहकारी संगठन उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों के लिए केन्द्रीय एजेंसियों के रूप में कार्य करते रहे। कुल मिलाकर तकनीकी सलाहकारी संगठनों ने 30 जून, 1985 तक 312 उद्यमीयता विकास कार्यक्रम आयोजित किए और 9254 उद्यमियों का प्रशिक्षण किया और प्रशिक्षित उद्यमियों की परियोजनाओं के कार्यान्वयन में उनकी सहायता की।

4.15 वर्ष के दौरान, निगम के मार्गदर्शन के अधीन तकनीकी सलाहकारी संगठनों की समग्र कार्यप्रणाली में बहुतर अनुवर्तन और "व्यवस्थागित दृष्टिकोण" के द्वारा उनकी कार्यप्रणाली के गुणात्मक पहलुओं को सुधारने पर निगम का जोर बना रहा।

(घ) औद्योगिक परामर्शदाताओं की निर्देशिका

4.16 एक संयुक्त प्रयास के द्वारा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम एवं भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम ने भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के तत्वावधान में औद्योगिक परामर्शदाताओं की निर्देशिका निकाली थी, जिसका तृतीय संस्करण अक्तूबर, 1984 में प्रकाशित हुआ। निर्देशिका में, जो कि मार्गदर्शक एवं एक संदर्भ मैनुअल का कार्य करती है, 469 तकनीकी तथा गैर-तकनीकी परामर्शदाताओं के विशिष्टीकरण के क्षेत्र सहित पूरे ब्योरे और साथ ही केन्द्रीय/राज्य सरकार/वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद आदि से सम्बद्ध अनुसंधान प्रयोगशालाओं के ब्योरे भी दिए गए हैं।

जोखिम पूंजी सहायता के लिए सहायता

4.17 यदि उद्योग के उद्यमीय एवं टेक्नालॉजी आधार को विस्तृत करना है तो "जोखिम पूंजी" एवं "टेक्नालॉजी" का वित्तपोषण दो ऐसे क्षेत्र हैं जिनको कि प्रमुख महत्ता दिए जाने की आवश्यकता है। 1975 में निगम द्वारा प्रायोजित जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान जिसने कि वित्तपोषण के इस कार्य में एक अनुपम संगठन के रूप में स्वयं पहले ही विशेष योग्यता प्राप्त कर ली है और जो नई परियोजनाओं को स्थापित करने के लिए प्रवर्तकों के अंशदान के प्रवर्तकों के नियतांश को 50% को पूरा करने में समर्थ होने के लिए 15 लाख रुपये से 30 लाख रुपये तक (प्रवर्तकों की संख्या पर निर्भर करते हुए) के बीच ब्याज-मुक्त व्यक्तिगत ऋण उपलब्ध करवाता है, उस को वर्ष के दौरान निगम द्वारा "टेक्नालॉजी" के वित्तपोषण के लिए गहन योजना बनाने हेतु कहा गया था जिससे कि प्रतिष्ठान परिवर्तित नाम, अर्थात् "जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिक वित्त प्रतिष्ठान" के अधीन वित्त प्रौद्योगिकी के विकास के लिए संस्थानात्मक अवस्थापना सुविधाएं दिलाकर तथा उदार शर्तों पर वित्त प्रदान करके एक और अन्तराल को भर सके। यह आशा की जाती है कि विभिन्न औपचारिकताओं के पूरा होने पर यह योजना 1986 में लागू हो जायेगी।

4.18 जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान ने 31 दिसम्बर, 1984 को समाप्त अपने वित्तीय वर्ष में और उसके बाद 30 जून, 1985 को समाप्त अवधि के दौरान नीचे सारणी 18 में दिए गए आंकड़ों के अनुसार मंजूरियां दी और संवितरण किए :

सारणी 18 : जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान की मंजूरियां और संवितरण

जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान की जोखिम पूंजी सहायता से सम्बन्धित विवरण	1984 (जनवरी-दिसम्बर)	1985 (जनवरी-जून)	30 जून, 1985 तक संचयी
1	2	3	4
(i) मंजूर की गई परियोजनाएं (संख्या)	22	6	84
(ii) उपर्युक्त (i) से सम्बन्धित उद्यमी (संख्या)	37	8	136
(iii) निवल मंजूरियां (लाख रुपये)	262.49	71.12	787.09
(vi) संवितरण (लाख रुपये)	102.39	78.10	530.07

4.19 वर्ष 1984 में जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान की मंजूरियां एवं संवितरण वर्ष 1983 की 93.14 लाख रुपये की मंजूरियों एवं 59.74 लाख रुपये के संवितरणों से क्रमशः 181.8% और 71.4% अधिक थे। वर्ष 1984 में जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान द्वारा उपलब्ध करवाई गई सहायता में पर्याप्त वृद्धि जोखिम पूंजी सहायता योजना के उदारीकरण और जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान सहायता के क्षेत्र और इसके पात्रता माप-दण्ड को विस्तृत बनाये जाने के कारण थी।

4.20 जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान की जोखिम पूंजी सहायता की उदारीकृत योजना के अन्तर्गत भारत में भी पब्लिक लिमिटेड कम्पनी को प्रवर्तित करने वाले और किसी औद्योगिक परियोजना (3 करोड़ रुपये से 10 करोड़ रुपये तक के बीच की लागत वाली) को चलाने का प्रस्ताव करने वाले उद्यमियों की निम्नलिखित श्रेणियां अब जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान से वित्तीय सहायता की पात्र हैं बशर्ते कि उन्होंने पात्रता के अन्य मापदण्ड पूरे किए हों :

—तकनीकी/व्यावसायिक रूप से योग्यता प्राप्त उद्यमी या उद्योग या व्यापार में पर्याप्त अनुभव रखने वाले उद्यमी जो मध्यम आकार के उद्योग को पहली बार स्थापित कर रहे हों।

—वे उद्यमी जो कि पहली बार उद्योग के लघु क्षेत्र से मध्यम स्तर क्षेत्र की ओर बढ़ना चाहते हों।

—वे उद्यमी जो कि पहले से ही मध्यम स्तर क्षेत्र में हैं किन्तु बेहतर व्यवहार्यता प्राप्त करने के लिए अपनी औद्योगिक इकाइयों का विशाखन या विस्तार करना चाहते हों।

—वे उद्यमी जिनके पास सम्बन्धित औद्योगिक अनुभव हो और जो वित्तीय संस्थान (संस्थानों)/बैंक (बैंकों) द्वारा विधिवत अनुमोदित पुनर्स्थापन/अभिग्रहण की सुनियोजित योजना के अनुसार वर्तमान रुग्ण या बन्द पड़ी इकाइयों का अभिग्रहण करना चाहते हों।

4.21 विशेष मामलों में जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान उन परियोजनाओं की, जिनके लिए कि जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान द्वारा सहायता मूल रूप से मंजूर की गई हो, लागत में अति-व्यय के कारण होने वाले अतिरिक्त प्रवर्तकों के अंशदान को पूरा करने के लिए वर्तमान लाभ भोगियों को अतिरिक्त ऋणों की मंजूरी पर गुणावगुणों के आधार पर अब विचार कर सकता है। इसी तरह जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान अपने वर्तमान लाभ-भोगियों को अपनी निर्धारित परिसीमा में, अतिरिक्त ऋणों की मंजूरी पर भी विचार कर सकता है ताकि वे उनके द्वारा अभिगृहीत विस्तार/विशाखन योजनाओं की लागत के भाग के वित्तपोषण के लिए उनकी कम्पनियों द्वारा निर्मित अतिरिक्त इक्विटी में अपने "आधिकारिकों" का अभिदान कर सकें।

4.22 जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान के स्रोत इस समय पूरी तरह से निगम द्वारा पूरे किए जा रहे हैं। 30 जून, 1985 तक निगम ने जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान को 760.00 लाख रुपये की स्रोत सहायता उपलब्ध करवाई थी जिसमें से 590.94 लाख रुपये इसको पहले ही संवितरित किए जा चुके थे।

प्रबन्ध विकास और प्रबन्धकीय दक्षताओं का उन्नयन

4.23 उद्योग में प्रबन्धकीय पुरातनपन उतना ही बुरा है जितना कि संयंत्र और उपस्कर का पुरातनपन। उद्योग में उत्पादकता और औद्योगिक रुग्णता का उपचार प्रबन्धकीय व्यावसायीकरण तथा प्रबन्धकीय दक्षताओं के उन्नयन, आधुनिक प्रबन्ध तकनीकों आदि को अपनाने पर निर्भर करता है। इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने 1973 में प्रबन्ध विकास संस्थान का प्रवर्तन किया। यह उद्योग की विशेष आवश्यकताओं के अनुरूप प्रबन्ध में प्रशिक्षण प्रदान करने तथा विशिष्ट क्षेत्रों में अनुसन्धान तथा परामर्श सेवाएं प्रदान कर रहा है। देश तथा विदेशों के विकास वित्तीय संस्थानों की प्रशिक्षण और मानव साधन विकास आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से प्रबन्ध विकास

संस्थान के विकास बैंकिंग केन्द्र ने कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जिनमें से कुछ कार्यक्रम अन्तरराष्ट्रीय संगठनों, जैसे संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम, अन्तरराष्ट्रीय श्रम संगठन, एशिया और प्रशान्त में विकास वित्तीय संस्थानों का संगठन, आर्थिक विकास संस्थान, आदि, के सहयोग से किये गये।

4.24 अपने लेखाकन वर्ष 1984 के दौरान प्रबन्ध विकास संस्थान (विकास बैंकिंग केन्द्र सहित) ने 78 कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया जिनसे 1,484 भागीदार लाभान्वित हुए। 30 जून, 1985 तक समाप्त हुए अगले छ: महीनों की अवधि के दौरान प्रबन्ध विकास संस्थान (विकास बैंकिंग केन्द्र सहित) ने 47 कार्यक्रम और आयोजित किए, जिनसे 1,128 भागीदार लाभान्वित हुए।

4.25 संचयी रूप से प्रबन्ध विकास संस्थान (विकास बैंकिंग केन्द्र सहित) ने 30 जून, 1985 तक 629 कार्यक्रमों का आयोजन किया जिनसे 15,795 भागीदार लाभान्वित हुए और इनमें से 518 भागीदार अन्य विकासशील देशों के थे।

उद्यमीयता का विकास

4.26 नए उद्यमियों की बढ़ोत्तरी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम; तकनीकी सलाहकारी संगठनों, राष्ट्रीय विज्ञान और तकनीकी उद्यमीयता विकास बोर्ड और पूरे देश की अन्य बहुत सी एजेन्सियों द्वारा आयोजित उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों को अपनी सक्रिय सहायता प्रदान करता रहा है। 1984–85 के दौरान 2,300 संभावी उद्यमियों को प्रशिक्षण हेतु 112 उद्यमीय विकास कार्यक्रमों के लिए भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने 4.66 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की। संचयी रूप से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने 122 उद्यमीय विकास कार्यक्रमों के लिए 6.69 लाख रुपये की सहायता प्रदान की, जिससे लगभग 2,500 उद्यमियों को लाभ प्राप्त हुआ।

4.27 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की उद्यमीयता विकास गतिविधि का अन्य उल्लेखनीय पहलू यह है कि इसने भोपाल में गैस से प्रभावित पीड़ितों को पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश कन्सलटेन्सी आर्गनाइजेशन लि० द्वारा आयोजित किए जाने वाले उद्यमीय विकास कार्यक्रमों की समग्र लागत की पूर्ति करना स्वीकार किया है। विशिष्ट लक्ष्य समूह, जैसे महिला उद्यमियों, विज्ञान और तकनीकी पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों, ग्रामीण और जनजाति समुदाय आदि से सम्बन्धित उद्यमियों के लिए आयोजित किए जाने वाले उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों को भी विशेष महत्व प्रदान किया गया है।

भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान

4.28 उद्यमीयता विकास के लिए एक प्रमुख एजेन्सी के तौर पर अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा 1983 के मध्य में स्थापित किए गए भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान ने अपने कार्यों में गति प्रदान की, और इसने वर्ष 1984–85 (अप्रैल–मार्च) के दौरान 12 उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें से पटना और भुवनेश्वर में दो प्रदर्शन मॉडल कार्यक्रम, गंगटोक (सिक्किम) और इटानगर (अरुणाचलप्रदेश) में दो सामान्य कार्यक्रम, न्यू इटानगर (अरुणाचल प्रदेश) में एक विशेष स्व: रोजगार पाठ्यक्रम, पणजी (गोवा) में वर्तमान उद्यमियों के लिए एक कार्यक्रम, पणजी (गोवा) में आर्थिक विकास निगम और इटानगर (अरुणाचलप्रदेश) में उद्योग निदेशालय के अधिकारियों के लिए दो उत्प्रेरण विस्तार कार्यक्रम, विकासशील राष्ट्रों के भागीदारों के लिए लन्दन (यू०के०) में एक उपलब्धि उत्प्रेरण कार्यक्रम और नई दिल्ली के महिला पोलिटैक्नीक, गोवा की आर्थिक विकास निगम और गोहाटी की उत्तर पूर्वी औद्योगिक एवं तकनीकी सलाहकारी संगठन के विशेष योगदान/सहयोग से तीन विज्ञान और तकनीकी उद्यमीय विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त भारतीय उद्यमीय विकास संस्थान ने विभिन्न संस्थानों को प्रशिक्षण में मदद देने तथा उद्यमीय विकास कार्यक्रमों के लिए ठोस दल कायम करने के उद्देश्य से सहायता प्रदान की। इस गतिविधि के अधीन महाराष्ट्र, राजस्थान, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, उत्तर–पूर्वी खण्ड के तकनीकी सलाहकारी संगठनों; गोवा के आर्थिक विकास निगम, मद्रास के इण्डियन इन्सटीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी, चण्डीगढ़ के टैक्निकल टीचर्स ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट और गुड़गांव (हरियाणा) के प्रबन्ध विकास संस्थान को लाभ प्राप्त हुआ। वर्ष के दौरान, भारतीय उद्यमीय विकास संस्थान ने "प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण" कार्यक्रम का भी आयोजन किया और स्थानीय विकास एजेन्सियों के लिए प्रशिक्षणार्थियों/उत्प्रेरकों के विकास को ध्यान में रखते हुए दो महत्वपूर्ण पथ-प्रदर्शक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया।

4.29 भारतीय उद्यमीय विकास संस्थान ने जनवरी, 1985 में अहमदाबाद (गुजरात) में आयोजित अफ्रीकी राष्ट्रों के लिए उद्यमीय विकास पर एक अन्तरक्षेत्रीय वर्कशाप की मेजबानी भी की जिससे उद्यमीयता गतिविधियों, विशेषकर विकासशील राष्ट्रों में, उल्लेखनीय रुचि पैदा हुई। इस कार्यशाला के परिणामस्वरूप मारिशस के विकास बैंक ने भारतीय उद्यमीय विकास संस्थान से लगभग 30 उद्यमियों के लिए एक सप्ताह का उद्यमीय विकास कार्यक्रम आयोजित करने का निवेदन किया जिसका व्यय उक्त बैंक द्वारा उठाया जाएगा। हाल ही में भारतीय उद्यमीय विकास संस्थान को ई०डी०आई० वाशिंगटन के स्टाफ और विश्व बैंक के अधिकारियों के लिए उद्यमीय विकास के प्रति दृष्टिकोण से अवगत कराने के लिए वाशिंगटन में उद्यमीयता विकास सेमिनारों का आयोजन करने के लिए ई०डी०आई०—वाशिंगटन और विश्व बैंक ने आमन्त्रित किया है।

4.30 संचयी रूप से भारतीय उद्यमीय विकास संस्थान ने जुलाई 1983 से जून 1985 तक की अवधि में 20 कार्यक्रमों का आयोजन किया, और जो कार्यक्रम अभी तक वर्तमान एजेन्सियों द्वारा सारे देश में किए गए हैं, उन उद्यमीयता कार्यक्रमों के दस्तावेजीकरण व मूल्यांकन पर राष्ट्रीय अध्ययन के सम्बन्ध में एक अनुसन्धान कार्य भी शुरू किया। भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान ने विस्तृत व्यावहारिक आर्थिक-सामाजिक कार्यक्रमों में 5 सफल उद्यमियों के मामलों पर आधारित, जिन्होंने उन उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त किया, एक दृश्य–श्रव्य प्रतिकृति तैयार की है। यह प्रतिकृतियां उत्प्रेरक प्रयासों में काफी उपयोगी सिद्ध हो रही है और राज्य सरकारों, समुदाय तथा संस्थानात्मक सहायता के विकास की दृष्टि से उद्यमीय विकास पाठ्यक्रमों की साख को मजबूत बनाने में काफी सहायक रही हैं।

4.31 बहुत सी अन्य गतिविधियों के साथ–साथ, 1985-86 के दौरान भारतीय उद्यमीय विकास संस्थान, फोर्ड फाउन्डेशन के साथ मिलकर प्रायोगिक आधार पर ग्रामीण उद्यमीयता विकास कार्यक्रम को हाथ में लेना चाहता है। इस परियोजना के तीन वर्ष चलने की संभावना है और ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के आयोजित करने से प्राप्त हुए अनुभव को समुचित रूप से प्रलेखित और मूल्यांकित किए जाने का प्रस्ताव है ताकि इनका राष्ट्रीय स्तर पर उपयोग किया जा सके।

ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के लिए सहायता

4.32 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की पिछले वर्ष की रिपोर्ट में 5 फरवरी से 15 फरवरी, 1984 तक भारत में आयोजित "ग्रामीण विकास का अन्तरराष्ट्रीय प्रतिपादन" के लिए किए गए योगदान का उल्लेख किया गया था। वर्ष के दौरान, ग्रामीण विकास अन्तरराष्ट्रीय प्रतिपादन केन्द्र ने ग्रामीण विकास प्रतिपादन के अधीन प्राप्त किए गए महत्वपूर्ण परिणामों के सम्बन्ध में सूक्ष्म धरातल परिप्रेक्ष्य के सम्बन्ध में "ग्रामीण कार्यकर्ताओं की वाणी" श्रृंखला नामक कई प्रकाशन निकाले जिनमें उन पहलुओं को प्रलेखित करने पर विशेष ध्यान दिया गया जिनके द्वारा कार्यकर्ताओं ने सफलता प्राप्त की।

अनुसंधान अध्ययन, आदि का संवर्द्धन

(i) भारतीय औद्योगिक वित्त निगम पीठें

4.33 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने विगत वर्षों में विकास बैंकिंग, वित्तीय और औद्योगिकीय प्रबन्ध औद्योगिक अर्थशास्त्र, आदि के क्षेत्रों में प्रबन्ध संस्थानों तथा विश्वविद्यालयों से घनिष्ठ सम्बन्ध स्थापित कर लिये हैं। बम्बई, दिल्ली, कलकत्ता, गोहाटी और मद्रास के विश्वविद्यालयों तथा भारतीय प्रबन्ध संस्थान अहमदाबाद, प्रत्येक में एक-एक पीठ की स्थापना कर के विशिष्ट क्षेत्रों में अनुसन्धान का संवर्द्धन करने के उद्देश्य से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने 6 पीठों की स्थापना की है।

4.34 वर्ष के दौरान, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की पीठान्तर्गत बम्बई विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र के प्रोफेसर डा० आर०एम० सबनिस ने 21 जनवरी, 1985 को "वित्तीय संस्थान और भारत में क्षेत्रीय असन्तुलन की समस्या" विषय पर बम्बई विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह सभागार में तीसरा भारतीय औद्योगिक वित्त निगम वार्षिक व्याख्यान दिया। व्याख्यान की अध्यक्ष बम्बई विश्वविद्यालय के उप-कुलपति डा० एम०एस० गोरे ने की।

4.35 बम्बई विश्वविद्यालय की पीठ के तत्वावधान में (क) भारत में मर्चेन्ट बैंकिंग, (ख) विकास बैंकिंग और पिछड़े क्षेत्रों का विकास कुछ अध्ययन-वृत्तान्त और मूल्यांकन और (ग) चीनी उद्योग के विशेष संदर्भ में महाराष्ट्र की सहकारिताओं को प्रदान की गई विकास वित्तीय सहायता का सामाजिक-आर्थिक प्रभाव और (ख) भारत में पट्टा वित्त के क्षेत्रों में अनुसन्धान अध्ययन भी शुरू किए गए हैं।

4.36 भारतीय प्रबन्ध संस्थान, अहमदाबाद की भारतीय औद्योगिक वित्त निगम पीठ के अधीन भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के प्रबन्ध प्रोफेसर, प्रोफेसर एस०टी० कुच्छल ने वर्ष के दौरान "दीर्घकालीन ऋणों पर ब्याज को मूलधन के रूप में बदलने की वित्तीय जटिलताएं और कुछ लेखांकन प्रणालियां" विषय पर अनुसन्धान अध्ययन पूरा किया। इस विषय पर प्रोफेसर कुच्छल द्वारा चौथा सार्वजनिक व्याख्यान 19 सितम्बर, 1985 को दिए जाने की संभावना है। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की पीठ के अधीन प्रोफेसर कुच्छल ने वर्ष 1985-86 के लिए "उर्वरक उद्योग में नई परियोजनाओं का संवर्द्धन" पर एक अनुसन्धान भी शुरू किया। भारतीय प्रबन्ध संस्थान, अहमदाबाद में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की पीठ की स्थापना से लेकर इसके तत्वावधान में 21 अनुसन्धान फैलो लाभान्वित हो चुके हैं जिनमें से 16 ने "भारतीय प्रबन्ध संस्थान का फैलो" उपाधियां भी प्राप्त कर ली हैं।

4.37 गोहाटी विश्वविद्यालय में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के पीठ प्राध्यापक डा० पी०सी० गोस्वामी ने "उत्तर पूर्वी भारत में विकास बैंकिंग का दायित्व" विषय पर अपना अनुसन्धान अध्ययन पूरा किया। अपने अनुसंधान अध्ययन पर आधारित डा० गोस्वामी ने गोहाटी विश्वविद्यालय में "पिछड़ी अर्थव्यवस्था के औद्योगिक विकास की समस्याएं-उत्तर पूर्वी भारत में एक अध्ययन" विषय पर अपना पहला भारतीय औद्योगिक वित्त निगम सार्वजनिक व्याख्यान दिया। व्याख्यान की अध्यक्षता गोहाटी विश्वविद्यालय के उप-कुलपति (स्थानापन्न) प्रोफेसर जे० मेधी द्वारा की गई।

4.38 दिल्ली विश्वविद्यालय में, इन्टरनेशनल मैनेजमेन्ट इन्स्टीटयूट, जेनेवा के भूतपूर्व प्रोफेसर पीटर एफ० रीथ ने 19 अप्रैल, 1985 से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम पीठ पर कार्य प्रारम्भ किया। आशा की जाती है कि प्रोफेसर रीथ के भारतीय औद्योगिक वित्त निगम पीठ पर कार्य प्रारम्भ करने से 1985-86 के दौरान इसकी गतिविधियां तेज हो जाएंगी।

4.39 कलकत्ता विश्वविद्यालय में पीठ से सम्बन्धित सहमति ज्ञापन को वर्ष के दौरान संशोधित किया गया ताकि पीठ के अधीन विशिष्टता का मापदण्ड किसी व्यक्ति के अधीन न बनाकर जैसी कि पहले परिकल्पना की गई थी, "विशिष्ट परियोजना" के अधीन बनाया जा सके। पीठ के अधीन कलकत्ता विश्वविद्यालय ने "पश्चिम बंगाल में हल्के इंजीनियरिंग उद्योग में पूंजी-उत्पादन अनुपात का व्यवहार और इसका रुग्णता पर प्रभाव" है। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने अनुसन्धान अध्ययन की रूपरेखा का अनुमोदन प्रदान कर दिया है और इस परियोजना के अगले लगभग 18 महीनों की अवधि में पूरा हो जाने की संभावना है।

4.40 मद्रास विश्वविद्यालय में यद्यपि भारतीय औद्योगिक वित्त निगम पीठ की स्थापना 1982 में की गई थी परन्तु अभी तक यह खाली पड़ी है। मद्रास विश्वविद्यालय के साथ यह मामला निरन्तर विचाराधीन है।

(ii) विशेष अनुसन्धान अध्ययन, रिपोर्ट आदि

4.41 वर्ष के दौरान, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम सहित अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा पहले से प्रायोजित, भारतीय प्रबन्ध संस्थान अहमदाबाद द्वारा "रुग्ण औद्योगिक परियोजनाओं में प्रबन्ध परिवर्तन" विषय पर शुरू किया गया अध्ययन कार्य पूरा किया गया। अध्ययन के दौरान प्राप्त हुए निष्कर्षों को अब चालू वर्ष में अन्तर-संस्थानात्मक स्तर पर विचार-विमर्श किए जाने का प्रस्ताव है।

प्रवर्तन गतिविधियों के वित्तपोषण के लिए साधन

4.42 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की प्रवर्तन गतिविधियों का वित्तपोषण या तो दानव्य आरक्षित निधियां ब्याज अन्तर अन्य निधियों से किया जा रहा है।

4.43 दानव्य आरक्षित निधि की स्थापना 1972-73 में की गई जिसमें भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के लाभों में से 30 जून, 1984 तक 412.00 लाख रुपये की राशि अन्तरित की गई है। 30 जून, 1985 को समाप्त हुए वर्ष के लिए निधि को 50.00 लाख रुपये की राशि अन्तरित की गई जिसके परिणामस्वरूप जून, 1985 को समाप्ति में इस निधि को अन्तरित कुल राशि 462.00 लाख रुपये हो गई और इसमें से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की विभिन्न प्रवर्तन गतिविधियों के अधीन उक्त तारीख तक 291.46 लाख रुपये की राशि का उपयोग किया जा चुका था।

4.44 ब्याज अन्तर अन्य निधियां, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा निगम के साथ हुए ऋण करारों की शर्तों के अधीन क्रेडिटान्स्टाल्ट फर वाइडरॉफबाऊ से लिए गए ऋणों पर क्रेडिटान्स्टाल्ट फर वाइडरॉफबाऊ, भारत सरकार और जर्मन संघीय गणराज्य को अदा किए गए ब्याज के अन्तर के कारण भारत सरकार से प्राप्त हुई राशियों की द्योतक हैं। 30 जून, 1984 तक भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को ब्याज अन्तर अन्य निधियों के अधीन ऋणों और अनुदानों के रूप में 1,195.10 लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई थी। वर्ष के दौरान अनुदान के रूप में 110.00 लाख रुपये की राशि और ऋणों के रूप में 90.00 लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई। 30 जून, 1985 की स्थिति के अनुसार ब्याज अन्तर अन्य निधियों में कुल आबंटन 1,395.10 लाख रुपये हो गया जिसमें से निगम की विभिन्न प्रवर्तन गतिविधियों के लिए 1,135.53 लाख रुपये की राशि का उपयोग किया जा चुका था।

बोर्ड अन्तरसंस्थानात्मक समन्वय, कार्मिक, आदि

निदेशक बोर्ड की बैठकें

5.01 वर्ष के दौरान, निदेशक बोर्ड की 12 बैठकें हुई, जिनमें से 8 नई दिल्ली में, एक प्रबन्ध विकास संस्थान (प्र०वि०सं०) गुड़गांव के परिसर में तथा एक-एक बंगलौर, कलकत्ता तथा त्रिवेन्द्रम में हुईं।

निदेशक बोर्ड में परिवर्तन

5.02 औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 10(1) (ड) के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार ने श्री एम०एल० कपूर के स्थान पर

भारत सरकार, उद्योग मंत्रालय, औद्योगिक विकास विभाग, नई दिल्ली के अपर सचिव, श्री पी० मुरारी को अधिसूचना सं० एफ 7/9/85 बी० ओ०आई०, दिनांक 11 मार्च, 1985 के द्वारा निगम के बोर्ड में निदेशक के रूप में नियुक्त किया।

5.03 औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 10(1) (कक) के अन्तर्गत भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने डा० जे०सी० संदेसारा, तथा श्री एस०के० दत्ता के स्थान पर क्रमश: डॉ० वी० आर० पंचमुखी, निदेशक, गुटनिरपेक्ष तथा अन्य विकासशील देशों के हितार्थ अनुसंधान संस्थान तथा सूचना प्रणाली, नई दिल्ली तथा श्री एन० वघुल, प्रबन्ध परामर्शदाता को क्रमश: 30 नवम्बर, 1984 तथा 1 जुलाई, 1985 से नामित किया।

5.04 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के शेयर धारियों की 22 अक्तूबर, 1984 को आयोजित 36वीं वार्षिक महासभा में श्री पी०सी० डी० नाम्बियार के स्थान पर अनुसूचित बैंकों का प्रतिनिधित्व करने के लिए श्री ए०एस० पुरी, प्रबन्ध निदेशक, भारतीय स्टेट बैंक को औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 10(1) (ग) के अन्तर्गत निदेशक के रूप में निर्वाचित किया गया। इस के अतिरिक्त, दो विशेष महासभाएं 11 जनवरी, 1985 तथा 22 मई, 1985 को आयोजित की गई जिनमें (क) श्री जी०वी० कपाड़िया, जिन्होंने 24 नवम्बर, 1984 को त्यागपत्र दे दिया था, के स्थान पर, श्री एस०के० सेठ, प्रबन्ध निदेशक, साधारण बीमा निगम को औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 10(1)(घ) के अधीन निर्वाचित किया तथा, (ख) श्री एस०एल० बालूजा, के स्थान पर, जिन्होंने 30 मार्च, 1985 को त्यागपत्र दे दिया था, अनुसूचित बैंकों का प्रतिनिधित्व करने के लिए श्री जे०एस० वार्ष्णेय, अध्यक्ष व प्रबन्ध निदेशक, पंजाब नेशनल बैंक को औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 10(1)(ग) के अधीन निर्वाचित किया गया।

5.05 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम का निदेशक बोर्ड श्री एस०एल० कपूर, डा० जे०सी० संदेसारा, श्री एस०के० दत्ता, श्री पी०सी० डी० नाम्बियार, श्री जी०वी० कपाड़िया तथा श्री एस०एल० बालूजा द्वारा भारतीय औद्योगिक वित्त निगम से निदेशक के रूप में सम्बद्ध रहने के दौरान की गई अमूल्य सेवाओं तथा उनके योगदान की अति प्रशंसा करता है।

तकनीकी सलाहकार समितियां

5.06 वर्ष के दौरान भाऔविनि की चीनी, वस्त्र, जूट, इंजीनियरिंग, होटल, रसायन प्रक्रिया, तथा समवर्गीय उद्योगों से सम्बन्धित स्थायी सलाहकार समितियों से जब भी विशिष्ट परियोजना प्रस्तावों पर राय मांगी गई, उन्होंने अपनी विशेष सलाह दी। इसके अतिरिक्त, विशिष्ट क्षेत्रों के सलाहकारों के तदर्थ समूह की बैठकें भी, विशिष्ट प्रस्तावों पर उनकी विशेष सलाह प्राप्त करने के लिए आयोजित की गई।

राज्य सलाहकार समितियां

5.07 वर्ष के दौरान, राज्य सलाहकार समितियों की आठ बैठकें, उड़ीसा, तमिलनाडु, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, केरल, बिहार तथा पश्चिम बंगाल राज्यों की राजधानियों में आयोजित की गई। इन बैठकों ने भाऔविनि के राज्य सरकारों के प्राधिकरणों, राज्य-स्तरीय संस्थानों, बैंकों, चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स, उद्योग संघों, संयुक्त, सरकारी तथा सहकारी क्षेत्रों के उद्योगों के प्रतिनिधियों, अर्थशास्त्रियों, तथा अन्य सम्बद्ध तथा सहयोगी संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ अच्छे सम्बन्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। यह बैठकें भाऔविनि को अपने योगदान और गतिविधियों के सम्बन्ध में बेहतर जानकारी देने और उनका मूल्यांकन करने में अच्छी सहायक हुई तथा सम्बन्धित राज्यों में उद्योग तथा औद्योगीकरण की समस्याओं और सम्भावनाओं की तत्काल जानकारी भी प्राप्त हुई। भाऔविनि के क्षेत्रीय तथा शाखा कार्यालयों के मुख्य अधिकारियों ने राज्य सलाहकार समितियों के पदेन सचिवों की हैसियत से समितियों के सदस्यों के साथ पूरे वर्ष सम्पर्क बनाए रखा।

राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर के संस्थानों के साथ समन्वय

5.08 1984-85 के दौरान, आयोजित अन्तर-संस्थानात्मक तथा वरिष्ठ कार्यपालकों की क्रमश: 12 तथा 21 बैठकों के द्वारा राष्ट्रीय स्तर के वित्तीय संस्थानों के बीच अन्तर-संस्थानात्मक समन्वय बनाए रखा गया। वर्ष की समाप्ति से कुछ पूर्व, रुग्ण औद्योगिक यूनिटों के पुनर्स्थापन प्रस्तावों पर विचार करने के लिए भारतीय औद्योगिक पुन-निर्माण बैंक के तत्वावधान में एक अन्य मंच 'अन्तर-संस्थानात्मक पुन-र्स्थापन बैठक' का भी प्रतिपादन किया गया।

5.09 भाऔविनि ने अन्तर-संस्थानात्मक समूहों, राज्य स्तरीय समन्वय समितियों, राज्य स्तरीय मार्गदर्शन तथा अनुवर्तन समितियों, आदि की बैठकों में अपने क्षेत्रीय तथा शाखा कार्यालयों के मुख्य अधि-कारियों के माध्यम से भाग लेकर राज्य स्तर पर समन्वय बनाए रखा।

अन्तरराष्ट्रीय स्तरों पर भागीदारी

5.10 भाऔविनि ने विदेश के अन्य विकास वित्त संस्थानों, विशेषकर, विश्व बैंक, एशियन विकास बैंक, क्रेदितांस्तल्त-फर-वाइडरफबाऊ (के० एफ० डब्ल्यू०) तथा कई संगठनों, जैसे, एशिया तथा प्रशान्त में विकास वित्त संस्थानों की संस्था (ए०डी०एफ०आई०ए०पी०), आर्थिक विकास संस्थान (ई०डी०आई०), अन्तरराष्ट्रीय विकास के लिए जर्मन संस्था, आदि के साथ घनिष्ठ सम्पर्क तथा सम्बन्ध बनाए रखे।

5.11 भाऔविनि के लिये यह गौरव का विषय रहा कि इसके अध्यक्ष श्री डी०एन० डावर को वियना (आस्ट्रिया) में 29 नवम्बर, 1984 को आयोजित अन्तरराष्ट्रीय सेमिनार "भारत-सुअवसर स्थल", जिसका प्रायोजन आस्ट्रिअिश लैंडर बैंक, आस्ट्रिया, आस्ट्रिया में स्थित भारतीय दूतावास तथा भारतीय निवेश केन्द्र, फ्रैंकफर्ट द्वारा किया गया था, में भाग लेने के लिये आमंत्रित किया गया। श्री डावर ने भागीदारों को 'भारत में औद्योगिक परियोजनाओं तथा विदेशी व्यापार को वित्त-पोषण सहायता' विषय पर व्याख्यान दिया। इस सेमिनार से भारतीय अर्थव्यवस्था, आर्थिक सहयोग के लिए संभावनाओं तथा भारत में उद्योग की प्रगति और विकास के लिए प्रोत्साहनों के विषय में अत्यधिक जाग-रूकता उत्पन्न हुई।

5.12 भाऔविनि ने "अन्तरराष्ट्रीय आर्थिक तथा वित्तीय प्रणाली और समस्याएं" विषय पर विज्ञान भवन, नई दिल्ली में 17 दिसम्बर से 19 दिसम्बर, 1984 तक आयोजित अन्तरराष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन में भी भाग लिया। यह सम्मेलन विकासशील देशों से मुख्यत: तथा सीधे तौर पर सम्बन्धित मामलों पर केन्द्रित था तथा चर्चा के मुख्य विषय, अन्तरराष्ट्रीय रिजर्व निधि पहल, विशेष आहरण अधिकार सहित समा-योजन तथा वित्त, अन्तरराष्ट्रीय विकास एजेंसी तथा अन्य रियायती निधियों सहित शासकीय पूंजी प्रवाह, अन्तरराष्ट्रीय बैंकिंग तथा ऋण समस्याएं, अन्तरराष्ट्रीय व्यापार प्रणाली, और विनिमय दर प्रणाली आदि, रहे।

5.13 भाऔविनि के कई वरिष्ठ कार्यपालकों ने यू०के०, अमरीका, बेल्जियम, टोकियो, जर्मन संघीय गणराज्य, आदि का दौरा किया तथा सम्बन्धित वित्तीय संस्थानों, बैंकों, सिक्योरिटी कम्पनियों, आदि के साथ आपसी हित के मामलों, विशेषकर भाऔविनि के विदेशी मुद्रा स्रोतों को बढ़ाने के सम्बन्ध में चर्चा की। भाऔविनि के एक महाप्रबन्धक ने, न्यूजप्रिंट के निर्माण के लिए स्याही-विलोपन प्रौद्योगिकी के मूल्यांकन के लिए यूरोप तथा अमरीका का दौरा किया।

एशिया और प्रशान्त में विकास वित्तीय संस्थानों की एसोसिएशन का आठवां वार्षिक सम्मेलन

5.14 एशिया और प्रशान्त में विकास वित्तीय संस्थानों की एसो-सिएशन का आठवां वार्षिक सम्मेलन 7 मई से 10 मई, 1985 तक

इस्तानबुल (टर्की) में आयोजित किया गया। भाऔविनि ने संस्थापक सदस्य होने के नाते इस सम्मेलन में अध्यक्ष, श्री डी०एन० डावर के माध्यम से प्रतिनिधित्व किया। श्री डी०एन० डावर ने "विकास वित्तीय संस्थानों के वित्तीय परिचालनों में सुधार-भारतीय अनुभव" विषय पर एक लेख भी प्रस्तुत किया। इस सम्मेलन ने जिसका मुख्य विषय "आर्थिक सामाजिक वातावरण में परिवर्तनों के संचालन के बीच विकास वित्तीय संस्थानों की प्रबन्ध व्यवस्था को मजबूत बनाना था, भागीदार विकास वित्तीय संस्थानों में उल्लेखनीय रुचि उत्पन्न की, तथा उन्हें आपस में अनुभव बांटने का अवसर प्रदान किया।

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम रजत जयन्ती स्मृति व्याख्यान

5.15 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने 18 दिसम्बर, 1984 को अपना चौथा रजत जयन्ती स्मृति व्याख्यान आयोजित किया, जो प्रो० इसाम मियाजाकी, अध्यक्ष, डायवा सिक्योरिटीस रिसर्च इन्स्टीटयूट, कियो। द्वारा "सरकारी तथा प्राइवेट क्षेत्र में सम्बन्ध-जापानी अनुभव" विषय पर दिया गया। व्याख्यान की अध्यक्षता श्री पी०के० कौल, तत्कालीन सचिव (बैंकिंग), तथा अब, कैबिनेट सचिव, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा की गई। व्याख्यान का मूलभूत विषय, जापान को युद्ध उपरान्त दबाव से उच्च आर्थिक प्रगति की ओर ले जाने वाला कौशल था। इसमें उस पद्धति का क्रमिक रूप से संजीव विवरण दिया गया जो जापान सरकार ने डिजाइन तथा नीति के सम्बन्ध में अपनाई थी तथा जो परिवर्तनशील वातावरण की कसौटी पर खरी उतरी। व्याख्यान में 'गतिशील तुलनात्मक लाभ सिद्धान्त की परिकल्पना का भी सजीव विवरण दिया गया जो जापान ने 'स्थिर तुलनात्मक लाभ संकल्पना' की तुलना में अपनाई, जिसने जापान को विश्व के अन्य उन्नत देशों के समकक्ष पहुंचाने में मदद की।

संगठनात्मक विकास

5.16 वर्ष के दौरान, भाऔविनि के उच्च प्रबन्धकीय ढांचे में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। वर्ष के दौरान, केवल भाऔविनि के वर्तमान पुणे कार्यालय को पहली जुलाई, 1985 से एक पूर्ण शाखा का दर्जा दिए जाने का निर्णय लिया गया। यह निर्णय कार्यान्वित हो गया है तथा अब भाऔविनि के नई दिल्ली स्थित प्रधान कार्यालय के अतिरिक्त 8 क्षेत्रीय कार्यालय, यथा, बम्बई, कलकत्ता, नई दिल्ली, मद्रास, कानपुर चण्डीगढ़, हैदराबाद तथा गुवाहाटी में तथा 8 शाखा कार्यालय, यथा, बंगलौर, भोपाल, भुवनेश्वर, कोचीन, जयपुर, पटना, अहमदाबाद तथा पुणे में हैं।

5.17 वर्ष के दौरान, भाऔविनि ने अपने कारोबार की बढ़ती हुई मात्रा तथा उसकी जटिलताओं तथा अन्य विभिन्न परिचालन आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर अपने संगठनात्मक ढांचे/संरचना की समीक्षा के लिए एक अध्ययन करवाने का निश्चय किया। यह अध्ययन कार्य, श्री आर०पी० गोयल, भूतपूर्व अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक, कर रहे हैं।

मानवीय साधन और विकास

5.18 जून, 1985 की समाप्ति के समय भारतीय औद्योगिक वित्त निगम में (इसके क्षेत्रीय तथा शाखा कार्यालयों सहित) 1064 कर्मचारी कार्यरत थे जिनमें 151 कर्मचारी अनुसूचित जाति/जनजाति के थे। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों, शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों, भूतपूर्व सैनिकों, आदि की भर्ती अथवा पदोन्नति करते समय मापदंडों में ढील प्रदान करने की नीति अपनाए रखी।

5.19 मानवीय साधनों के विकास की महत्ता को ध्यान में रखकर भाऔविनि ने वर्ष के दौरान अपने कार्मिकों के विकास तथा प्रशिक्षण आवश्यकताओं की ओर उल्लेखनीय ध्यान दिया। भाऔविनि के प्रशिक्षण कक्ष ने 1984-85 में, पिछले वर्ष के 28 की तुलना में 37 इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जिनसे 661 स्टाफ सदस्य, 97 वरिष्ठ अधिकारी, 269 कनिष्ठ अधिकारी, 273 कर्मकार स्टाफ तथा 22 अधीनस्थ स्टाफ कैडर के सदस्य लाभान्वित हुए। इन कार्यक्रमों का प्रमुख उद्देश्य स्टाफ के सदस्यों की व्यावसायिक कुशलता को बढ़ाना तथा उनमें सही एवं सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना था।

5.20 भाऔविनि विभिन्न व्यावसायिक निकायों द्वारा प्रदान की गई प्रशिक्षण सुविधाओं का भी लाभ उठाता रहा। वर्ष के दौरान, भाऔविनि ने देश में व्यावसायिक संस्थानों द्वारा आयोजित 28 कार्यक्रमों में 31 स्टाफ सदस्यों और प्रबन्ध विकास संस्थान तथा विकास बैंकिंग केन्द्र द्वारा आयोजित 15 कार्यक्रमों में 26 स्टाफ-सदस्यों को भेजा। भाऔविनि के दो अधिकारी अन्तरराष्ट्रीय बैंकिंग पाठ्यक्रम में भाग लेने के लिए लंदन (यू०के०) में भी भेजे गए।

5.21 प्रबन्ध विकास संस्थान के विकास बैंकिंग केन्द्र ने भाऔविनि के स्टाफ के लिए, दो विशेष इन-कम्पनी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जिनमें क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों के सदस्यों सहित, 58 स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया।

5.22 वर्ष के दौरान, गहन इन-हाउस तथा कार्य सम्बन्धी प्रशिक्षण तथा 'स्टाफ सुझाव योजना' के अन्तर्गत स्टाफ द्वारा दिए गए सुझावों पर, संगठन की समग्र उत्पादकता में सुधार लाने के लिए पूर्ण विचार-विमर्श करने के उपरान्त, पहले की भांति ही स्टाफ के उन सदस्यों को नकद पुरस्कार/शंसा पत्र दिए गए जिनके सुझावों को सुझाव योजना समिति द्वारा सर्वोत्तम समझा गया।

कार्य-निष्पादन मूल्यांकन प्रणाली की समीक्षा

5.23 वर्ष के दौरान, भाऔविनि ने अपनी कार्य-निष्पादन मूल्यांकन प्रणाली को और अधिक उद्देश्यपरक आवश्यकता आधारित तथा परिणामोन्मुख बनाने के लिए उस की समीक्षा की। समीक्षा के आधार पर अधिकारियों तथा अन्य स्टाफ के विभिन्न कैडरों के कार्य-निष्पादन मूल्यांकन के लिए नए प्रपत्रों को निर्धारित किया गया। नई प्रणाली में मूल्यांकन अधिकारी द्वारा किए गए 'स्व-मूल्यांकन' तथा मूल्यांकन कर्मचारी की प्रशिक्षण व विकास आवश्यकताओं पर विशेष बल दिया गया है। कार्य-निष्पादन के मूल्यांकन के लिए मूल्यांकन अधिकारी के पद तथा कार्य-दायित्वों के सम्बन्ध में नई विशेषताओं का अभिनिर्धारण किया गया।

इलैक्ट्रानिक डाटा प्रोसेसिंग कक्ष का सृजन

5.24 भाऔविनि ने वर्ष के दौरान विशिष्ट क्षेत्रों में भाऔविनि के परिचालनों के कंप्यूटरीकरण के लिए एक इलैक्ट्रॉनिक डाटा प्रोसेसिंग कक्ष की स्थापना की। भाऔविनि में कंप्यूटर आधारित प्रणालियों से सम्बन्धित व्यवहार्यता रिपोर्ट मैसर्स ए०एफ० फर्गसन एंड कम्पनी द्वारा तैयार की गई। व्यवहार्यता रिपोर्ट में दी गई सिफारिशों को ध्यान में रख कर तथा स्वयं मूल्यांकन करने के बाद भाऔविनि ने वर्ष के दौरान अत्याधुनिक आई०सी०आई०एम० 6040 कम्प्यूटर की व्यवस्था करने का निर्णय लिया।

5.25 भाऔविनि के प्रधान कार्यालय में कम्प्यूटर-आधारित प्रणालियों के लिए प्रस्तावित, परिचालनों के विभिन्न क्षेत्र हैं: वित्तीय लेखांकन, विदेशी मुद्रा ऋण लेखांकन कंप्यूटरीकृत प्रबन्ध सूचना प्रणाली के लिए परिचालन सांख्यिकी डाटा बेस, परियोजना मूल्यांकन के लिए वित्तीय डाटा विश्लेषण, वेतन रोल तथा स्थापना लेखांकन, तथा कार्मिक व प्रशासनिक रिकार्ड। प्रारम्भ से ही, भाऔविनि के दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय का रुपया ऋण लेखांकन, वित्तीय लेखांकन वेतन रोल तथा स्थापना लेखांकन भी साथ-साथ कम्प्यूटर प्रणाली द्वारा होगा। भाऔविनि के अन्य क्षेत्रीय कार्यालयों को भी प्रधान कार्यालय की मुख्य कम्प्यूटर प्रणाली के साथ क्रमिक रूप में जोड़ने का प्रस्ताव है।

नियोक्ता-कर्मचारी सम्बन्ध

5.26 सम्पूर्ण वर्ष के दौरान नियोक्ता-कर्मचारी सम्बन्ध सौहार्द और सद्भाव पूर्ण बने रहे।

5.27 इम्पलाइज एसोसिएशन द्वारा प्रस्तुत मांग-पत्र के सम्बन्ध में की गई बातचीत के परिणामस्वरूप 30 मई, 1985 को प्रबन्धकवर्ग तथा इम्पलाइज एसोसिएशन के बीच, सरकार द्वारा प्रदत्त मंजूरी के अनुरूप, लिपिकीय तथा अधीनस्थ स्टाफ के वेतनमानों तथा भत्तों, आदि के संशोधन से सम्बन्धित समझौता-ज्ञापन निष्पादित किया गया। इस समझौता ज्ञापन से 700 से अधिक कर्मकार कर्मचारी लाभान्वित हुए।

कार्य समय

5.28 केन्द्रीय सरकार की नीति से सामंजस्य रखते हुए भाओविनि ने 3 जून, 1985 से अपने सभी कार्यालयों में शनिवार अवकाश सहित, प्रति सप्ताह पांच दिन का कार्यसमय, निर्धारित किया।

कर्मचारी कल्याण

5.29 सभी कर्मचारियों के लिए "सामाजिक "सुरक्षा" "आवास" तथा "चिकित्सा परिचर्या", भाओविनि की कल्याण गतिविधियों के आधारभूत लक्ष्य रहे। भाओविनि के सभी पूर्णकालिक कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा तथा सामूहिक वैयक्तिक दुर्घटना बीमा योजनाओं को लागू करना जारी रखा गया ताकि उन व्यक्तियों के परिवारों, जिनकी मृत्यु सेवाकाल में हो जाये तथा किसी चोट/दुर्घटना, आदि के कारण विकलांग हुए कर्मचारियों को राहत प्रदान की जा सके। स्टाफ को अधिकतम आवास सुविधाएं, स्टाफ कालोनियों/रिजिडेंशियल हाउसिंग काम्पलेक्स, बिल्डी/पट्टे के आधार पर प्लैटों के अधिग्रहण तथा पहले से अधिग्रहीत भूमि पर स्टाफ क्वार्टरों के निर्माण द्वारा, प्रदान करना जारी रखा गया।

5.30 प्रधान कार्यालय तथा सभी क्षेत्रीय तथा शाखा कार्यालयों में नियुक्त 'अंशकालिक चिकित्सा अधिकारियों' ने, वर्तमान स्टाफ सदस्यों तथा उनके आश्रितों के अतिरिक्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों तथा उनके पति/पत्नियों को भी, निर्धारित समय के दौरान चिकित्सा परिचर्या प्रदान करनी जारी रखी।

5.31 स्टाफ कल्याण निधि से तथा भाओविनि स्टाफ कल्याण विनियमों के अनुसार स्टाफ सदस्यों को स्व-विकास हेतु तथा अपने, आश्रित पुत्रों तथा पुत्रियों के विवाह, और टिकाऊ घरेलू सामान खरीदने, आदि के लिए ऋण दिए गए। इसके अतिरिक्त, कर्मचारियों के बच्चों को योग्यता के आधार पर छात्रवृत्तियां देने, खेल और मनोरंजन क्लबों को अनुदान देने तथा शिमला, श्रीनगर, पुरी, ऊटी, गोआ, बंगलौर तथा दार्जिलिंग में स्थित सात अवकाशगृहों तथा भाओविनि स्टाफ कालोनी पश्चिम विहार, नई दिल्ली में स्थित शिशु-गृह के रख-रखाव पर 2.94 लाख रुपये का व्यय किया गया।

5.32 भाओविनि ने वार्षिक खेल प्रतियोगिता, प्रारम्भिक रूप में क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों में तथा अन्तिम रूप में राष्ट्रीय स्तर पर चुने गए व्यक्तियों/टीमों के बीच, करवाने का निर्णय लिया है।

जन सम्पर्क

5.33 भाओविनि के प्रधान कार्यालय स्थित जन सम्पर्क विभाग ने वर्ष के दौरान, भाओविनि के कार्य निष्पादन, विभिन्न स्थानों पर इसकी सलाहकार समितियों की बैठकों, बांड निर्गम तथा विदेशी मुद्रा जुटाने, आदि से सम्बन्धित 21 प्रेस सूचनाएं जारी की। इसने आन्तरिक परिचालन के लिए प्रतिमास 'इकनामिक एंड फाइनैंशियल न्यूज डाइजेस्ट' निकालना भी जारी रखा तथा वर्ष के दौरान भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के अनेक प्रकाशन निकालने में सहायक रहा।

चीनी सहकारिताओं का सम्मेलन

5.34 जन सम्पर्क विभाग ने भाओविनि के बंगलौर शाखा कार्यालय के सक्रिय सहयोग से भाओविनि वित्तपोषित चीनी सहकारिताओं का दो दिवसीय सम्मेलन 27 तथा 28 अप्रैल, 1985 को बंगलौर में आयोजित किया। इस सम्मेलन का उद्घाटन माननीय वित्त राज्य मंत्री, भारत सरकार, श्री जनार्दन पुजारी द्वारा किया गया जिन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में, सहकारी चीनी उद्योग क्षेत्र में प्रबन्धकीय कौशल के उन्नयन की आवश्यकता पर बल दिया ताकि चीनी उद्योग में बढ़ती हुई स्पर्धा का सामना किया जा सके। सम्मेलन में समापन भाषण माननीय कृषि मंत्री, कर्नाटक सरकार, श्री एम०पी०प्रकाश द्वारा दिया गया जिसमें उन्होंने भागीदारों को याद दिलाया कि "चीनी फैक्टरियों के बजाय खेतों में उगती है"। उनके अनुसार चीनी सहकारिताओं को एक महत्वपूर्ण तथा मुख्य भूमिका अदा करनी है बशर्ते कि उनका प्रबन्ध सही तथा स्वस्थ दिशा में हो।

